CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 08°C

हल्द्वानी, मंगलवार 17 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 200 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है: अखिलेश यादव पेज 2



रिषभ की एक और शानदार पारी, उत्तर क्षेत्र बना जेके बोस ट्रॉफी चैम्पियन खेल टाइम्स



गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था सम्पादकीय



ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प पेज 12



श्रीनगर: इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन को आगंतुकों के लिए खोले जाने के बाद लोग इसे देखने आए।

# ऑस्ट्रेलिया-जापान ने भी नौसेना भेजने से किया इन्कार

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में ईरान के साथ लगातार बढ़ते तनाव के कारण तेल सप्लाई का यह मुख्य समुद्री रास्ता (होर्मुज स्ट्रेट) बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने करीब सात देशों से होर्मुज स्ट्रेट में अपने युद्धपोत तैनात करने की मांग की है।

ट्रम्प चाहते हैं कि ये देश अपनी नौसेना भेजकर इस रास्ते की सुरक्षा करें। हालांकि, अमेरिका के करीबी सहयोगियों ने इस मांग पर बहुत ही सावधानी भरा रुख अपनाया है और कुछ ने तो इससे साफ इन्कार कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस क्षेत्र में नौसैनिक सहायता देने से मना कर दिया है। कैबिनेट मंत्री कैथरीन किंग ने बताया कि यह समुद्री रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पास जहाज भेजने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास इस संबंध में कोई औपचारिक अनुरोध नहीं आया है। मामले पर जापान का रुख भी कुछ ऐसा ही है।




■ **फीकी पड़ी ट्रम्प की अपील, होर्मुज में नहीं मिला किसी का साथ**

## दुबई हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद उड़ानें निलंबित

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को ड्रोन हमले के बाद उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने हवाई अड्डे के पास आग लगने की घटना के बाद एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में परिचालन रोक दिया।

दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम यात्रियों एवं हवाई अड्डे के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ानों के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें, स्थिति की समीक्षा करने के बाद आधिकारिक चैनलों के माध्यम से आगे की जानकारी दी जाएगी। ड्रोन हमले के कारण हवाई अड्डे की सीमा के पास आग लग गई, जिसे आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत बुझा दिया।

## 27वां रोज़ा
### माहे रमज़ान की रुखसत का पैगाम



आज सत्ताईसवां रोज़ा है। कल छब्बीसवां रोजा और शबे-कद्र (सत्ताईसवीं रात) साथ-साथ थे। यहां यह बात जानना ज़रूरी है कि छब्बीसवां रोज़ा जिस दिन होगा, उसी शाम गुरुबे-आफताब के बाद सत्ताईसवीं रात यानी शबे-कद्र भी शुरू हो जाएगी। छब्बीसवें रोज़े के साथ ताक रात यानी शबे-कद्र आएगी ही। सत्ताईसवां रोज़ा, तो वैसे भी दोज़ख से निजात के अशरे में अपनी अहमियत रखता ही है। सत्ताईसवां रोज़ा दरअसल रोज़ेदार को दोहरे सवाब का हकदार बना रहा है। इस्लाम मजहब में जुमा (शुक्रवार) इबादत और इज्तिमाई नमाज खास दिन माना जाता है। हदीस-शरीफ में है कि जुमे के दिन ही हजरत आदम (अलैहिस्सलाम) को जन्नत से दुनिया में भेजा गया। उन्हें वापस जन्नत भी जुमे के दिन मिली।

# जंग के बीच भारत को बड़ी राहत

## भारतीय जहाज शिवालिक 46 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। एलपीजी गैस लेकर आने वाला भारतीय जहाज शिवालिक सुरक्षित तरीके से गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था।

मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी गैस लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। इस जहाज के सुरक्षित पहुंचने को ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल के दिनों में क्षेत्र में तनाव के कारण समुद्री मार्ग पर जोखिम बढ़ गया था। यह एलपीजी टैंकर रविवार शाम करीब पांच बजे मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। जहाज लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है। यह गैस भारत के घरेलू आपूर्ति नेटवर्क में भेजी जाएगी। शिवालिक एक बहुत बड़ा गैस वाहक जहाज है, जिसे शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया संचालित करता है। यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया भर में तेल और गैस की करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। इसलिए इस मार्ग पर किसी भी तरह का तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। भारत भी अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस समुद्री रास्ते पर काफी हद तक निर्भर है।



**जहाज नंदा देवी करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी और दूसरा जहाज जग लाडकी करीब 81 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर आ रहे**

### रिफाइनरियां पूरी क्षमता पर, भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा रहा: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति लागू की है। सरकार ने अपने ताजा बयान में बताया कि एक ओर ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मोर्चे पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सामान्य है और देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि मौजूदा वैश्विक तनाव का भारत की ईंधन आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। पेट्रोल पंपों पर कामकाज पूरी तरह से सामान्य है और देश के किसी भी हिस्से से ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरियाणा पुलिस ने पिछले साल प्रोफेसर महमूदाबाद को किया था गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनके सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चल रही आपराधिक कार्यवाही समाप्त कर दी।

इससे पहले हरियाणा सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया था कि उसने प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी देने से इन्कार कर दिया है। हरियाणा पुलिस ने पिछले साल मई में प्रोफेसर महमूदाबाद को गिरफ्तार किया था। यह मामला प्रोफेसर महमूदबाद के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा था, जिसमें उन पर भारत में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले बर्ताव को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ टिप्पणियां करने का आरोप था। ये टिप्पणियां 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस ब्रीफिंग का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ के संदर्भ में की गई थीं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस मामले का निपटारा करते हुए कहा कि हमें इस बात पर शक करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता, जो एक अत्यंत विद्वान प्रोफेसर हैं, भविष्य में भी समझदारी और विवेकपूर्ण तरीके से ही काम करेंगे।

## बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव व डीजीपी को हटाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है।

वहीं, आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा महानिदेशक बनाया गया है। अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और आईजीपी (कानून-व्यवस्था) का पद दिया गया है।

■ **कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत छह अधिकारी बदले**
■ **आयोग बोला: ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे**

## मुरादाबाद में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

**मुरादाबाद (ब्यूरो)।** सोमवार सुबह दिल्ली- लखनऊ राजमार्ग पर सुबह करीब छह बजे मनकरा मोड़ के पास रामपुर से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग फंस गए। थाना पुलिस कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों में एक की पहचान दयाल सिंह रावत पुत्र कुमार पाल, निवासी अपर माल रोड, बीमिला कंपाउंड, पालिवाल, नैनीताल के रूप में हुई है। घायल युवक की पहचान यशदीप पुत्र चंद्रवाला पांडे, निवासी हल्द्वानी के रूप में हुई है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा: क्या दूसरे धर्म के लोगों को भी घर में सामूहिक पूजा से रोका जा सकता है

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रमज़ान के दौरान नमाज़ पर कथित प्रतिबंध को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से कड़ा सवाल करते हुए पूछा कि यदि मुसलमानों को निजी संपत्ति पर नमाज़ पढ़ने से रोका जा सकता है, तो क्या हिंदुओं को भी अपने घरों में सामूहिक पूजा करने से रोका जा सकता है।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ संभल जिले में रमज़ान के दौरान नमाज़ पढ़ने पर लगाए गए कथित प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस श्रीधरन ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि मुसलमानों को अपने घर की छत पर नमाज़ पढ़ने से कैसे रोका जा सकता है? कानून का राज सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार की मांग करता है और संविधान सर्वोपरि है। अदालत ने राज्य सरकार के एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल से पूछा कि क्या मंदिरों में भी इस तरह के प्रतिबंध लगाए जाते हैं। अदालत ने कहा कि यदि हिंदू अपने घरों में पूजा कर रहे हों तो क्या उन्हें भी रोका जा सकता है? इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई कड़ी आपत्ति खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि राज्य केवल तभी हस्तक्षेप कर सकता है, जब धार्मिक गतिविधियां सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक स्थान पर फैलने लगें।

## राज्यसभा चुनाव: बिहार की सभी पांच सीटों पर NDA की जीत



**पटना।** बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे।

मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत की घोषणा कर दी गई। एनडीए के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। जीतने वाले उम्मीदवारों में नीतीश कुमार-जदयू, रामनाथ ठाकुर-जदयू, नितिन नबीन-भाजपा, शिवेश कुमार-भाजपा, उपेंद्र कुशवाहा शामिल है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 202 विधायकों के बल पर अपने पांच उम्मीवार को चुनावी मैदान में उतारा था। इसमें से चार सीट पर तो जीत पहले से तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया। इस कारण पांचवी सीट पर एनडीए बनाम महागठबंधन मुकाबला हो गया।

■ **महागठबंधन की ओर से चार विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे**

# भारत में एक साल के दौरान 24 अरबपति बढ़े, अब 229 हुए

## लक्ष्मी मित्तल रोज 274 करोड़ कमाकर देश के चौथे सबसे अमीर बने

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट के मुताबिक भारत में एक साल के अंदर 24 अरबपति बढ़े हैं। इनकी संख्या 205 से बढ़कर 229 हो गई है। देश के चौथे सबसे अमीर लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल सबसे तेज उछाल देखा गया। उनकी कंपनी आर्सेलर मित्तल के शेयरों में 80 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आने से उनकी कुल दौलत 31 अरब डॉलर, यानी 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है।

पिछले एक साल में उनकी संपत्ति में 20 अरब डॉलर, यानी 1.85 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। इस हिसाब से मित्तल ने सालभर हर दिन औसतन 274 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की है। इस लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल हो गए हैं। भारत के दो सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी (नंबर 1) और गौतम अडानी (नंबर 2) की संपत्ति में भी संयुक्त रूप से 14.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। तीसरे नंबर पर ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल हैं। वे भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं। लिस्ट में 20 भारतीय महिला अरबपति शामिल हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक इस साल टॉप-10 में शामिल हुए हैं। हाल ही में उन्हें पद्म भूषण मिला था। उनकी एंट्री से डीएलएफ के पीछे रहे प्रॉपर्टी डेवलपर कुशल पाल सिंह 12वें नंबर पर खिसक गए। एडटेक प्लेटफॉर्म फिजिक्सवाला के फाउंडर अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी नए अरबपतियों में शामिल हैं। नवंबर में कंपनी के आईपीओ के बाद वे इस क्लब में आए। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा तीन साल बाद फिर लिस्ट में लौटे हैं। पेटीएम के शेयर पिछले साल करीब 60 प्रतिशत चढ़े, हालांकि यह अभी भी आईपीओ की करीब आधी प्राइस पर ट्रेड कर रहे हैं। फोर्ब्स इंडिया ने अपनी पहली रिच लिस्ट 2009 में लॉन्च की थी।



■ **फोर्ब्स लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल**



## संक्षिप्त समाचार

### संत कबीरनगर में सड़क दुर्घटना, दो पत्रकारों की मौत

**संत कबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत नेशनल हाईवे 28 पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो पत्रकारों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने यहां बताया कि गोरखपुर से लखनऊ की ओर जा रही डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई। जहां लखनऊ से गोरखपुर जा रही वैगनआर कार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में वैगनआर में सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैगनआर का चालक अपनी सीट पर फंस गया था। पेट्रोल पंप कर्मियों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से तत्काल जिला चिकित्सालय संतकबीर नगर भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने वैगनार सवार पत्रकार धनंजय पाण्डेय (35), निवासी सरगरिया उर्फ रामनगर, जनपद कुशीनगर और शंभू मिश्रा (45) निवासी लखुआ खुर्द, जनपद कुशीनगर को मृत घोषित कर दिया।

### फरवरी में माल निर्यात बढ़कर 36. 61 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी की तुलना में फरवरी में माल निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज की गई और यह 36.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक महीने पहले यह आंकड़ा 36.56 अरब डॉलर था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आयात. निर्यात के आंकड़े जारी किए। इसमें बताया गया है कि माल आयात जनवरी के 71.24 अरब डॉलर से घटकर फरवरी में 63.71 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार व्यापार घाटा एक महीने पहले के 34.68 अरब डॉलर से कम होकर 27.1 अरब डॉलर पर आ गया।

## मौसम ने मारी पलटी, यूपी के 43 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी

# 17 जिलों में ओले गिरने की चेतावनी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुजफ्फरनगर में ओले गिरे, बिजनौर में आंधी से पेड़ उखड़े, सहारनपुर में पूर्व प्रधान समेत दो की मौत

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर/सहारनपुर।** यूपी में मौसम अचानक बदल गया है। मुजफ्फरनगर में देर रात झमाझम बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे। बिजनौर में तेज आंधी की वजह से पेड़ उखड़ गए। सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे और होर्डिंग्स गिर गए।

सहारनपुर में आंधी की वजह से टीन शेड गिरने से पूर्व प्रधान समेत 2 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने सोमवार को वाराणसी समेत 43 जिलों में हल्की बारिश और 17 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। कई जगह आंधी भी चल सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से मौसम में बदलाव आया है। ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट आई है। इससे पहले कल यानी रविवार को नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत 15 शहरों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। लखनऊ में बूंदाबांदी के साथ धूलभरी आंधी चली। हरदोई और सीतापुर में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों समेत 3 लोग झुलस गए। बारिश, ओले और तेज हवा का असर फसलों पर भी दिखाई दे रहा है। कई इलाकों में खड़ी फसलें झुक गईं। हालांकि लोगों को गर्मी से राहत मिली। पिछले 24 घंटे में बांदा सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 14 मार्च को बांदा का पारा 40 डिग्री पार कर गया था। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने मौसम में हुए बदलाव की वजह बताई। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में सोमवार को भी बारिश के आसार हैं। 40-50 किमी की स्पीड से हवाएं चलेंगी। ओले भी गिर सकते हैं। 2 दिन बाद 19 मार्च से प्रदेश में एक और विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, इससे बारिश-आंधी का दौर शुरू होगा। मुजफ्फरनगर शहर और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ देर रात तेज बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे। बिजनौर में देर रात तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। आंधी में सड़क किनारे लगे पेड़ और होर्डिंग उखड़ गए। कई इलाकों में बिजली कट गई। सहारनपुर में रविवार देर रात तेज आंधी और बारिश हुई।

### सरसावा क्षेत्र में टीन शेड गिरा

सरसावा थाना क्षेत्र के नकुड़ रोड पर टीन शेड गिर गया। इस हादसे में पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भटपुरा के पूर्व प्रधान जयपाल सैनी (55) और नवादा निवासी रामकेश सैनी (56) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों उत्तराखंड में एक पंचायत कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। इससे बचने के लिए दोनों नकुड़ रोड पर एक टीन शेड के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज हवा के कारण टीन शेड अचानक टूटकर सीधे उनके ऊपर गिर गया। भारी शेड के नीचे दबने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बेमौसम बारिश, ओले गिरने और तेज हवाओं से खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

## बच्चों के लिए स्मार्टफोन का प्रयोग खतरनाक

जालोर/लखनऊ, वार्ता



■ सीएम योगी ने मातृशक्ति से सावधान रहने की अपील की

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को रोने या नाराज होने देना बेहतर है, लेकिन उन्हें स्मार्टफोन देना उचित नहीं है।

स्मार्टफोन का अत्यधिक प्रयोग समय की बर्बादी के साथ-साथ आंखों को नुकसान पहुंचाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है और यह डिप्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को जालौर में स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के कई गेम बच्चों और युवाओं को नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। यदि बच्चे इसी समय को अच्छी पुस्तकों के अध्ययन, योग और व्यायाम में लगाएं, तो उनका जीवन अधिक व्यवस्थित और सकारात्मक बन सकता है। योगी ने युवा पीढ़ी को सलाह दी कि स्मार्टफोन का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करें और परिवार के लिए समय अवश्य निकालें। उन्होंने कहा कि भोजन या पूजा के समय फोन से दूरी रखनी चाहिए और बाद में कॉल बैक करना बेहतर है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति भी चिता का विषय है।

## लोकार्पण के तीसरे दिन ही धंसी कॉरिडोर की सड़क

लखनऊ, वार्ता



■ वाह रे डबल इंजन का विकास: अजय राय

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हाल ही में लोकार्पित ग्रीन कॉरिडोर परियोजना की सड़क तीसरे दिन ही धंस जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह घटना श्री खाटू श्यामजी मंदिर के पास हुई, जहां सड़क का एक हिस्सा धंसकर करीब पांच फीट गहरा गड्ढा बन गया। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी इसको लेकर सवाल उठाया है।

उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वाह रे डबल इंजन का विकास! अभी 2 दिन पहले ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में जिस 'ग्रीन कॉरिडोर' का भारी तामझाम के साथ उद्घाटन किया था, वो पहली बारिश भी नहीं झेल पाया। उन्होंने कहा कि श्री खाटू श्याम मंदिर के पास सड़क धंसकर 5 फीट गहरा गड्ढा हो गई। जनता की गाढ़ी कमाई 'सीवर' में जा रही है या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है? मुख्यमंत्री जी, क्या यही आपका गड्ढा-मुक्त प्रदेश है। बताया जा रहा है कि सीवेज लाइन फटने के कारण सड़क धंस गई। स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर निर्माण कार्य और निंगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच की मांग की है।

## भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है चुनाव आयोग: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लागू होने के बाद चुनाव आयोग द्वारा वहां के डीजीपी, पुलिस कमिश्नर सहित एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को हटा दिया गया है। इस मसले को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है। सोमवार को पत्रकारों से बात. चीत में अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश में ऐसा क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी। उन्होंने पूछा कि जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया? सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है। उनका कहना है कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है। इसके साथ ही उन्होंने महंगाई और गैस सिलेंडर के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा।

### भाजपा को लोगों की परेशानी नहीं दिख रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गैस सिलेंडर संकट को लेकर प्रदेश सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में खड़े लोगों की परेशानी साफ दिखाई दे रही है, इसके बावजूद भाजपा यह दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश ने कहा कि परेशान परिवारों व बिलखते बच्चों की हालत देखकर भी अगर सरकार संवेदनशील नहीं हो रही है, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की तकलीफों को नजरअंदाज कर भाजपा झूठ बोल रही है और जमीनी हकीकत से मुंह मोड़ रही है।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को एक बार की राहत देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर वाले कई उपभोक्ताओं की बिजली नेगेटिव बैलेंस के कारण कटने के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने उपभोक्ताओं को एक बार की राहत देने की घोषणा की है। अधिकारियों के अनुसार यह फैसला इसलिए लिया गया है, क्योंकि बड़ी संख्या में उपभोक्ता अभी भी प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली को समझने की प्रक्रिया में हैं, जिसमें बिजली उपयोग करने के लिए पहले से रिचार्ज कराना अनिवार्य होता है। नई व्यवस्था के तहत यदि किसी उपभोक्ता का प्रीपेड बैलेंस शून्य या नेगेटिव होने के कारण बिजली कनेक्शन कट जाता है और वह इतना रिचार्ज कर देता है कि उसका नेगेटिव बैलेंस कम से कम 50 प्रतिशत तक कम हो जाए, तो उसकी बिजली आपूर्ति तीन दिन के लिए दोबारा चालू कर दी जाएगी। यदि इस अवधि में उपभोक्ता का बैलेंस पॉजिटिव नहीं होता है, तो कनेक्शन स्वतः फिर से कट जाएगा। यूपीपीसीएल ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा प्रत्येक उपभोक्ता को केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए वे अपने प्रीपेड खाते में पर्याप्त बैलेंस बनाए रखें। 'रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम' (आरडीएसएस) के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 78 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें करीब 70.5 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। कॉर्पोरेशन के अनुसार स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली से बिजली सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 75502.85
**निफ्टी** 23408.80



**सोना** 156500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 254325
प्रति किलो



## दिग्गज कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स 939 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज और बड़ी कंपनियों में लिवाली से सोमवार को बीएसई का संसेक्स 938. 93 अंक (1.26 प्रतिशत) की बढ़त में 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत ऊपर 23,408.80 अंक पर पहुंच गया। लगातार तीन दिन लुढ़कने के बाद दोनों प्रमुख सूचक. ांक हरे निशान में लौटे हैं।

आज सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ ही देर में ये बढ़त में चले गए। दोपहर बाद ग्राफ तेजी से ऊपर गया। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली तथा छोटी कंपनियों पर दबाव जारी रहा और वृहत बाजार में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.17 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत टूट गया। ऑटो, वित्त, बैंकिंग, एफएमसीजी और धातु समूहों की कंपनियों में जहां लिवाली हुई, वहीं तेल एवं गैस, स्वास्थ्य, फार्मा, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर चार प्रतिशत से अधिक चढ़ा। ट्रेंट में तीन प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटरनल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक मजबूत हुए। भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, इंडिगो, मारुति सुजुकी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर एक से दो प्रतिशत चढ़े। एशियन पेंट्स, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनीलि. वर, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयर भी हरे निशान में रहे। बीईएल का शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक गिर गया। सनफार्मा एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। पावरग्रिड, भारती एयरटेल और एनटीपीसी के शेयर भी टूट गए।

## सोने की चमक फीकी चांदी के दाम भी लुढ़के

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने की चमक थोड़ी फीकी पड़ी है और चांदी के दाम भी लुढ़क गए हैं। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ग्लोबल मार्केट में भी आज सोने-चांदी की कीमतों में कमजोरी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एससीएक्स) पर आज ट्रेडिंग के दौरान सोने और चांदी दोनों में लाल निशान देखा गया। सोना 1,966 की गिरावट के साथ 1,56,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है, वहीं चांदी में बड़ी गिरावट आई है और यह 5,110 टूटकर 2,54,325 पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,58,520 प्रति 10 ग्राम चल रहा है। अगर आप गहने बनवाने के लिए 22 कैरेट सोना खरीदना चाहते हैं, तो इसका औसत भाव 1,45,900 प्रति 10 ग्राम के आसपास है। मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,800 प्रति 10 ग्राम पर है, जबकि कोलकाता में यह 1,58,580 पर बिक रहा है। सोने की खरीदारी करने वालों के लिए आज का दिन मिला-जुला है। देश के प्रमुख शहरों में सोमवार को 24 कैरेट सोने की कीमत की बात करें, तो चेन्नई में सोना सबसे महंगा 1,59,260 के स्तर पर बिक रहा है, वहीं हैदराबाद में इसकी कीमत 1,59,050 और बेंगलुरु में 1,58,920 प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## चावल, चीनी, दालों में तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ दालों और चीनी में भी तेजी रही। वहीं गेहूं में गिरावट देखी गई, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 69 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,811 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा भी 22 रुपये उतर गया। दाल-दलहनों में तेजी रही।

चना दाल औसतन 113 रुपये और तुअर दाल 107 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 96 रुपये और मूंग दाल में 55 रुपये की तेजी रही। उड़द दाल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 82 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,654 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.56 प्रतिशत टूटकर 66.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 65 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 185 रुपये और मूंगफली तेल 83 रुपये फिसल गया। सूरजमुखी तेल में 67 रुपये और सोया तेल में 31 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 87 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया।

चीनी भी 16 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7720.80 रुपये, मसूर काली 8073.80 रुपये, मूंग दाल 10141.97 रुपये, उड़द दाल 10731.21 रुपये, तुअर दाल 11197.75 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2811.44 रुपये और चावल 3849. 69 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3286.21 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.02 रुपये और गुड़ 4994.01 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## डिजिटल कृषि की ओर तेजी से बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री अभियान को तेज गति दी है। इस पहल के जरिए किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ कृषि व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में खरीफ और रबी दोनों सीजन में डिजिटल क्रॉप सर्वे का व्यापक स्तर पर संचालन किया गया है।

इसके तहत राजस्व गांवों में खेतों और फसलों का डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है, जिससे फसल संबंधी सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें और योजनाओं का लाभ किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सके। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के कुल 1,08,935 राजस्व गांवों में से 95,765 गांवों का जियो-रेफरेंसिग कार्य पूरा हो चुका है। इसी आधार पर खरीफ और रबी सीजन में बड़े पैमाने पर खेतों का डिजिटल सर्वे किया गया है। खरीफ सीजन में 5,37,08,511 से अधिक प्लॉट का सर्वे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया, जबकि रबी सीजन में 5,56,44,677 से अधिक प्लॉट का सर्वे पूरा किया जा चुका है। किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान भी मिशन मोड में चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लगभग 2,88,70,495 लाभार्थी हैं। सत्यापन अभियान के बाद 2,31,36,350 से अधिक किसानों का डेटा उपलब्ध हुआ है। इनमें से अब तक 1,67,01,996 से अधिक पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी फार्मर रजिस्ट्री में शामिल हो चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का करीब 72.19 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त लगभग 28,37,162 ऐसे किसानों को भी फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत किया गया है, जो पीएम किसान योजना के लाभार्थी नहीं हैं।

राज्य सरकार का मानना है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा। इससे फसल बीमा, कृषि अनुदान, आपदा राहत और अन्य योजनाओं का लाभ सही किसानों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। सरकार के अनुसार कृषि क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग से उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होता जा रहा है। आने वाले समय में इन पहलों के जरिए किसानों को योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एलपीजी संकट पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार को घेरा

नई दिल्ली, वार्ता



■ तैयारी में नाकाम, खड़गे ने उठाए सवाल, ऐसे हालात में भी विपक्ष कर रहा राजनीति: नड्डा

बजट सत्र के दूसरे चरण में संसद में जमकर हंगामा देखने को मिल रहा है। देश में हो रही एलपीजी की किल्लत को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी की कमी से हा-हाकार मचा हुआ है। इस किल्लत का असर आम लोगों पर हो रहा है। वहीं सरकार की तरफ से इन सभी दावों को खारिज किया गया है।

खड़गे ने कहा कि अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात आज इतने नहीं बिगड़ते। इस पर बीजेपी सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका और याद दिलाया कि ये प्रश्नकाल का समय है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं इस सदन का ध्यान वेस्ट एशिया में जारी तनाव के कारण देश में एलपीजी संकट की ओर दिलाना चाहता हूं। इस संकट से पूरे देश में इससे हा-हाकार मचा हुआ है।

इसका असर गरीब और कमजोर तबकों, मिडिल क्लास, आम घरों, रेस्टोरेंट, होटल पर ज्यादा पड़ रहा है। खड़गे ने कहा कि जब सरकार को पहले से स्थिति का अंदाजा था, तो समय पर जरूरी इंतजाम क्यों नहीं किए गए? उन्होंने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का करीब करीब 60: प्रतिशत आयात करता है। इसमें भी 90 प्रतिशत आयात स्टेट ऑफ होर्मुज के रास्ते होता है। इस लिहाज से मौजूदा हालात गंभीर चिंता का विषय हैं। देश के करीब हर हिस्सों में इसका असर पड़ रहा है, घरों में लोग परेशान हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अफवाहों से बचने की बात कही है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित करती है।

## प्याज व आलू की पैदावर में बड़ी वृद्धि, टमाटर भी सुधरा

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के ताजा अनुमानों के अनुसार देश में प्याज और आलू की पैदावार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे घरेलू उपलब्धता मजबूत होने की उम्मीद है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्याज के रकबे में बड़ी वृद्धि देखी गई है। यह वर्ष 2023-24 के 15.41 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 2024-25 में 19.68 लाख हेक्टेयर हो गया है। यह 4.27 लाख हेक्टेयर यानी 27. 74 प्रतिशत की भारी वृद्धि को दर्शाता है।

पैदावार के मोर्चे पर देखें, तो प्याज की पैदावार वर्ष 2024-25 में 307.67 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 242.67 लाख टन के मुकाबले 65 लाख टन यानी 26.79 प्रतिशत अधिक है। आलू की पैदावार में भी सकारात्मक रुख बना हुआ है। वर्ष 2024-25 में आलू की पैदावार 585.71 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले साल के 570.53 लाख टन से 15.18 लाख टन (2.66 प्रतिशत) अधिक है। आगामी वर्ष 2025-26 में आलू की पैदावार लगभग 584.47 लाख टन रहने की संभावना है। टमाटर की पैदावार में आगामी वर्षों में बड़ी तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2023-24 के 213.23 लाख टन की तुलना में 2024-25 में इसकी पैदावार 205.99 लाख टन अनुमा. नित है। वर्ष 2025-26 में टमाटर की पैदावार तेजी से बढ़कर लगभग 227.02 लाख टन पहुंचने की संभावना जताई गई है। इससे न केवल बाजारों में उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आमदनी को भी मजबूती मिलेगी।

# कुंभ 2027 के आयोजन में न रहे कोई कमी: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हरिद्वार का भ्रमण कर कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की। डामकोठी में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले वर्ष आयोजित होने वाले कुंभ मेले के दिव्य एवं भव्य आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ जैसे विराट आयोजन में किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी संबंधित विभाग पूरी क्षमता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध तरीके से तैयारियों को पूरा करें।

उन्होंने कहा कि मेला आयोजन से जुड़े सभी हितधारकों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों तथा साधु-संतों के सहयोग से कुंभ मेले का भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कुंभ से संबंधित कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी तथा प्रस्तावित कार्यों के लिए आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र जारी की जाएंगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान ही दूरभाष पर मुख्य सचिव से वार्ता कर शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सड़क, पुल, पेयजल, स्वास्थ्य, यातायात और पार्किंग व्यवस्था से जुड़े स्थायी प्रकृति के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा, वर्षाकाल तथा कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख कार्यों के क्रियान्वयन की रणनीति बनाई जाए और विभाग निरंतर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कुंभ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आधुनिक तकनीकों और सुविधाओं से सुसज्जित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक स्वीकृति शीघ्र जारी की जाएगी।

उन्होंने मेला नियंत्रण भवन के पास प्रस्तावित सीसीआर-2 भवन परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि कुंभ मेले के सुचारु प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण इस परियोजना को भी शीघ्र वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए खड़खड़ी पुल तथा श्रीयंत्र पुल से संबंधित योजनाओं को भी प्राथमिकता देते हुए उनके लिए आवश्यक स्वीकृतियां जल्द जारी करने के निर्देश दिए।




■ कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा ■ कहा, स्वीकृतियां फौरन होंगी जारी ■ कुंभ मेले के दिव्य-भव्य आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध पूरी करने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

### मेलाधिकारी सोनिका ने दी कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की जानकारी

बैठक में मेलाधिकारी सोनिका ने कुंभ मेला 2027 की तैयारियों से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सड़कों, पुलों, घाटों के निर्माण के साथ-साथ जलापूर्ति, चिकित्सा, सुरक्षा तथा मेला प्रबंधन से संबंधित स्थायी प्रकृति की 33 योजनाएं वर्तमान में निर्माणाधीन हैं। सभी परियोजनाओं पर निर्धारित समयसीमा के अनुसार कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि कुंभ मेले के अंतर्गत मनसा देवी मंदिर तथा चंडी देवी मंदिर के मार्गों के सुधार की योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त मेले के लिए प्रस्तावित अन्य कार्यों और अस्थायी व्यवस्थाओं की भी जानकारी बैठक में दी गई।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

बैठक में हरिद्वार की जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, मेयर नगर निगम श्रीमती किरण जैसल, रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल, विधायक हरिद्वार मदन कौशिक, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल, शोभाराम प्रजापति, सुनील सैनी, ओम प्रकाश जमदग्नि, जयपाल सिंह चौहान, पूर्व मेयर मनोज गर्ग, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार, उप मेलाधिकारी आकाश जोशी, मंजीत सिंह गिल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड में अप्रैल माह से शुरू होगा एसआईआर

■ उत्तराखंड में एसआईआर की तैयारियां तेज, प्रदेश में 87 फीसदी मैपिंग पूरी ■ सीईओ राजस्थान ने बताए एसआईआर के सफल संपादन के टिप्स ■ शत प्रतिशत मैपिंग से आसान होगी एसआईआर की राह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में आगामी अप्रैल माह में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की पहल पर निर्वाचन विभाग राजस्थान ने उत्तराखंड पहुंचकर अपने अनुभव साझा किए। सोमवार को देहरादून में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान श्री नवीन महाजन ने हाल में ही राजस्थान में समपन्न एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड के सभी अधिकारियों सहित सभी जनपदों के डिप्टी डीईओ /अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स ने भी प्रतिभाग किया।

बैठक ने दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। जिन बूथों पर मैपिंग की गति धीमीं है सम्बंधित अधिकारियों को टाइमलाइन देते हुए ससमय मैपिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एमएम तिवारी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एनके मीणा, देहरादून जनपद के सीडीओ अभिनव शाह, सहित सभी जनपदों जनपदों के डिप्टी डीईओ /अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स एसएलएमटी, एनएलएमटी ने भी प्रतिभाग किया।

# पूर्व कर्मचारी नेता व सैन्य अधिकारियों समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी हुए भाजपा में शामिल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून । भाजपा सदस्यता अभियान के क्रम में बड़ी संख्या में सेवानिवृत सैन्य अधिकारियों एवं सरकारी कर्मचारियों समेत विभिन्न दलों के लोगों ने पार्टी सदस्यता ग्रहण की है।

प्रदेश मुख्यालय में हुए इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार और विधायक फकीर राम टम्टा ने गंगोलीहाट विधानसभा, पिथौरागढ़ सभी लोगों को फूलमाला एवं पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी की औपचारिक सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर श्री परिहार ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की रीति नीति और वैचारिक प्रतिबद्धता की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कहा कि पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। यही वजह है कि प्रत्येक व्यक्ति उत्तराखंड को विकसित बनाने के मिशन में अपना सहयोग करना चाहता है।

इसके निमित ही, आप सब यहां आए और आगे हम सबको मिलकर संगठन और सरकार के कामों का लाभ जन जन तक पहुंच. ाने के लिए काम करना है। इस मौके पर सेवानिवृत्ति अनुसचिव एवं प्रांतीय अध्यक्ष उत्तराखंड एससी एसटी एम्पलाइज फेडरेशन श्री करम राम के नेतृत्व में श्री शंकर राम लोहिया सेवानिवृत अधिशासी अभियंता, अरविंद कुमार पूर्व सैन्य अधिकारी, भीमराव टम्टा सेवा. निवृत अपर सचिव, मदन राम पूर्व संयुक्त सचिव, सूबेदार महिपाल सिंह, संतोष कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रवीण राम कोहली पूर्व कर्मचारी, संतोष कुमार कोहली सेवानिवृत अध्यापक, सुरेश राम टम्टा, सामाजिक कार्यकर्ता श्री दशरथ कुमार, सेवानिवृत्ति इंस्पेक्टर आइटीबीपी, रमेश राम पूर्व सैनिक, दिनेश राम पूर्व सैन्य अधिकारी, मान सिंह रावत पूर्व सैनिक शामिल रहे।

इसी तरह कांग्रेस पार्टी से आने वालों में भैरव राम कोहली, नवीन कोली, शंकर राम, भुवन कुमार, श्री हरीश प्रसाद कोहली, श्रीमती यशोदा लोहिया, राम, भुवन प्रसाद, श्रीमती दीपा लापड, अरमान को. हली, दीपक कोहली ने भी पार्टी के सिद्धांतों में विश्वास जताया। इस दौरान पिथौरागढ़ के जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी पूर्व विधायक मीना गंगोला, प्रदेश मंत्री श्रीमती दीपिका वोहरा, दिनेश आर्य, चंद्रशेखर जोशी, बसंत लोहानी, राजेंद्र प्रसाद, सौरभ कुमार भी उपस्थित रहे।



■ प्रदेश मुख्यालय में हुए इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में किया गया सभी का स्वागत

### वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत 402 करोड़ के विकास प्रस्तावों को मंजूरी

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में वाइब्रेंट विलेज प्रोजेक्ट की एसएलएससी (स्टेट लेवल स्क्रीनिंग कमेटी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत चयनित सीमांत गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए लगभग 402 करोड़ के नए प्रस्तावों का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

इन प्रस्तावों के तहत गांवों में पर्यटन हाउसिंग, ग्राम अवसंरचना, सड़क संपर्क, सामाजिक विकास, अस्पताल, खेल मैदान, स्मार्ट कक्षाएं, स्मॉल जिम सेंटर, सोलर स्ट्रीट लाइट तथा कृषि उत्थान से जुड़े विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

बैठक में सचिव सी. रविशंकर, अपर सचिव अनुराधा पाल, आलोक कुमार पांडेय, नवनीत पांडेय, वन विभाग से रंजन मिश्र सहित आईटीबीपी, पुलिस तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता : सीएस



■ प्रदेश में एलपीजी गैस आपूर्ति की समीक्षा, पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश में एलपीजी गैस की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों के साथ सभी जनपदों के जिलाधिकारियों ने भी वर्चुअल प्रतिभाग किया। पूर्ति विभाग ने बताया गया कि राज्य में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा उपभोक्ताओं को उनकी मांग के अनुरूप समय पर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों से गैस आपूर्ति की स्थिति पर फीडबैक प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए।

**'कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, निगरानी और छापेमारी तेज करने पर जोर'**

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एलपीजी गैस एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गैस की अवैध बिक्री और जमाखोरी रोकने के लिए नियमित छापेमारी, स्टॉक की जांच तथा निगरानी अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न जनपदों में की गई छापेमारी, दर्ज एफआईआर तथा की गई कार्रवाई का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को गैस कंपनियों और वितरकों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा उन पर सतत निगरानी रखने के भी निर्देश दिए, ताकि गैस आपूर्ति सुचारु बनी रहे और कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

बैठक में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, एल. एल. फैनई, सचिव शैलेश बगौली, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरुगेशन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा में अव्यवस्थाओं व तीर्थ स्थलों में पशुओं के साथ क्रूरता पर हाईकोर्ट गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चारधाम यात्रा में फैली अव्यवस्थाओ और तीर्थ स्थलों में पशुओं के साथ हो रही कूरुरता के मामले पर पशु प्रेमी गौरी मौलेखी व धर्मगुरु अजय गौतम सहित कई अन्य की ओर से दायर जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई।

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट की खंडपीठ ने तीर्थ स्थलों में जानवरों पर हो अत्याचार को कम करने के लिए गढ़वाल कमिश्नर की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग, तीर्थ स्थलों के जिलाधिकारी तथा संबन्धित जिलों के जिलापंचायत के प्रतिनिधियों की कमेटी गठित करने के निर्देश दिए है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 2 सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। सोमवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार समाजसेवी पशुप्रेमी गौरी मौलेखी व धर्म गुरु अजय गौतम व पर्यावरण प्रेमी अन्य नारायण शर्मा ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल कर कहा है कि उत्तराखंड के चारधाम सहित अन्य तीर्थ स्थलों में फैली अवस्थाओं व जानवरों पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा जो एसओपी बनायी गई है। उसका अनुपालन सही तरीके से नही हो पा रहा है। उसे धरातल पर उतारने के लिए एक निगरानी कमेटी बनाने के साथ ही जानवरों और इंसानों की सुरक्षा के साथ उनको चिकित्सा सुविधा दी जाए। इसके साथ याचिका में कहा है कि चारधाम यात्रा में भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है जिससे जानवरों और इंसानों को खाने रहने की समस्या आ रही है। साथ मे पर्यावरण को भी नुकशान हो रहा है। उनके द्वारा कोर्ट से मांग की गई है कि यात्रा में कैरिंग कैपेसिटी के हिसाब से ही श्रद्धालुओं व घोड़ो व खच्चरों को भेजा जाय ताकि जानव. रों पर हो रहे अत्याचार को खत्म किया जा सके। आने जाने वाले श्रद्धालुओं को तय समय पर सुविद्याए मिल सके साथ मे पर्यावरण को कोई हानि न हो। इस पर राज्य सरकार व उच्च न्यायलय की तरफ से समय समय पर दिए गए आदेश व निर्देशो का अनुपालन किया जाए। ताकि आने वाले समय पर चार धाम यात्रा तभी सरल व सुगम हो सकती है जब राज्य सरकार अपनी जारी एसओपी को कठोरता से लागू करें।



# मुख्यमंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जनपद टिहरी के गंगा रिजॉर्ट मुनिकीरेती में आयोजित अन्तराष्ट्रीय योग महोत्सव 2026 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही समग्र जीवन पद्धति है। योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का काम करता है। उन्होंने देश प्रदेश के युवाओं से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवा आमतौर पर थकावट महसूस करते है इसमें योग उनका सबसे अच्छा सहयोगी बन सकता है, राज्य सरकार ने योग नीति 2025 बनायी है। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में 50 और 10 बेड वाले आयुष चिकित्सालय की स्थापना की जा रही है। योग और आध्यात्म को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ का प्राविधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़वाल मंडल विकास निगम और उत्तराखंड पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा ये अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव पिछले 35 वर्षों से योग की परंपरा को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस बार आयोजित इस 7 दिवसीय भव्य योग महोत्सव में योग, प्राणायाम, ध्यान, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और आध्यात्मिक प्रवचनों के विविध सत्रों के साथ-साथ रन फॉर योगा, हेरिटेज वॉक तथा अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन जैसे कई विशेष कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। इससे प्रतिभागियों को योग के विविध आयामों से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलेगी।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि योग हमारी प्रचीन पद्धति में शुमार है। हमारे ऋषि मुनियों ने योग और तप बल से कई सिद्धियां हासिल की है। प्रबंध निदेशक गढ़वाल मण्डल विकास निगम प्रतीक जैन ने बताया कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में 2500 से अधिक रजिट्रेशन हो चुके है। इस योग महोत्सव को 150 योग संस्थाओं के सहयोग से सफल बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में गुरु कुल कांगड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये के योग साधको द्वारा योग की विभिन्न क्रियाओं का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मुनिकीरेती नीलम बिजल्वाण, अध्यक्ष नगर निगम ऋषिकेश शम्भू पासवान, अध्यक्ष नगर पंचायत तपोवन विनीता बिष्ट जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल, एसएसपी आयुष अग्रवाल स्वामी चिदानन्द मुनि महंत रविन्द्र पुरी, भारत भूषण, योगाचार्य ऊषा माता सहित हजारों की संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।




■ कहा, आज विश्व के 180 से अधिक देशों में मनाया जा रहा योग दिवस

### योग भारत की अध्यात्मिक परंपरा की अमूल्य धरोहर

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और महान आध्यात्मिक परंपरा की अमूल्य धरोहर है। हजारों वर्ष पूर्व हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का जो मार्ग दिखाया था, आज वो पूरी दुनिया के लिए स्वस्थ जीवन, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का सशक्त आधार बन चुका है।

### आज दुनिया में करोड़ों लोग कर रहे योग का अभ्यास

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग के महत्त्व को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र संघ में रखा था। उसी का परिणाम है कि आज दुनिया के 180 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होने कहा कि उत्तराखंड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि योगभूमि भी है।

# गढ़वाल घाटी में वायु की गुणवत्ता में हुआ उल्लेखनीय सुधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल क्षेत्र में हुई बारिश के गढ़वाल घाटी में वायु की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। वर्षा के प्रभाव से वातावरण में मौजूद धूल एवं प्रदूषक कण नीचे आ गए, जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में भी सुधार देखने को मिला। वैज्ञानिकों के अनुसार वर्षा के बाद किए गए नवीनतम अवलोकनों में ब्लैक कार्बन का स्तर 745 नैनोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया। कणीय प्रदूषण के अंतर्गत पार्टिकुलेट मैटर 10 का स्तर 38.68 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर, पार्टिकुलेट मैटर 2.5 का स्तर 31. 81 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तथा पार्टिकुलेट मैटर 1 का स्तर 12.20 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पाया गया। गैसीय प्रदूषकों में कार्बनडाइ आक्साइट का स्तर 1.52 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर, नाइट्रोजन का स्तर 19.77 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर। मौसम संबंधी आंकड़ों के अनुसार लगभग 830 मिलीलीटर वर्षा, तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तथा सापेक्ष आर्द्रता 46.28 प्रतिशत दर्ज की गई। गढ़वाल विवि के भौतिक विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक एवं हिमालयी वातावरणीय एवं अंतरिक्ष भौतिकी शोध प्रयोगशाला डॉ. आलोक सागर गौतम ने कहा कि पिछले कुछ समय से गढ़वाल घाटी में बढ़ता वायु प्रदूषण चिंता का विषय बन गया था। विशेष रूप से सुबह के समय हल्की धुंध दिखाई देने लगी थी, जिससे लोगों में स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ रही थी। वैज्ञानिकों के अनुसार घाटी में लगातार जंगलों में लग रही आग, वातावरण में बढ़ते सूक्ष्म कण, अधिक नमी तथा हवा की कम गति इस स्थिति के प्रमुख कारण रहे हैं। डॉ. आलोक सागर गौतम ने बताया कि प्रदूषण बढ़ने के दिनों में ब्लैक कार्बन का स्तर सामान्य से काफी अधिक दर्ज

# पूर्व छात्र नेताओं ने कोटद्वार के विकास को लेकर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददात**

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के देवी रोड स्थित एक होटल में रविवार को कोटद्वार के विकास को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह रावत द्वारा किया गया। विचार गोष्टी में कोटद्वार के अब तक के छात्र संघ पदाधिकारियों ने प्रतिभाग कर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत छात्र नेता पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद नैथानी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मनमोहन बलूनी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हेमंत डोबरियाल, पूर्व छात्र अध्यक्ष अनुज खण्डूरी, पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह नेगी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपने संबोधन में पहले छात्र संघ अध्यक्ष गोपाल काला ने कहा कि जब उनके समय में राजनीति होती थी तो वह सड़क पर संघर्ष करते थे, वर्तमान में युवा छात्र नेताओं को भी जनहित के मुद्दों पर सड़कों पर उतरकर जूझना चाहिए जिससे कोटद्वार का सर्वांगीण विकास हो सके, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राकेश चमोली ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन एक महीने के अंतराल में होने चाहिए जिससे कोटद्वार के विकास वह सकारात्मक चर्चा हो सकेगी। पूर्व अध्यक्ष अमित नेगी ने कहा कि वर्तमान में सब को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कोटद्वार के विकास के लिए आगे आना चाहिए, पूर्व अध्यक्ष हर्षवर्धन बिंजोला ने कहा कि कोटद्वार का वस्तिक विकास करना है तो छात्र नेताओं को एक जुट होना पड़ेगा।


## आवश्यकता है

आ.ना.झा इण्टर कालेज करनपुर, जसपुर, ऊधम सिंह नगर में रिक्त पद पर सीधी भर्ती हेतु अहर्य अभ्यर्थियों हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

| क. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन क्रम | लेवल | आरक्षण श्रेणी | शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता (राजकीय विद्यालय में जो शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता लागू है) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स.अ. एल.टी. (हिन्दी) | 01 | 44900-142400 | 7 | आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) | बी.ए., बी.एड. एवं टी.ई.टी.II उत्तीर्ण |

**नियम व शर्तें:** (1) उक्त पद के लिए शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यतायें वही होंगी जो राजकीय विद्यालय हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट कॉलेजों के लिये निर्धारित की गयी हैं।
(2) राजकीय विद्यालयों के स.अ.एल.टी. के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक व प्रशिक्षण योग्यता हेतु उत्तराखण्ड शिक्षा अनुभाग 2 की अधिसूचना संख्या-374/XXIV-2/2006 दि. 28 जुलाई 2006, तथा संशोधित अधिसूचना दि. 25 अप्रैल 2018 के निहित प्राविधानों के अनुसार तथा समय-समय पर हुए संशोधन के अनुसार होगी।
(3) रिक्त पद के लिये आवेदन पत्र रू. 300 प्रति आवेदन पत्र रेखांकित पोस्टल आर्डर या बैंक ड्राफ्ट जो कि मुख्य शिक्षा अधिकारी ऊधमसिहंनगर के पद नाम से देय हो भुगतान करने पर मुख्य शिक्षा अधिकारी ऊ.सिं.नगर के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।
(4) अध्यापक के आवेदन पत्र विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर मुख्य शिक्षा अधिकारी ऊ.सिं.नगर के कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा पहुँच जाने चाहिये, विलम्ब से पहुँचने वाले आवेदन पत्र निरस्त समझे जायेंगे।
(5) पंजीकृत लिफाफे के ऊपर आवेदित पद एवं विद्यालय का नाम अंकित होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ समस्त प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित संलग्न होने चाहिए।
(6) आरक्षित पदों पर उत्तराखण्ड के मूल निवासी आवेदन कर सकेंगे। बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।
(7) अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 01 जनवरी 2026 को स.अ. एल.टी. के पद हेतु 21 वर्ष होनी चाहिए तथा अधिकतम 42 वर्ष होनी चाहिए।
(8) विज्ञप्ति प्रकाशित होने से पूर्व उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी सेवायोजन कार्यालय में अभ्यर्थी का नाम पंजीकृत होना चाहिये।
(9) आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**प्रबन्धक**
**आ. ना. झा इन्टर कालेज, करनपुर**
जसपुर (ऊधम सिंह नगर)

# पुरस्कार वितरण के साथ 119वें किसान मेले का भव्य समापन

## नई तकनीकों और पद्धतियों को अपनाएं किसान: भगत सिंह कोश्यारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में चार-दिवसीय 119वें अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड, पद्म भूषण भगत सिंह कोश्यारी ने भाग लिया।

उनके साथ विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता कृषि डा. सुभाष चन्द्रा, निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा, और निदेशक शोध डा. एसके वर्मा भी मंच पर मौजूद थे। मुख्य अतिथि भगत सिंह कोश्यारी ने पंतनगर विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए किसानों, वैज्ञानिकों और छात्रों को ज्ञान और अनुभव साझा करने के इस मंच की महत्ता पर जोर दिया।




उन्होंने किसानों से नई तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की अपील की, साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कुलपति प्रो. चौहान ने विश्वविद्यालय की निरंतर किसानों को उन्नत तकनीकों और फसल किस्मों की जानकारी देने की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। उन्होंने कृषि यंत्रीकरण, जैविक खेती, और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैज्ञानिक खेती को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में 416 स्टॉल लगाए गए, जिनमें लगभग 21,500 किसान और विद्यार्थी शामिल हुए। मेले में महिला क्लब पंतनगर को पौष्टिक भोजन वितरण के लिए पुरस्कार मिला। वहीं, सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए एएच एसोसिएट्स, काशीपुर और जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज, रुद्रपुर को भी सम्मानित किया गया। किसान मेले में उद्यान प्रदर्शनी, पशु प्रदर्शनी और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ, जिनमें कई प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और किसान उपस्थित थे।

# खिलाड़ियों ने खेलकूद में लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भा-अनुप-विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने भा-अनुप उत्तर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हिसार (हरियाणा) में किया गया, जिसमें विभिन्न संस्थानों की कुल 22 टीमों के लगभग 850 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान पूरी टीम का कुशल समन्वय एवं मार्गदर्शन डा. जेपी आदित्य एवं डा. आरपी मीणा द्वारा किया गया।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में संस्थान के प्रतिभागियों ने शानदार उपलब्धियां हासिल कीं, जिनमें डा. संथिया एस ने जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक और शॉट पुट में कांस्य पदक प्राप्त किया। डा. प्रकाश चन्द घासल ने डिस्कस थ्रो में रजत पदक तथा शॉट पुट में कांस्य पदक जीता। इसके अतिरिक्त आकांक्षा ने जेवलिन थ्रो में रजत पदक और दीपक कुमार ने जेवलिन थ्रो में कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम स्पर्धाओं में भी संस्थान का प्रदर्शन सराहनीय रहा। संस्थान की टीम वॉलीबॉल में सेमीफाइनल तथा बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस में क्वार्टर फाइनल तक पहुँचने में सफल रही। खेलकूद प्रतियोगिताओं में संस्थान की इस उपलब्धि पर संस्थान के निद. ेशक डा. लक्ष्मी कान्त ने विजेता खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने रेखांकित किया कि खेल गतिविधियां कर्मचारियों के शारीरिक एवं मान. सिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और उन्होंने भविष्य में प्रक्षेत्र में खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### झूठे आरोपों को घरेलू हिंसा नहीं माना जा सकता

**अल्मोड़ा।** रानीखेत निवासी संदीप पाठक के खिलाफ चल रहे घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि छोटी-मोटी नोकझोंक और तथ्यहीन आरोपों को घरेलू हिंसा की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि महिला द्वारा लगाए गए कई आरोप मनगढ़ंत और निराधार थे, जो कानूनी प्रक्रिया का गलत लाभ लेने की मंशा से लगाए गए थे। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश नीना बंसल कृष्णा ने स्पष्ट किया कि आरोपों की गहन पड़ताल में यह सामने आया कि प्रस्तुत किए गए तथ्य विश्वसनीय नहीं हैं और न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग किया गया है। संदीप पाठक की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता चिन्मय भट्ट ने कहा कि केवल महिला होने का लाभ उठाकर कानून का दुरुपयोग करना उचित नहीं है। उन्होंने इस मामले में अपने मुवक्किल को राहत दिलाते हुए कहा कि यह फैसला भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण नजीर साबित हो सकता है।

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों की समीक्षा

**बागेश्वर।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दरबार और सीएम पोर्टल की शिकायतों की समीक्षा की गई। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन पर आ रही शिकायतों को हल्के में लेने वाले अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी गई। कई विभागों द्वारा शिकायतकर्ताओं से संपर्क न करने पर नोटिस जारी किए गए। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने जनता दरबार में पेयजल, विद्युत, आपदा राहत और सड़क महकमों की 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया, जबकि शेष मामलों को त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को सौंपा। सीडीओ ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए खेल, शिक्षा, खनन विभाग, पेयजल निगम और नगर पालिका बागेश्वर को शिकायतों के प्रति लापरवाही पर आपत्ति जताई। साथ ही हेलो बागेश्वर पोर्टल पर भी शिकायतों की समीक्षा की गई और अधिका. रियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

### बारिश ने बनाए आपदा के हालात

**बागेश्वर।** कांडा तहसील के शेरी गांव में एक बार फिर बीते दिवस बारिश के कारण आपदा के हालात बन गए। बारिश से आपदा प्रभावित परिवारों के घरों में पानी घुस गया। सोमवार को ग्रामीणों की गांव में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि गत वर्ष बरसात के सीजन में उनके गांव में भीषण आपदा आई थी। जिससे वे आज तक नहीं उभर पाए हैं। रविवार की रात्रि में हुई भीषण बारिश से एक बार फिर गांव में आपदा के हालात बन गए है। रात भर बारिश का पानी ग्रामीणों के घर में घुसता रहा। ग्रामीण रात भर जागृत करते हुए अपनी जान बचाने में लगे रहे। सोमवार को ग्रामीणों की गांव में एक बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि बुधवार को ग्रामीणों का एक शिष्ट मंडल जिलाधिकारी से मिलेगा। जहां शिष्टमंडल अपने गांव की समस्या डीएम के सम्मुख रखेगा। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट, ग्राम प्रधान सुंदर सिंह मेहरा, नंदन सिंह धामी, राजेंद्र सिंह धामी, लक्ष्मण सिंह, माधवी देवी, सुनीता देवी, विमला देवी, मंगला देवी आदि मौजूद थे।

### यूपी निवासी चालक से मारपीट करने का आरोप

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय में यूपी निवासी चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित चालक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार यूपी के बहेड़ी निवासी एक पीड़ित ने अल्मोड़ा कोतवाली में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह धारानौला तिराहे के पास खड़ा था। इस दौरान राहुल बिष्ट और रवि बिष्ट नामक दो युवक बिना बात से उनसे विवाद करने लगे। जबरन उसके वाहन की चाबी छीन ली। विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। दोनों आरोपियों ने डंडे से उसके सिर पर एकाएक हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। आसपास के लोगों के आने पर दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके सेऽरार हो गए। पीड़ित चालक ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर ने की मांग की है। इधर, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित चालक की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### अवैध कच्ची शराब तस्कर गिरफ्तार

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी पुलिस ने 25 वर्षीय अवैध कच्ची शराब तस्कर जगतार सिंह उर्फ जग्गा को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल मन्जू नाथ टीसी के निर्देश पर नशे की रोकथाम के तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान की गई। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कालाढूंगी स्थित खेल ग्राउंड के पास चैकिंग के दौरान जगतार सिंह को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बेचते हुए पकड़ा। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में अपर उपनिरीक्षक तनवीर आलम और पुलिस कर्मी अमनदीप सिंह, स्वरूप सिंह भी शामिल थे।

### शशांक बने ओबीसी मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष

**काशीपुर।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष के रूप में शशांक सिंह के नाम का ऐलान हुआ। शशांक सिंह की इस नई पारी की शुरुआत के साथ ही उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

अपनी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर शशांक सिंह ने शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए अपनी भविष्य की रणनीतियों के संकेत भी दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि ह्यह दायित्व मेरे लिए संगठन, समाज और पार्टी की नीतियों के प्रति मेरी जवाबदेही को और बढ़ाता है। मैं पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से इस विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करुंगा। काशीपुर भाजपा परिवार ने शशांक सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में ओबीसी मोर्चा जिले में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# चारा लेने गई महिला पहाड़ी से गिरकर चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** मवेशियों के लिए चारा पत्ती काटने गई महिला पहाड़ी से गिर कर गंभीर रूप से घायल हुई। ग्रामीण महिला को जंगल से एक किमी दूर डोली में बिठाकर मुख्य सड़क तक लाए। जिसके बाद महिला को जिला अस्पताल बागेश्वर लगाया गया। यहां महिला का डाक्टर तन्नू की देखरेख में उपचार चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 35 वर्षीय कमला देवी पत्नी गोकुल सिंह सोमवार को अपने साथियों के साथ पशुओं के लिए चारा पत्ती कटवाने जंगल गई हुई थी। तभी महिला पहाड़ी से असंतुलित होकर खाई में जा गिरी। साथी महिलाओं ने घटना की जानकारी गांव में दी। गांव से लोग डोली लेकर जंगल पहुंचे। जहां से घायल को मुख्य सड़क तक लाए। इधर परिजन घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल लाए। जहां घायल का उपचार चल रहा है। जिला अस्पताल में घायल का उपचार कर रही डाक्टर तन्नू ने बताया कि महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। जिसमें 10 से अधिक टांके लगे है। इसी प्रकार महिला के मुंह में भी पांच टांके लगे है। उन्होंने बताया कि घायल का सीटी स्किन होना है। रिपोर्ट के आधार पर महिला का आगे उपचार किया जाएगा। इधर घटना की सूचना मिलते ही पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल के परिजनों को सांत्वना दी।

# सड़क के लिए फिर आगबबूला हुई जनता

## जनता दरबार में सर्वे का आश्वासन मिलने के बाद भी शुरू नहीं हुआ काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनता दरबार में अधिका. रियों को सड़क कार्य का सर्वे करवाकर निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के आदेश दिए। लेकिन विभागीय अधिकारी मौके पर ही नहीं गए। एक सप्ताह बाद फिर सड़क का मामला जनता दरबार में पहुंचा। जहां मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए मंगलवार को मौका मुआयना कर उच्चाधिकारियों को मौके पर से वीडियो कॉल करते हुए जानकारी देने के निर्देश दिए। बता दें कि गोगिनापानी से कलियाबगड़ मोटर मार्ग का निर्माण कार्य करने की मांग को लेकर क्षेत्रीय जनता आए दिन संबंधित विभाग एवं जनता दरबार में अपनी समस्या उठा रहे है। ग्रामीणों ने कहा कि वर्ष 2014-15 से सर्वे हो चुकी सड़क निर्माण कार्य का काम आज तक शुरू नहीं हो पाया है। सड़क के अभाव में ग्रामीण गर्भवती महिलाओं, बुजुर्ग, बीमार ग्रामीणों को डोली से सड़क तक लाने के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा कि वे लगातार जनता दरबार में अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे है। पिछले सप्ताह जिला. धिकारी आकांक्षा कोड़े ने संबंधित विभागीय अधिकारी कड़े निर्देश देते हुए अंतिम सर्वे कर सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए थे। लेकिन डीएम के निर्देशों की परवाह किए बिना अधिकारी क्षेत्र में देखने तक नहीं पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि वे आज अंतिम बार जनता दरबार में अपनी समस्या को लेकर पहुंचे हैं। यदि अब सड़क निर्माण कार्य नहीं किया गया तो, वे समस्त ग्रामीण बच्चों, बुजुर्ग जनों एवं महिलाओं के साथ गांव में ही क्रमिक अनशन पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। साथ ही वे आने वाले विधान सभा चुनाव वर्ष 2027 का बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान गोगिनापानी मुन्नी कुंवर, ग्राम प्रधान घिरौली योगेश, जितेंद्र सिंह, नवीन चंद्र, हिमानी, आशा देवी, नीमा देवी, रुचि देवी, कविता, राधा, सुनीता, जानकी, पुष्पा, गिरीश पांडे, राजेंद्र सिंह मौजूद थे।



### बॉडी बिल्डिंग में मोहित तीसरे स्थान पर रहे

**कालाढूंगी।** वार्ड 7 के निवासी मोहित मेहता (गोलू) ने उत्तराखण्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप फिटनेस द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में पूरे राज्य में तीसरा स्थान हासिल कर कालाढूंगी का नाम देश प्रदेश में रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देने का सिलसिला जारी है। बताते चलें मोहित की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने मोहित को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। मिस्टर उत्तराखण्ड 3 बने मोहित मेहता ने बतया की पूर्व में भी दर्जनों बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने दादा, दादी माता पिता और गुरुजनो को अपना प्रेरणास्रोत माना है और युवाओं से अपील करते हुए बताया की नशे से दूर रहकर खेलकूद में आगे आना चाहिए। इस दौरान उनको खेल प्रेमियों ने बधाई दीं।




# गैस सिलेंडर के लिए भारी भीड़ उमड़ी

## प्रशासन ने रोस्टर अनुसार आपूर्ति का आश्वासन दिया, खाली सिलेंडर लेकर लौटे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** नगर से सटे ग्रामीण क्षेत्र बिंदुखत्ता में रसोई गैस के लिए लोगों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। सोमवार को शहीद स्मारक के पास गैस की गाड़ी आने की सूचना मिलने पर भारी संख्या में ग्रामीण सिलेंडर लेकर मौके पर पहुंच गए। इस दौरान कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में सुरुचि इंडेन गैस वितरक द्वारा एक गाड़ी सिलेंडर का वितरण किया गया।

हालांकि, देखते ही देखते बड़ी भीड़ जमा हो गई। इस स्थिति को देखते हुए एक और गाड़ी सिलेंडर मंगाई गई, लेकिन भारी भीड़ के कारण गैस एजेंसी संचालक सिलेंडर बांटने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। इस दौरान कोतवाल बृजमोहन राणा ने जिला पूर्ति अधिकारी से संपर्क किया। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों को उनके घरों तक रोस्टर के अनुसार सिलेंडर की आपूर्ति की जाएगी। इसलिए किसी एक जगह पर भीड़ इकठ्ठा करने की आवश्यकता नहीं है। भीड़ में शामिल दूरदराज क्षेत्रों से आई महिलाएं भी आक्रोशित हुईं और कुछ देर के लिए सांकेतिक जाम भी लग गया। कोतवाल राणा ने ग्रामीणों को समझाया और आश्वासन दिया कि जिनकी बुकिंग हो चुकी है, उन्हें रोस्टर के अनुसार शीघ्र ही सिलेंडर मिलेगा। इसके बाद, मौके पर आई दूसरी गाड़ी को आपसी सहमति से वापस गैस एजेंसी भेजा गया और ग्रामीण खाली सिलेंडर लेकर अपने घर लौट गए। ग्रामीणों ने बताया कि सामान्यत: सोमवार से शनिवार तक प्रत्येक गांव के लिए रोस्टर बनाया जाता है, लेकिन पिछले एक महीने से किसी भी गांव में गैस की गाड़ी नहीं पहुंची। इसके कारण उन्हें लगातार भटकना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने गैस एजेंसी संचालक पर मनमानी और सिलेंडर ब्लैकमेलिंग के आरोप भी लगाए। बहरहाल, प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों को उम्मीद है कि कल से क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू होगी।



### चौती मेला क्षेत्र का निरीक्षण

**काशीपुर।** एसपी क्राइम जितेंद्र चौधरी ने चैती मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चैत्र मास के पहले नवरात्र से मां बाल सुंदरी देवी का ऐतिहासिक चैती मेला शुरू हो रहा है। मां भगवती का डोला 25 मार्च को पंडा आवास मोहल्ला कानूनगोयान से मेला परिसर स्थित मंदिर के गर्भगृह पहुंचेगा और 31 मार्च को वापस जाएगा। एसपी क्राइम ने मेला क्षेत्र, मंदिर परिसर, दुकानों के बीच रास्तों और खेला-तमाशा क्षेत्र की सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने भीड़ वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी और सिविल ड्रेस में महिला-पुरुष फोर्स तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों, पॉकेट गिरोह और छेड़छाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। एसपी क्राइम ने मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री से देवी डोला मार्ग संबंधी जानकारी ली और जल्द दोबारा निरीक्षण करेंगे।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड क्रांति दल ने मेडिकल कालेज अल्मोड़ा की बदहाल स्थिति को लेकर मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को यूकेडी कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कालेज के अधीन बेस अस्पताल परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर नाराजगी जताई। वहीं, डॉक्टरों की नियुक्ति, दवाईयों की कमी को पूरा करने की मांग उठाई। मौके पर यूकेडी जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी ने कहा कि लंबे समय से मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल बनी हुई है। अस्पताल मात्र रेफर सेंटर बनकर रह गया है। कहा कि यहां सोमेश्वर, पिथौरागढ़, बागेश्वर समेत तमाम ग्रामीण इलाकों के लोग इलाज को पहुंचते है। लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव से लोगों को अधीक पैसा खर्च कर महानगरों की दौड़ लगानी पड़ रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मेडिकल कालेज के बेस अस्पताल में चिकित्सकों की कमी लंबे समय से बनी हुई है। वहीं, अल्ट्रासाउंड को मरीजों को लंबी कतारे लगानी पड़ रही है। जबकि दवाईयों का भी यहां अभाव बना हुआ है। कहा कि जल्द मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं किया गया तो उक्रांद उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। यहां जिला कार्यकारी अध्यक्ष पान सिंह लटवाल, महिला जिलाध्यक्ष दीपा जोशी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रघुवीर सिंह भाकुनी, पंकज बिष्ट, गोपाल बिष्ट, राहुल बिष्ट, मुकेश बिष्ट, किरन मेहरा, विनोद बिष्ट, लाल सिंह, बलवंत राम, मनोज तिवारी, अभिषेक बनौला समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# आंधी-तूफान ने मचाई तबाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** रविवार की देर रात को आए तेज आंधी तूफान ने क्षेत्र भर में भारी नुकसान हुआ है। विभिन्न स्थानों पर पेड़ गिरने से कई मार्ग अवरुद्ध हो गए जिनको वन विभाग विद्युत विभाग और जनप्रतिधियों के द्वारा हटाया गया उसके उपरांत ही यातायात सुचारु हो पाया। आंधी के चलते विद्युत विभाग की लाइनों पर पेड़ गिरने से कई स्थानों पर लाइन टूट जाने के कारण विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई थी जिसे सुचारु करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। विद्युत विभाग के एसडीओ दीपक पाठक द्वारा बताया गया कई स्थान पर तार टूटने पोल गिरने की सूचना है उनको विभाग के कर्मचारियों द्वारा सुचारु किया जा रहा है। शीघ्र ही सारे क्षेत्र में विद्युत सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। तेज आंधी के चलते किसानों की फसल जो की तैयार थी गेहूं की वह बर्बाद हो गई और आम लीची के पेड़ों में बोर आ रहा था वह पूरी तरह से लगभग झड़ चुका है जिससे किसानों को भी बहुत नुकसान हानि पहुंची है। कई किसानों ने सरकार से मांग की है कि उनकी इस घड़ी में उनका सहयोग कर उनका आर्थिक सहायता दी जाए। इसी के चलते कालाढूंगी हल्द्वानी मुख्य मार्ग बच्चे कई स्थानों पर पेड़ गिरे थे जिन पेड़ों को कहीं पर पुलिस और स्थानी लोगों द्वारा हटा गया कहीं वन विभाग और स्थानी लोगों द्वारा हटाया काटकर हटाया गया और मार्ग सुचारु कराया गया। इसी के चलते वार्ड नंबर 1 कालाढूंगी में भी छोटी हल्द्वानी जाने वाले मार्ग पर कई स्थानों पर पेड़ गिर चुके थे जिस कारण मार्ग अवरुद्ध हो रहा था सूचना मिलने पर वार्ड के सभासद रोहित बुधलाकोटी द्वारा वन विभाग को सूचना देकर वन विभाग की टीम के साथ स्वयं लक्कड़ मार्ग से पेड़ों को हटाकर मार्ग को सुचारु किया गया।

उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड
कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर
दूरभाष 05949-282200 कारपोरेट आई.डी. संख्या U40109UR2001SGC025867
Email : eddbazpur@gmail.com Website : www.upcl.org
पत्रांक 1503 वि.वि.ख.(बा.)/ निविदा सूचना दिनांक 16-03-2026
इस कार्यालय से प्रकाशित ई-निविदा संख्या 54,55/2025-26 जिसको ऑनलाईन/ऑफलाइन आवेदन एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 16/03/2026 (11.00 बजे तक) तथा ई-निविदा के प्रथम भाग (तकनीकी) के ऑनलाईन/ऑफलाइन खुलने की तिथि एवं समय 17/03/2026 (12.00 बजे से) है। अपरिहार्य कारणों से विस्तारित की जाती है। ई-निविदा संख्या 54,55/2025-26 जिसको ऑनलाईन एवं ऑफलाइन आवेदन एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 30/03/2026 (11.00 बजे तक) तथा ई-निविदा के प्रथम भाग (तकनीकी) के ऑनलाईन एवं ऑफलाइन खुलने की तिथि एवं समय 30/03/2026 (15.00 बजे से) की जाती है।
उपरोक्त निविदाओं की पूर्व समस्त शर्त यथावत् रहेंगी।
अधिशासी अभियंता
विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर
राष्ट्रहित में बिजली बचायें। विद्युत समस्याओं हेतु Tolle Free No.1800-419-0405 पर सम्पर्क करें।
'Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org' 'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें'

### एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने एक बदमाश को 12 बोर के अवैध तमंचे व एक जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार किया है।

रमज़ान मुबारक

ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

महमूद हसन बंजारा
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
शाकिर हुसैन (पत्रकार)
नसीम जहां
सभासद, वार्ड 4
नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)
Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी

अध्यक्ष अलीम खान

उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

# विस में जनहित के मुद्दे मुखरता से उठाने पर विधायक सुमित का स्वागत

## हल्द्वानी सहित पूरे उत्तराखंड की आवाज सदन तक पहुंचाता रहूंगा: हृदयेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश का सोमवार को उनके हल्द्वानी स्थित आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।



कार्यक्रम में कांग्रेसजनों और क्षेत्रवासियों ने कहा कि विधायक सुमित हृदयेश लगातार जनता की आवाज़ को सदन तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष्मान और गोल्डन कार्ड योजना की खामियों, एलपीजी गैस की किल्लत, खिलाड़ियों की समस्याओं तथा युवाओं के रोजगार जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों को विधानसभा में मजबूती से उठाया है, जो एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हल्द्वानी की जनता ने जो विश्वास और स्नेह उन्हें दिया है, वही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज़ को सदन तक पहुँचाना उनका कर्तव्य है और वे आगे भी हल्द्वानी सहित पूरे उत्तराखंड की जनता से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में पूरी मजबूती के साथ उठाते रहेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविन्द बिष्ट, सतीश नैनवाल, हरीश मेहता, हेमन्त बगड़वाल, एनबी गुणवंत, नरेश अग्रवाल, मलय बिष्ट, मयंक भट्ट, राजेन्द्र सिंह बिष्ट 'रज्जी', मुकुल बल्यूटिया, मधु सांगुड़ी, शोभा बिष्ट, भागीरथी बिष्ट, रत्ना श्रीवास्तव, गीता बहुगुणा, जगमोहन बगड़वाल, महेशानंद, मोहन बिष्ट, ज़ाकिर हुसैन, गोविंद बगड़वाल, जीवन सिंह कार्की, शकील सलमानी, विक्की त्रिपाठी, विनोद दानी, नवीन पांडे, हिमांशु जोशी, दिवेश तिवारी, संजय साह, मन्नू गोस्वामी, संदीप पांडे, प्रदीप कुमार, लाल सिंह पवार, संजय रावत, देवेंद्र नेगी, संजय जोशी, कमल बोरा, विनोद जोशी, कैलाश जोशी आदि मौजूद रहे।

### केमू बस के अंदर बस परिचालक की मिली लाश

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों में बीते रविवार की रात केमू स्टेशन के पास खड़ी केमू की बस के अंदर उसी के परिचालक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असल वजह सामने आएगी। पुलिस के अनुसार बत्यूली थल पिथौरागढ़ निवासी 50 वर्षीय सुरेश चंद्र पुत्र रमेश चंद्र केमू की बस में बतौर परिचालक के रूप में काम करता था और हल्द्वानी से अल्मोड़ा-बागेश्वर रूट पर चलते थे। बताया जा रहा कि बीते रविवार की रात करीब साढ़े 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि केमू स्टेशन के पास खड़ी केमू की बस में सुरेश का शव पड़ा है। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा तो सुरेश के मुंह से खून निकल रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी चेक कराए गए हैं। प्राथमिक जांच में आपराधिक घटना की कोई भी बात सामने नहीं आ रही है, साथ ही मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।

#### स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** मुखानी क्षेत्र में अवैध स्मैक की तस्करी करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिर तार किया है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखानी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान आरोपी हेम चंद पाठक पुत्र गिरीश चंद्र पाठक निवासी मां गिरिजा विहार कालोनी फेस-2 थाना मुखानी को 7 ग्राम अवैध स्मैक के साथ पुरानी स्टील फैक्ट्री के रास्ते का जंगल से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# आंधी-तूफान ने मचाई तबाही

## फसलों को पहुंचा भारी नुकसान, मुआवजे की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान को लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने सोमवार को एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। ज्ञापन कहा कि बीते रविवार की रात क्षेत्र में आए भीषण तूफान और तेज बारिश के कारण कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में किसानों की आम, गेहूं सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है।



इस प्राकृतिक आपदा से किसानों की मेहनत और उनकी आजीविका पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।

उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वे कर किसानों की क्षति का सही आंकलन किया जाए और सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा शीघ्र प्रदान किया जाए, ताकि किसान इस संकट की स्थिति से उबर सकें। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान हेमू, टिकम मेहरा, संदीप बिनवाल, नीरज, पूरन जोशी सहित कई क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# गौलापार में किसानों पर आपदा की मार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वान।** बीती 15 मार्च की रात क्षेत्र में हुई भारी ओलावृष्टि, तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश से गोलापार-चोरग. लिया क्षेत्र के किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से गेहूं, प्याज और लहसुन की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। देवला तल्ला, कुंवरपुर और गोलापार क्षेत्र के कई किसानों की फसलें तेज हवाओं और बारिश के कारण खेतों में ही गिर गईं। स्थानीय किसान हरेंद्र क्वीरा की करीब 9 बीघा गेहूं की फसल और दो एकड़ में लगी प्याज की फसल को भारी नुकसान हुआ है। तेज बारिश और हवा के कारण गेहूं की खड़ी फसल जमीन पर गिर गई, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। किसान हरेंद्र क्वीरा ने बताया कि गेहूं की फसल का एक हिस्सा पूरे वर्ष घर के उपयोग के लिए रखा जाता है, जबकि शेष गेहूं को बेचकर खेती में लगी लागत निकाली जाती है। उन्होंने कहा ऐसे में फसलों को हुए नुकसान से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसके साथ ही प्रशासन से अपेक्षा की गई कि गौलापार-चोरगलिया प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र निरीक्षण कर किसानों की क्षति का सही आकलन कर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए, जिससे किसानों को राहत मिल सके।



### लामाचौड़ में नशे के बढ़ते कारोबार पर आक्रोश

**हल्द्वानी।** लामाचौड़ चौराहे के पास क्षेत्र में अवैध जहरीली शराब, स्मैक और चरस की खुलेआम बिक्री के विरोध में स्थानीय लोगों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। सनातन जागृति ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन पांडे और क्षेत्र पंचायत सदस्य मीना पांडे के नेतृत्व में लोगों ने धरना देकर आक्रोश व्यक्त किया। धरने के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन पांडे ने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से जहरीली शराब और नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस और आबकारी विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। उनका आरोप है कि पिछले कुछ महीनों में नशे की वजह से कई युवाओं की जान जा चुकी है, फिर भी पुलिस चौकी से महज 500 से 700 मीटर की दूरी पर मु य मार्गों पर अवैध शराब और नशे की बिक्री जारी है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति कहीं न कहीं संबंधित विभागों की मिलीभगत की ओर इशारा करती है।

### यूओयू में प्रवेश की अंतिम तिथि 27 मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय ने अकादमिक सत्र जनवरी 2026 के लिए ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 27 मार्च कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह निर्णय यूजीसी-दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो से प्राप्त दिशानिर्देशों के क्रम में लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को प्रवेश का अवसर मिल सके। विश्वविद्यालय के प्रभारी प्रवेश की ओर से जारी सूचना में बताया गया कि कई विद्यार्थियों की मांग और तकनीकी कारणों से समय पर आवेदन न कर पाने की स्थिति को देखते हुए अंतिम तिथि का विस्तार किया गया है। इससे अब इच्छुक अभ्यर्थी विश्व. विद्यालय के विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों में 27 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अध्ययन केंद्रों, क्षेत्रीय केंद्रों और संबंधित विद्याशाखाओं से विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन करने और समय से प्रवेश सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। साथ ही अध्ययन केंद्रों में अध्ययनरत शिक्षार्थियों को अगले सेमेस्टर या अगले वर्ष के लिए री-एडमिशन अथवा नवीनीकरण कराने के लिए समय रहते सूचित करने के निर्देश भी दिए गए है। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर लें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# जिले में आज होगी आपदा मॉक ड्रिल एडीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## पांच तहसीलों में सुबह साढ़े दस बजे से होगा आपातकालीन पूर्वाभ्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जनपद में आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए कल यानि आज मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर आपातकालीन मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी परगना मजिस्ट्रेट, तहसील अधिकारियों और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एडीएम ने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन, रिस्पॉन्स टाइम की जांच, जन-जागरूकता और सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित किया जाए, ताकि वास्तविक आपदा की स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सके। उन्होंने कहा आपदा घटनाक्रम पर आधारित मॉक ड्रिल कैंची धाम मंदिर परिसर, खनस्यू क्षेत्र में ओसाड बैंड ओखलकाण्डा और करायल के बीच, कालाढूंगी में रेंजर ऑफिस के समीप वन क्षेत्र, हल्द्वानी के कल्सिया नाला क्षेत्र तथा नैनीताल में चार्टन लॉज क्षेत्र मल्लीताल और नैनी झील बोट हाउस के पास मॉक ड्रिल की जाएगी। मॉक ड्रिल के समापन के बाद डी-ब्रीफिंग की जाएगी और यदि कोई कमियां सामने आती हैं तो उन्हें दूर किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जनपद के सभी परगना मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, राजस्व, अग्निशमन, चिकित्सा, परिवहन, आपूर्ति, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, संचार, पशुपालन, वन, पंचायत, होमगार्ड के साथ ही भारतीय सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

# लेखन कार्यशाला का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सरस मार्केट स्थित रमोलिया हाउस में पिछले एक हफ्ते से चल रही लेखन कार्यशाला का समापन हो गया। समापन अवसर पर लेखन कार्यशाला के संदर्भदाता व चर्चित कवि-लेखक डा. अनिल कार्की ने प्रतिभागियों से कहा कि भागदौड़ और आपाधापी के इस समय में स्वयं को समझने और व्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम लेखन है। जो लिखता है, वह समय और परिस्थितियों से संवाद करता है। उन्होंने कहा कि लेखन हमें एक संवेदनशील और जिम्मेदार इंसान बनाए रखने में भी मदद करता है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों से अपने बचपन को पत्र लिखने को कहा गया था। लेखन कार्यशाला के समापन सत्र में दिनेश सिंह, आनन्द सिंह बसेड़ा, अंकित चौधरी, अजय नेगी, ऐश्वर्या ने अपने बचपन को लिखे गए पत्रों में स्मृतियों की गंध, बीते दिनों की धूप और अधूरे सपनों की टीस एक साथ महसूस की जा सकती थी। समापन सत्र में वरिष्ठ रंगकर्मी चारु तिवारी ने इस पहल को रचनात्मक चेतना की भूमि तैयार करने वाला प्रयास बताते हुए युवाओं से साहित्य और रंग. मंच के साथ लंबे संवाद की अपेक्षा जताई। रंगकर्मी हरीश जोशी, घनश्याम भट्ट और हर्षवर्धन वर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए प्रतिभागियों को मंच और लेखनी दोनों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगमोहन रौतेला ने कहा कि डा. अनिल कार्की जैसे सर्जनशील हस्ताक्षर के सान्निध्य में प्रशिक्षण मिलना प्रतिभागियों के लिए महज कार्यशाला नहीं, बल्कि सीखने और स्वयं को खोजने की प्रक्रिया है। इस अवसर पर अंत में कुमाउनी के सुप्रसिद्ध लोकगायक दीवान सिंह कनवाल के पिछले दिनों हुए निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

## राजस्व कर, संग्रह और प्रवर्तन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कैम्प कार्यालय में राजस्व कर, संग्रह और प्रवर्तन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिक. ारी ने राजस्व वसूली की प्रगति को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप लाने, बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने और स्टाम्प तथा आबकारी वादों का प्राथमिकता से निस्तारण करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली लक्ष्यों के अनुसार नहीं होती है, तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही जिलाधिक. ारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि न्यायालयों में लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उनके पटलों का निरीक्षण जल्द ही किया जाएगा। पुलिस विभाग को अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम, शिक्षा विभाग, अभियोजन विभाग और समाज कल्याण विभाग को पॉक्सो और एनडीपीएस अधिनियम के तहत जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने का आदेश दिया, ताकि अपराधों पर रोक लगाई जा सके। बैठक के दौरान जिलाधिक. ारी ने रामनगर के कार्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी रेंज के वनग्राम रिंगोडा निवासी कानू उपाध्याय की आंधी तूफान के कारण हुई मृत्यु पर उपजिलाधिकारी रामनगर को तत्काल मुआवजा राशि देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आंधी-तूफान से किसानों को फसलों का जो भी नुकसान हुआ है, उसका मुआवजा शीघ्र दिया जाए। सड़क हादसों को रोकने के लिए जिलाधिक. ारी ने सभी परगना मजिस्ट्रेट को सूखे और जर्जर पेड़ों को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने तेज हवा और बारिश के दौरान पेड़ों के गिरने से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में एडीएम शैलेन्द्र नेगी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एसडीएम नैनीताल नवा. जिश खलिक, एसडीएम हल्द्वानी प्रमोद कुमार, मोनिका, बीसी पंत, रेखा कोहली और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# सेंट पॉल स्कूल की दीवार गिरी, मलबे में दबा परिवार, तीन गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे तेज तूफान के बीच शीशमहल स्थित सेंट पॉल स्कूल की दीवार एक कच्ची झोपड़ी पर गिर गई। घटना के वक्त झोपड़ी में मजदूर परिवार सो रहा था। दीवार गिरते ही मलबे में दबे परिवार के सदस्यों की चीख-पुकार मच गई, जिससे आसपास के लोग दौड़कर मदद के लिए पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने झोपड़ी में दबे परिवार को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सुशीला तिवारी चिकित्सालय भेजा गया। सभी घायलों को रात ही उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जानक. ारी के अनुसार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के रहने वाले 65 वर्षीय बाबूराम ने बताया कि वह पिछले 6 वर्षो से अपने परिवार के साथ उर्वादत तिवारी की जमीन पर कच्ची झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। उनकी झोपड़ी शीशमहल स्थित सेंट पॉल स्कूल की दीवार से सटी हुई है। बताया जा रहा कि घटना के समय बाबूराम के साथ उनका बेटा किशन, किशन की पत्नी आरती और उनके दो बच्चे आदित्य व अंशु के अलावा राजपाल, राजपाल की पत्नी रश्मि और उनके तीन बच्चे लक्ष्यता, प्रो. मिला, लक्ष्मी तथा धर्मवीर पुत्र धीरज, धर्मवीर की पत्नी विमला और उनका बच्चा भाविका भी झोपड़ी में सो रहे थे। बताया जा रहा कि रात करीब एक बजे आए तूफान के दौरान सेंट पॉल स्कूल की दीवार अचानक झोपड़ी पर गिर पड़ी। दीवार गिरते ही मलबे में दबे लोगों की चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। कुछ ही समय में काठगोदाम पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मलबे से बाहर निक. ालकर अस्पताल भेजा। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि हादसे में बाबूराम, उनके बेटे धर्मवीर और किशन घायल हुए। बाबूराम और धर्मवीर को हल्की चोटें आईं, जबकि किशन के हाथ, पैर और सीने में गंभीर चोटें आईं। बाकी परिवार के सदस्य आरती और रश्मि को भी हल्की चोटें आईं। सभी को अस्पताल से इलाज के बाद छुट्टी मिल गई है।

# भीमताल सीट पर सियासत गर्माई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भीमताल विधानसभा सीट को लेकर कांग्रेस के भीतर सियासी सरगर्मी तेज होती दिख रही है। सोमवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में भीमताल क्षेत्र के कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने संयुक्त पत्रकार वार्ता कर कहा कि यदि इस बार भी बाहरी व्यक्ति को आयातित कर टिकट दिया गया तो कांग्रेस को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरु ने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से पार्टी के लिए संघर्ष कर रहे जमीनी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं की अनदेखी करना संगठन के लिए घातक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने भीमताल सीट पर बाहरी नेताओं को टिकट दिया, जिसका खामियाजा पार्टी को हार के रूप में भुगतना पड़ा। कांग्रेसी नेताओं ने पार्टी हाईकमान से मांग करते हुए कहा कि इस बार समय रहते स्थानीय परिस्थितियों और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए किसी मजबूत, ईमानदार और क्षेत्र से जुड़े जमीनी नेता को ही टिकट दिया जाए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता केदार पलड़िया ने कहा कि यदि स्थानीय और लोकप्रिय प्रत्याशी को मौका दिया गया तो कांग्रेस-2027 में भीमताल विधानसभा सीट पर बड़े अंतर से जीत दर्ज कर सकती है।



# सिंथिया स्कूल में एक दिनी कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के लिए खेल, अभिनय और गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति पर जोर दिया गया। कार्यशाला में शिक्षकों को गतिविधि आधारित विधि के माध्यम से स्वयं विभिन्न अभ्यास कराए गए, जिससे उन्हें छात्रों को पढ़ाने के नए और रचनात्मक तरीकों का अनुभव हुआ। कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ ड्रामा डेरा देहरादून के संस्थापक सुभाष रावत रहे। उन्होंने बताया कि किसी भी विषय को पढ़ाते समय शिक्षकों को बच्चों के साथ सतत संवाद बनाए रखना चाहिए जिससे शिक्षक और छात्रों के बीच बेहतर जुड़ाव स्थापित हो सके। यदि शिक्षक कक्षा में उत्साह, जोश और अभिनय के साथ पढ़ाते हैं तो पढ़ाई न केवल रोचक बनती है बल्कि बच्चों में विषय को समझने और रचनात्मक ढंग से सोचने की क्षमता भी विकसित होती है। कार्यशाला से पूर्व अकादमिक कोऑर्डिनेटर बीबी जोशी ने विषय विशेषज्ञ सुभाष रावत का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप शिक्षकों के प्रशिक्षण को लेकर सजग है और समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है। इससे पहले कार्यशाला का शुभारंभ विषय विशेषज्ञ सुभाष रावत ने वरिष्ठ शिक्षिका मंजू जोशी, प्रधानाचार्य तूलिका रस्तोगी, सीनियर कोऑर्डिनेटर प्रदीप मित्रा और बीसी सती के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सुनीता भास्कर, हेम पंत, दयाल पांडे, नरेंद्र बंगारी, कोमल बिष्ट, आईडी जोशी, रविंद्र सुंठा, वीएस बजेठा, दीपक जोशी, नितिन पालीवाल, अनुराधा साह, नीता पालीवाल, शिवानी, हिमानी, ममता लोहनी, नीतू बिष्ट, भूमिका, निकिता, मनीषा, माही आदि मौजूद रहे।



# काठगोदाम के गोल्ज्यू और गंगनाथ मंदिर में चोरी

## वारदात: गोल्ज्यू में तोड़ा दानपात्र, गंगनाथ मंदिर में कुछ नहीं मिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थानाक्षेत्र में चोरों ने धार्मिक स्थलों को निशाना बनाते हुए सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। रविवार रात आए तूफान और बिजली गुल होने का फायदा उठाकर शातिरों ने फिल्टर हाउस के पास स्थित गोल्ज्यू और गंगनाथ मंदिर के ताले तोड़ दिए। चोर गोल्ज्यू मंदिर से दानपात्र तोड़कर हजारों रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। घटना का खुलासा सोमवार सुबह उस समय हुआ जब स्थानीय निवासी भुवन लाला साह मंदिर में पूजा के लिए पहुंचे। मंदिर के ताले टूटे और मूर्तियां जली देख उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार रविवार रात तूफान के दौरान इलाके की बिजली गुल थी। इसी अंधेरे का फायदा उठाकर चोर पहले गोल्ज्यू मंदिर पहुंचे। उन्होंने दो नोंक वाली पिन लगाकर मंदिर का ताला तोड़ा, दानपात्र का ताला तोड़कर नकदी निकाल ली और इसके बाद मंदिर में रखी गोल्ज्यू भगवान की मूर्ति जली हुई थी। संभवत: माना जा रहा कि चोरी के दौरान उजाला करने के लिए चोरों ने ऐसी हरकत की होगी। गोल्ज्यू मंदिर से वारदात करने के बाद चोर कुछ दूरी पर स्थित गंगनाथ मंदिर भी पहुंचे। यहां भी ताला तोड़ा गया, लेकिन चोरों को कोई नकदी या सामान नहीं मिला। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है और आसपास के क्षेत्रों में जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।



### ड्यूटी पर कर्मचारी होता, तो टल सकती थी घटना

मंदिरों के बिल्कुल पास ही जल संस्थान का फिल्टर हाउस स्थित है, जहां दिन-रात कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। लेकिन जिस तरह से फिल्टर हाउस के अगल-बगल गोल्ज्यू व गंगनाथ के मंदिरों में एक के बाद एक चोरी की वारदात हुई, उससे साफ है कि घटना के समय वहां पर फिल्टर हाउस का कोई कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि फिल्टर हाउस में तैनात कर्मचारी ड्यूटी पर होता तो मंदिरों के ताले टूटने से बच जाते और और समय रहते पुलिस को सूचना दे सकता था। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल का रास्ता होने के कारण इधर नशेड़ी व अराजक तत्वों का जमाड़ा लगा रहता है, और इस वारदात को नशेड़ियों ने ही अंजाम दिया हो सकता है।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
33/11 केवी उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)

**निविदा समय विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत इस खण्ड से प्रकाशित निविदा संख्या 76, 77 एवं 78/2025-26, जो कि दिनांक 17.03.2026 को खोली जानी थी, अपरिहार्य कारणवश निविदा खुलने की तिथि 25.03.2026 की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.03.2026 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेंगी।

**अधिशासी अभियन्ता**

पत्रांक: 1166/वि0वि0ख0ग्रा0 (ह0) दिनांक: 16.03.2026

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
33/11 केवी उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)

**ई-निविदा समय विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत इस खण्ड से प्रकाशित ई-निविदा संख्या 73, 74 एवं 75/2025-26, जो कि दिनांक 17.03.2026 को खोली जानी थी, अपरिहार्य कारणवश निविदा खुलने की तिथि 25.03.2026 की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.03.2026 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेंगी।

**अधिशासी अभियन्ता**

पत्रांक: 1165/वि0वि0ख0ग्रा0 (ह0) दिनांक: 16.03.2026

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुठभेड़ में पुलिस ने असलाह सप्लायर बंटी कोली को दबोचा

- उसका एक साथी भी पकड़ा, बंटी के पैर में लगी गोली
- सात तमंचे 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, एक पिस्टल 30 बोर, 16 जिंदा कारतूस, एक 12 बोर कारतूस, एक बाइक और लगभग चार हजार रुपये बरामद
- मनोज से एक तमंचा 315 बोर, 10 जिंदा कारतूस और करीब तीन हजार रुपये बरामद किए



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जनपद में अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी टीम में बड़ी कारवाई करते हुए असलाह सप्लायर बंटी कोली को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान बंटी कोली के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रुदपुर में भती कराया गया है। उसके साथ उसका साथी मनोज कुमार भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि रुद्रपुर क्षेत्र में अवैध तमंचों की सप्लाई करने वाला बंटी कोली मोदी मैदान के पास हथियारों की डिलीवरी देने आने वाला है। सूचना के आधार पर एसओजी टीम ने मौके पर घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखते ही बंटी कोली में पुलिस पर चार राउंड फायर कर दिए। जबाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी चार राउंड फायर किए, जिसमें बंटी कोली के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं।

बंटी कोली से सात तमंचे 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, एक पिस्टल 30 बोर, 16 जिंदा कारतूस, एक 12 बोर कारतूस, एक मोटरसाइकिल और लगभग 4 हजार रुपये बरामद किए गए। वहीं मनोज कुमार से एक तमंचा 315 बोर, 10 जिंदा कारतूस और करीब 3 हजार रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक बंटी कोली का लंबा आपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी और आम्स एक्ट समेत आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2024 में उसे तीन माह के लिए जिला बदर भी किया गया था, लेकिन उसने आदेश का उल्लंघन किया था।

दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने और अवैध हथियार रखने के आरोप में कोतवाली ट्रांजिट कैंप में धारा 109/111 बीएनएस तथा आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## ओवरलोड खनन पर में पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बन्नाखेड़ा चौकी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज कर दिया। चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह खड़ायत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खनन क्षेत्र में छापामार अभियान चलाया। जांच के दौरान कई वाहन ओवरलोड पाए गए, जिन पर कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह खड़ायत ने बताया कि क्षेत्र में ओवरलोड और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुरेंद्र खड़ायत, देवेंद्र मनराल, अपर उपनिरीक्षक भरत सिंह, कांस्टेबल सुनील कुमार, विक्रम बोहरा और गिरीश पाटनी शामिल रहे।

### एक नजर

## वर्षो से फरार वारण्टी को पुलिस ने पकड़ा



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी बाजपुर/काशीपुर के आदेशानुसार कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा न्यायालय जसपुर से अन्तर्गत धारा 498 ipc और 3/4 दहेज अधिनियम में जारी वारंट में वारण्टी अनीस अहमद पुत्र फकीरा निवासी फेजुल्लापुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश को घर से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त वारंटी को न्यायालय पेश कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई संतोष देवरानी चौकी इंचार्ज नादेही, का. अशोक कुमार, दीपक जलाल, मनोज रावत आदि शामिल रहे।

## स्वच्छता, साक्षरता, पर्यावरण, वृक्षारोपण, समाज के लिए प्रेरणादायक: डा. भुवनेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** आरएलएसएम महाविद्यालय जसपुर के तत्वावधान में आयोजित रासेयो (एनएसएस )इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर राजकीय कन्या उच्चतर विद्यालय धर्मपुर में शिविर के छठवें दिवस की शुरुआत मां सरस्वती जी के वंदन से की गई । तदुपरांत स्वयंसेवकों ने दैनिक गतिविधियों में प्रतिभाग कर व्यायाम तथा विभिन्न आसनों के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए संकल्प लिया।



कार्यक्रम अधिकारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि पिछले पांच दिनों से आप सभी ने सेवा, अनुशासन एवं कर्तव्य परायणता की जो भावना दिखलाई है वह अत्यंत सराहनीय है । एनएसएस का मूल मंत्र 'नॉट मी बट यू' हमें यह सिखाता है कि हमें अपने स्वयं से ऊपर उठकर समाज के हित में कार्य करना चाहिए। शिविर के माध्यम से किये जा रहे विभिन्न कार्य स्वच्छता, साक्षरता ,पर्यावरण ,जल संरक्षण, वृक्षारोपण आदि समाज के लिए प्रेरणादायक है। स्वयंसेवक सेवियों द्वारा शिविर स्थल प्रांगण में बैडमिंटन, कबड्डी जैसे स्वास्थ्यपरक खेल भी खेले गए। इस अवसर पर इंजी विनय कुमार डा. भुवनेश कुमारी ,संजय राजपूत, रेखा चौहान, सुभाष चंद्र, प्रीति वर्मा, अलका सक्सेना, सतीश कुमा, महेंद्र सिंह, केशव कुमार, पिंकी चौहान, शिवानी चौहान, रिंकी वाला, मोहम्मद सलीम, राशीद राजवीर सिंह, अर्जुन सिंह, दीपक कुमार चौहान, विवेक कुमार चौहान, विवेक कुमार वत्सल, आसमा, लक्ष्य, कुमकुम, अमनदीप, शगुन, नीरज, अंकित भूपेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

- टेंपो स्टैंड पर करता था मुंशी का काम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से टेंपो स्टैंड के एक मुंशी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।



पुलिस के अनुसार, भूरारानी के खुशी इनक्लेव वार्ड 31 निवासी 26 वर्षीय करन खेड़ा पुत्र ललित खेड़ा रुद्रपुर टेंपो स्टैंड में मुंशी के रूप में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि रविवार रात वह किसी कार्यवश कहीं गया हुआ था। रात्रि करीब 12 बजे के आसपास रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के निकट वह अचानक किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रेन की चपेट में आने से उसके दोनों पैर कट गए और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना भारत सेवा टीम के सदस्यों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे टीम के सदस्यों ने करन को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह जब घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को हुई तो वे रोते-बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। कोतवाली रुद्रपुर से उप निरीक्षक जीवन सिंह अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है कि युवक किस ट्रेन की चपेट में आया और हादसा किन परिस्थितियों में हुआ। मृतक का विवाह नहीं हुआ था वह दो भाईयों में बड़ा था।

## चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इलेवन ने एसजीएसटी इलेवन को सात विकेट से हराया

- महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** हल्द्वानी शाखा सीआईआरसी आईसीएआई के तत्वावधान में जैन ग्लोबल क्रिकेट अकादमी में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इलेवन और एसजीएसटी इलेवन के बीच 20 ओवर का एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समन्वय और खेल भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी यादव तथा केजीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अशोक बंसल ने शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए हल्द्वानी शाखा द्वारा आयोजित इस मैच की सराहना की। विकास शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन पेशेवरों और सरकारी अधिकारियों दोनों के लिए आवश्यक हैं जिससे वे स्वयं को शारीरिक रूप से फिट रखने और तनावमुक्त रहने में मदद प्राप्त करते हैं। मैच में एसजीएसटी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम निर्धारित ओवरों में 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसके जवाब में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इलेवन की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 14.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाकर 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। मैच में चार्टर्ड एकाउंटेंट आलोक चावला ने 38 गेंदों पर 48 रन की शानदार पारी खेली और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। एसजीएसटी इलेवन की ओर से संतोष उनियाल ने 27 गेंदों पर 40 रन तथा अखिलेश द्विवेदी ने 35 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में चार्टर्ड एकाउंटेंट गुरजस्पाल सिंह ने 4 ओवर में 4 विकेट लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

वहीं चार्टर्ड एकाउंटेंट अक्षय अग्रवाल ने 3 विकेट तथा अभिनव बंसल ने भी महत्वपूर्ण विकेट लिया। इस अवसर पर हल्द्वानी शाखा सीआईआरसी आईसीएआई के अध्यक्ष चार्टर्ड एकाउंटेंट मोहित देव, उपाध्यक्ष चार्टर्ड एकाउंटेंट बलजीत सिंह कलसी, सचिव अंकित प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष चेतन प्रकाश खुराना , रोहित नौला, विनीत शर्मा, विजेंद्र माहेश्वरी, पारस सुराना, ऋषभ चिलाना, यश नारंग तथा डिप्टी कमिश्नर रजनीश यशवस्थी, विनय प्रकाश ओझा, ज्ञान चंद, असिस्टेंट कमिश्नर अनिल चौहान, संतोष उनियाल, एसटीओ मुकेश पाण्डेय, एजाज बेग,नवीन कांडपाल, एसएओ राकेश जखमोला एवं अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

## युवक से तमंचा व कारतूस बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बाजपुर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

दोराहा चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्वार रोड स्थित बंद पड़ी पुरानी फैक्ट्री के पास से अनुराग सागर पुत्र सुंदरलाल सागर निवासी बाजपुर को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी, अपर उपनिरीक्षक सुनील कुमार, कांस्टेबल विजय पाल सिंह और कैलाश पांडेय शामिल रहे।

## सार्वजनिक मां काली पूजा का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ग्राम शिवपुर स्थित काली मंदिर प्रांगण में राधे-राधे यंग क्लब की ओर से श्री श्री सार्वजनिक मां काली पूजा का भव्य आयोजन पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान जहां एक ओर विधिवत पूजा-अर्चना और हवन यज्ञ संपन्न हुआ। वहीं दूसरी ओर देर शाम आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मनमोहक झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मां काली के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन न केवल समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं, बल्कि हमारी समृद्ध परंपराओं को भी जीवित रखते हैं। उन्होंने युवाओं के इस प्रयास को प्रेरणादायक बताते हुए क्लब के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजक मंडल ने पूर्व विधायक ठुकराल का स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हालदार, क्षेत्र पंचायत सदस्य कमलेश मिस्त्री, ग्राम प्रधान शुभ मंगल राय, पूर्व ग्राम प्रधान नरेश तापली और लंबाखेड़ा क्षेत्र पंचायत सदस्य सरिता चौधरी मौजूद रहीं। इसके अतिरिक्त समाजसेवी संजय ठुकराल, अजय नारायण सिंह और राजेश ग्रोवर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राधे-राधे यंग क्लब शिवपुर के विजय शिकारी, मिथुन मालाकार, कृष्णा तापली, राजेश तापली, महेश बाला, प्रेम सरकार, अनिकेत ढाली, देव ढाली, राजेश विश्वास, प्रकाश दास, रवि गाइन सहित क्लब के तमाम पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अटरिया माता मंदिर में चोरी का दूसरा आरोपी भी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पंतनगर पुलिस ने अटरिया माता मंदिर में हुई चोरी की घटना में शामिल दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की नकदी के साथ एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार रम्पुरा निवासी पंकज गौड़ पुत्र नन्हे बाबू शर्मा ने कोतवाली पंतनगर में सूचना दी थी कि 26 फरवरी को अटरिया माता मंदिर में दो अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखे छह दानपात्रों को तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली। इस मामले में पुलिस ने धारा 305 (डी) बीएनएस बनाम अज्ञात दर्ज किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर व पुलिस क्षेत्राधिकारी पंतनगर के पर्यवेक्षण में पंतनगर थाना पुलिस ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच और सुरागरसी शुरू की। जांच के दौरान दो युवकों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने की पुष्टि हुई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 मार्च को पहले आरोपी रामकिशन उर्फ किशन पुत्र स्व. कप्तान सिंह निवासी तीन पानी डैम, ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8108 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त भगवा रंग का कपड़ा बरामद किया था। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।



मामले में वांछित दूसरे आरोपी रोहित पुत्र शंकर लाल निवासी मछली बाजार, गुरुकुल स्कूल के पास, ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर को पुलिस ने 15 मार्च को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी के 8010 रुपये, एक अवैध 315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अवैध हथियार बरामद होने पर आरोपी के खिलाफ पंतनगर थाने में आयुध अधिनियम की धारा 25(1-ख)(क) के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पंतनगर नंदन सिंह रावत, एसआई सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल नितिन कुमार और हरी सिंह शामिल रहे।

## राजेन्द्र सिंह सैनी राज बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा में नए दायित्व मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। राजेन्द्र सिंह सैनी 'राज' को भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका स्वागत कर बधाई दी।



इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहन पाल और पूर्व जिला मंत्री कोमल सैनी सहित कई कार्यकर्ता उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचे और उन्हें माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त जिला मंत्री राजेन्द्र सिंह सैनी राज ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।इस अवसर पर मोहन पाल, कोमल सैनी, बबीता राज सैनी, सुंदर सैनी, डॉ. क्रांति दिवाकर, हीरालाल, विपिन और जगदीश सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए जसपुर पुलिस द्वारा दहेज की मांग को लेकर नाजमा को लगातार प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार 15/03/2026 को पप्पू कालोनी जसपुर में मात्र सात महीने की विवाहिता नाजमा पुत्री नन्हे निवासी लालपुर पीपलसाना थाना ठाकुरद्वारा उम्र 24 वर्ष ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। नाजमा के पिता नन्हे सिंह द्वारा पति शाहनवाज तथा परिवार वालों के विरुद्ध तहरीर देकर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। नाजमा के परिवार द्वारा बताया गया कि नाजमा का पति और ससुराल वाले शादी में बुलेट मोटरसाइकिल ना मिलने से नाराज थे और शादी के बाद से लगातार नाजमा को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। ससुराल वाले आए दिन दहेज की मांग के लिए ताने मारकर जलील करते थे। शादी के मात्र सात माह के भीतर पति एवं ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किए जाने के कारण आत्महत्या कर ली। नाजमा लगभग 05 माह की गर्भवती थी। मुखबिर की सूचना पर शाहनवाज पुत्र फाईमउद्दीन निवासी पप्पू कॉलोनी खेड़ा लक्ष्मीपुर रोड थाना जसपुर को जसपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।

अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी बाजपुर वैभव सैनी, प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई इंद्र सिंह ढेला, एसआई ललित सिंह, हे.का. गणेश राम, का. परविंदर सिंह, म.का. सीमा आर्य आदि शामिल रहे।

## विधायक शिव अरोरा ने किया गैस एजेंसियों का दौरा

- बोले-विपक्ष भ्रम की स्थिति न बनाए, पर्याप्त मात्रा में गैस के भण्डार उपलब्ध

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** गैस आपूर्ति मे हो रही आमजन को किलत के बीच रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चन्द्र तिवारी संग किया गैस एजेंसी का दौरा। विधायक शिव अरोरा ने गाबा चौक के निकट इण्डेन गैस एजेंसी का दौरा कर कतारों मे लगे आमजन का हाल जाना और उनको भरोसा दिलाया जिन उपभोक्ता की ऑनलाइन बुकिंग है उनको गैस आवश्य मिलेगी। मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी को भी निर्देशित किया कि जिन उपभोक्ता की बुकिंग है और कतार में खड़े हैं वह कोई भी खाली ना जाए सभी को गैस बिना किसी असुविधा के मिल जाए।

विधायक शिव अरोरा ने इस दौरान कहा निश्चित रूप से यह अंतर्राष्ट्रीय संकट आया है और ऐसी स्थिति में हमारी केंद्र सरकार गैस की आपूर्ति को हर हाल मे सुनिश्चित करवा रही है। गैस को लेकर कोई कमी नहीं है। जनता इस समय धर्य बनाकर रखे और इस स्थिति पर विधायक लगातार नजर बनाए हुए थे। गैरसैण सत्र के दौरान भी जिलाधिकारी, एडीएम, जिला पूर्ति अधिकारी से लगातार फोन के माध्यम से उनकी वार्ता जारी थी कि जनता को गैस आपूर्ति को लेकर अनावश्यक दिक्कत न हो यह प्रशासन सुनिश्चित कर ले ओर प्रशासन इसको लेकर पूरी तरह मुश्तेद नजर आया। विधायक अरोरा ने कहा गैस आपूर्ति में कोई कमी नहीं है जनता संयम से काम ले ओर इसको लेकर हमारी प्रदेश की धामी सरकार ने भी स्पष्ट कहा है हर उपभोक्ता को गैस उपलब्ध होंगी। इस दौरान भाजपा पार्षद राजेश जग्गा, राधेश शर्मा, सचिन मुंजाल, राजेश कामरा, मनोज मदान, सुनील सिंह, विकास सागर, डंम्पी चौपड़ा, राजीव शुक्ला, मयंक कक्कड़, शुभम अग्रवाल, आदि लोग मौजूद रहे।



## भाकियू ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के किसानों ने सोमवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा और जल्द कार्रवाई की मांग की। यह ज्ञापन भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा के नेतृत्व में दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बिन्दुखत्ता ग्राम को राजस्व ग्राम घोषित किए जाने पर भाकियू टिकैत मुख्यमंत्री का तहदिल से आभार व्यक्त करती है। साथ ही किसानों को भूमिधरी अधिकार दिए जाने की मांग भी की गई।

ज्ञापन में किसानों ने 20 गांवों की 5838 एकड़ भूमि के जल्द निस्तारण की मांग उठाई। साथ ही उत्तराखंड में विभिन्न श्रेणियों में दर्ज जमीनों को खारिज कर सम्पूर्ण भूमि को वर्ग-1 (क) संक्रमणीय भूमिधरी में दर्ज करने की मांग की। किसानों ने पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड में भी सिंचाई ट्यूबवेल के बिल माफ करने तथा किसानों का बाकी बचा गन्ना भुगतान जल्द जारी करने की मांग की। इसके अलावा हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को हुए नुकसान का मुआवजा देने, एमएसपी के साथ 150 रुपये प्रति कुंतल बोनस देने और जिन किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हुई है, उनकी जांच कर उचित मुआवजा देने की मांग भी उठाई गई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जोरावर सिंह भुल्लर, प्रताप सिंह संधू, फौजी कॉलोनी समिति के अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह रंधावा, हरप्रीत सिंह निज्जर, लड्डू सिंह, जस्मीत भुल्लर, बिजेंद्र डोगरा और प्रिंस ढिल्लों समेत कई किसान मौजूद रहे।

## गैस एजेंसी पर हंगामा, एसडीएम ने कहा: घर-घर होगी होम डिलीवरी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** यादव गैस एजेंसी पर गैस की किल्लत को लेकर सोमवार सुबह उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। दर्जनों लोग सुबह से गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े रहे, लेकिन गैस नहीं मिलने पर नाराज लोगों ने एजेंसी पर जमकर हंगामा किया। गुस्साए उपभोक्ताओं ने एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा से शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि गोदाम में गैस होने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं दिए जा रहे हैं और कालाबाजारी की जा रही है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम डा. अमृता शर्मा ने कहा कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोगों को बेवजह लाइन में लगने की जरूरत नहीं है, क्योंकि गैस एजेंसी को उपभोक्ताओं के घर पर ही होम डिलीवरी करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने पुलिस को फोन कर गैस गोदाम की जांच कराने के निर्देश दिए। जांच के बाद पुलिस ने बताया कि गोदाम में भरे हुए सिलेंडर मौजूद नहीं हैं और जैसे ही गैस की सप्लाई आ रही है, उसी के अनुसार उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। वहीं गैस एजेंसी स्वामी महिपाल यादव ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि कुछ लोग बेवजह हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गैस की सप्लाई आते ही नियमित रूप से उपभोक्ताओं को वितरण किया जा रहा है और कालाबाजारी की बात पूरी तरह अफवाह है।

# पिथौरागढ़ में गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी व्यवस्था शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई के आदेशों के क्रम में जनपद पिथौरागढ़ में गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी व्यवस्था सुनिश्चित करवाई गई है। संबंधित विभागों एवं आपूर्ति एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा वितरण कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जाए। आवश्यकतानुसार उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी कराई जा रही है।

गैस की होम डिलीवरी प्राप्त होने पर उपभोक्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस व्यवस्था से हमारा समय बच रहा है और गैस के लिए लगने वाली लंबी-लंबी कतारों में निश्चित रूप से कमी आएगी।




वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है तथा इससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। प्रशासन द्वारा व्यवस्था की निरंतर निगरानी की जा रही है ताकि जनपद में गैस आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे तथा जनपदवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# लुटेरी नकली पिंकी सहित छह लुटेरे दबोचे

**■ गिरोह का मुख्य आरोपी तारा सिंह कोतवाली में है हिस्ट्रीशीटर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** उत्तर प्रदेश पीलीभीत के कलीनगर निवासी पवनघ कुमार से लूटी गई हुंडई कार, नगदी, सोने की अंगूठी, एटीएम कार्ड, दस्तावेज व अन्य सामान को पुलिस ने किया बरामद करते हुए दो महिलाओं सहित छह: लोगों को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए जनपद उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि कोतवाली नानकमत्ता के अंतर्गत चौकी प्रतापपुर के मच्छी झाला 14 मार्च 2026 रात्रि को उत्तर प्रदेश पीलीभीत के कलीनगर निवासी पवनघ कुमार पुत्र शिवहरी को आरोपियो ने सुनियोजित तरीके से महिलाओं के माध्यम से फोन कर अपने जाल में फंसाया फिर उसे मिलने के बहाने मच्छी झाला क्षेत्र नानकमत्ता बुलाया,जब पीडीत अपनी कार से मौके पर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद महिलाओं व अन्य साथियों ने उसे घेर लिया। इसके बाद उसे



कार से उतारकर भड़ाभुड़िया स्थित एक घर में बंधक बना लिया। आरोपियो ने पवन कुमार के साथ मारपीट कर उसके कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बनायी और उसे वायरल करने की धमकी देकर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने का प्रयास किया।

इसी दौरान आरोपियों ने उसकी नगदी, सोने की अंगूठी, दस्तावेज व कार लूट ली और फरार हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर प्रतापपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक

राजेन्द्र पंत ने पुलिस टीम डाम बन्दे क्षेत्र में घेराबंदी की तो सामने से आती कार को रोककर चौक किया तो उसमें दो महिलाओं सहित चार लोग सवार थे, चारों ने पूछताछ में अपना नाम सीमा कौर पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी भड़ाभुड़िया, खटीमा,व गुरमीत कौर पत्नी तारा सिंह निवासी: गिधौर, नानकमत्ता, तथा तारा सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी गिधौर, व राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी: भड़ाभुड़िया, कोतवाली खटीमा, बताया पीडीत द्वारा चारों की पहचान करते ही पुलिस ने चारों को दबोच लिया, जिनसे पूछताछ कर पुलिस घटना में शामिल दो अन्य आरोपियो गुरविन्दर सिंह उर्फ डिम्पल पुत्र सर्वण सिंह निवासी ग्राम वरकीडांडी, व रमन सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी ग्राम गिधौर को वाटर स्पोर्ट्स नानकमत्ता के पास से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया कर लिया जिनके कब्जे से लूटी गयी सोने की अंगूठी व नगदी बरामद की गयी।

घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली निरीक्षक मंजू पांडे, चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक राजेंद्र पंत,उप निरीक्षक सुनील कुमार मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार, आरक्षी राजकुमार बोरा, शुभम सैनी, प्रकाश आर्या, महिला सिपाही कमला गोस्वामी आदि शामिल हैं।

# व्हाइट वाटर रिवर रॉफ्टिंग अभियान का शुभारंभ

**■ फिट इंडिया की भावना के साथ शुरू हुआ व्हाइट वाटर रिवर रॉफ्टिंग अभियान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सीमांत क्षेत्रों में साहसिक खेलों को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं में फिटनेस, अनुशासन एवं खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, रानीखेत के तत्वावधान में 55वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पिथौरागढ़ द्वारा "व्हाइट वाटर रिवर राफ्टिंग अभियान (तरणी) -2026" का जौलजीबी में भव्य शुभारंभ किया गया। यह अभियान सीमांत क्षेत्रों में साहसिक गति. विधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ जवानों की नदीय संच. ालन क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी आशीष कुमार




भटगाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित कुमार, महानि. रीक्षक, सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, रानीखेत द्वारा की गई। कार्यक्रम में सुधांशु नौटियाल, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय अल्मोड़ा सहित सेना, आईटीबीपी, सशस्त्र सीमा बल, पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामा. जिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा सीमांत क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस साहसिक अभियान की सराहना करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अभियान का नेतृत्व सुधांशु नौटियाल, उप महानिरीक्षक द्वारा अभियान कमांडर के रूप में किया जा रहा है, जबकि आशीष कुमार, कमांडेंट, 55वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल उप कमांडर के रूप में अभियान का संचालन कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पूरी टीम अनुशासन, समन्वय एवं सुरक्षा के साथ इस चुनौतीपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान में कुल 38 प्रतिभागी, 6 राफ्ट एवं 02 कायकिंग के माध्यम से भाग ले रहे हैं।

# एक्सिस बैंक ने आईआईएम में खोली पहली ऑन-कैंपस शाखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारत के बड़े निजी बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट काशीपुर में अपनी पहली पूर्ण-सेवा ऑन-कैंपस शाखा खोली। इस शाखा का उद्घाटन एक्सिस बैंक-ब्रांच बैंकिंग, नॉर्थ एवं टीएएससी के प्रेसिडेंट और हेड रेनॉल्ड डी'सूजा और आईआईएम काशीपुर के डायरेक्टर नीरज द्विवेदी ने किया। इस मौके पर बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे, जिनमें नॉर्थ 3 के रीजनल ब्रांच बैंकिंग हेड प्रकाश पी. और देहरादून-सर्कल हेड राजित सिंघला शामिल थे। इसके अलावा आईआईएम काशीपुर के प्रमुख फैकल्टी सदस्य भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

यह शाखा काशीपुर के कुंडेश्वरी रोड स्थित आईआईएम कैंपस के ग्राउंड फ्लोर पर बनी है।



यह शाखा छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ की सभी बैंकिंग जरूरतों को पूरा करेगी।

बैंक शिक्षा ऋण पर रियायती ब्याज दरें भी देगा। इसके साथ ही डेबिट कार्ड पर विशेष लाभ और क्रेडिट कार्ड तथा डिजिटल बैंकिंग उत्पादों पर खास ऑफर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। एक्सिस बैंक के ब्रांच बैंकिंग, नॉर्थ और टीएएससी के प्रेसिडेंट और हेड रेनॉल्ड डी'सूजा ने कहा कि कैंपस में शाखा होने से हम छात्रों और फैकल्टी की रोजमर्रा की बैंकिंग आसान बना सकते हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट काशीपुर में हमारा ध्यान सुविधाजनक पहुंच, व्यक्तिगत सेवा और डिजिटल समाधान देने पर है, जो छात्रों और फैकल्टी की सभी जरूरतों को पूरा करें।

# जिला बदर हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में पुलिस क्षेत्र अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक खटीमा के मार्गदर्शन में न्यायालय से निर्गत गैर जमानती गिरफ्तारी अधिपत्रों व अन्य आदेशिकाओं के निष्पादन एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला बदर हिस्ट्री शीटर वारंटी अभियुक्त मनराज सिंह पुत्र बलकार सिंह व जसवीर कौर निवासी ग्राम चंदेली, हाल किराएदार रेशम सिंह का मकान मझोला, थाना न्यूरिया, जनपद पीलीभीत, उत्तर प्रदेश को मुखबिर की सूचना पर उत्तराखंड उत्तर प्रदेश की सीमा क्षेत्र से खटीमा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार हिस्ट्री शीटर वारंटी अभियुक्त मनराज सिंह को चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत न्यायालय की समक्ष पेश किया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में अलग-अलग मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अनुराग सिंह, वरिष्ठ आरक्षी झींगुरी राम, आरक्षी रविंद्र सिंह धोनी, महिला होमगार्ड मुस्कान शामिल रहे।

# घाट पुल के पास 100 मीटर गहरी खाई में गिरी कार

**■ 18 वर्षीय चालक गंभीर घायल, दोनों युवकों को सुरक्षित निकालकर भेजा गया अस्पताल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** चम्पावत जिले में घाट पुल के पास सोमवार को एक कार के गहरी खाई में गिरने से हड़कंप मच गया। लोहाघाट से पिथौरागढ़ की ओर जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित रेस्क्यू अभियान चलाया और घायलों



को सुरक्षित बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार आज सोमवार को कार संख्या UK 03-3999 लोहाघाट से पिथौरागढ़ की ओर जा रही थी। घाट पुल से पहले वाहन चालक का संतुलन बिगड़ने से कार सड़क से नीचे करीब 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही चौकी बाराकोट थाना लोहाघाट पुलिस और फायर स्टेशन लोहाघाट की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से खाई में फंसे युवकों को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। हादसे में कार चालक युवराज ओली (18 वर्ष) पुत्र राज किशोर, निवासी गलचौड़ा लोहाघाट को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दीपेश खर्कवाल (18 वर्ष) पुत्र गिरीश खर्कवाल, निवासी पिथौरागढ़ को मामूली चोटें आई हैं। रेस्क्यू टीम ने दोनों घायलों को सुरक्षित खाई से निकालकर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय लोहाघाट भेज दिया।

पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

# पर्यावरण और स्वच्छता को लेकर किया जागरुक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** राजकीय महाविद्यालय बनबसा के प्राचार्य डा. आनंद प्रकाश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों और युवाओं में शैक्षिक साम. ुदायिक सेवा पर्यावरण और स्वच्छता का बोध कराती है। यह बात उन्होंने राजकीय महाविद्यालय बनबसा द्वारा B-Ed कॉलेज बनबसा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहाढ।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं में शैक्षिक साम. ुदायिक सेवा और नेतृत्व विकास कल लेकर हर वर्ष एक सप्ताह का सेवा योजना का कार्यक्रम चलाया जाता है।

उन्होंने कहा कि इस दौरान देवी आपदा और आपातकालीन स्थिति के लिए भी राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाता है। कार्यक्रम को क्षेत्र के पत्रकारों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के पीएलबी अर्जुन सिंह द्वारा भी संबोधित किया गया।

कार्यक्रम में डॉक्टर हेम गहतोड़ी, डा. राजीव कुमार सक्सैना, डॉक्टर भूप नारायण दीक्षित, डॉक्टर सुशीला आर्य, डॉक्टर दीप्ति कार्की और कार्यालय का स्टाफ जयंती देवी, त्रिलोकचंद कांडपाल, विनोद कुमार और नर सिंह आदि भी मौजूद थे।

# मार्ग में गिरा विशालकाय पेड़, यातायात हुआ बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली रामनगर द्वारा फायर स्टेशन को सूचना प्राप्त हुई कि हलदुवा चौकी काशीपुर रोड के पास एक विशालकाय पेड़ गिरा हैं, जिससे यातायात पूर्ण रूप से बाधित हो गया।सूचना प्राप्त होते ही फायर स्टेशन रामनगर की राहत एवं बचाव कार्य टीम प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत के दिशा निर्देशन में घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

वहां पहुंच कर सड़क के बीचों बीच गिरे विशालकाय पेड़ को वुडन कटरों की सहायता से छोटे-छोटे टुकड़े कर रोड के किनारे किया गया और मार्ग को आवाजाही के लिए सुचारू रूप से चालू कराया गया गया।

## सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स देवभूमि कन्सट्रक्शन, कुण्डेश्वरी काशीपुर, ऊ. सिंह नगर जो कि एक पंजीकृत सांझेदारी फर्म है, से दिनांक 16-03-2026 को फर्म का पुनर्गठन नवीन शर्तों के अनुरूप गजेन्द्र सिंह, विक्रम कलकल, विकास गुसाई, भगत सिंह के चले जाने के बाद अब फर्म के नये / निरन्तर सांझेदार सनप्रीत सिंह एवं मो. आसिफ है।

**कृते-मैसर्स देवभूमि कन्सट्रक्शन कुण्डेश्वरी, काशीपुर, ऊ. सिंह नगर द्वारा सनप्रीत सिंह**

## एक नजर

### रेल अंडरपास क्षेत्र की बिजली समस्या को लेकर अधिकारियों से मिले पूर्व दर्जा मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वार्ड टांडा बंजारा स्थित रेल अंडरपास क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर पूर्व राज्य दर्जा मंत्री राजेश कुमार ने विद्युत विकासखंड बाजपुर के अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल से भेंट की। इस दौरान भाजपा नेता राजेश कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष सैनी, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री एवं सभासद राजेश सैनी, सभासद जॉनी मौर्य और सभासद कैलाश दिवाकर भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने और लोगों को आ रही बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की। अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर विद्युत व्यवस्था मिल सके।

### बीच सड़क खड़े वाहन से टकराया तेज रफ्तार डंपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रामराज रोड स्थित कर्म सिंह पड्डा फार्म के पास बनी माइनिंग चेकपोस्ट एक बार फिर हादसे का कारण बन गई। सोमवार तड़के सड़क पर खड़े एक डंपर से तेज रफ्तार डंपर की भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार सुबह करीब पांच बजे माइनिंग चेकपोस्ट पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान डंपरों को सड़क के बीचों-बीच खड़ा कर दिया गया था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर चालक को अंधेरे में खड़े वाहन का अंदाजा नहीं लग सका और वह सीधे खड़े डंपर से जा टकराया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोग पहुंच गए और घायलों को मदद पहुंचाई। ग्रामीणों ने चेकपोस्ट कर्मियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया कि यहां अक्सर चेकिंग के नाम पर वाहनों को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया जाता है, जिससे जाम और हादसों की स्थिति बनती रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि माइनिंग विभाग को रॉयल्टी की जांच करनी है तो इसके लिए सड़क से हटकर वाहनों को खड़ा करने की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। बीच सड़क पर वाहन खड़ा करना लोगों की जान के साथ खिलवाड़ है।

### नसीम व नईम सैफी ने रोजा अफ्तार कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** स्टार प्लाईवुड के मालिक व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शमीम के छोटे भाई नसीम सैफी व नईम सैफी के द्वारा मोहल्ला भवानीगंज स्थित नज्जारान मस्जिद मे रोजा अफ्तार कराया गया जिसमे बड़ी संख्या मे रोजेदारो ने शिरकत की गयी।

इस मौके पर मस्जिद के इमाम मुफ्ती सलीम सैफी के द्वारा दुआ ऐ खैर मे मुल्क मे अमन चैन, आपसी भाईचारे व कौम की तरक्की के लिये दुआ की गयी। रोजा अफ्तार मे नसीम सैफी, नईम सैफी, सलमान सैफी, कामरान सैफी, अमन सैफी, हाजी साबिर, मास्टर असगर, सभासद प्रतिनिधि जफर इकबाल,मौ. जाहिद, डॉ. नासिर, जाहिद, डॉ. नासिर, डॉ. जफर सैफी, डॉ. सलमान सैफी, आबिद सैफी , मोबीन सैफी, गुलजार सैफी, मौ. खलीक, अजीम अंसारी, सलीम मलिक, साकिब उजाला, शावेज सैफी सहित बड़ी तदाद मे रोजेदार मौजूद रहे।

### अजय पाल के भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री बनने पर खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के नैनीताल के जिलाध्यक्ष नन्हे कश्यप के द्वारा पूर्व मे ओबीसी मोर्चे के नगराध्यक्ष रह चुके अजय पाल नैनीताल जिले मे मंत्री मनोनित किया गया है। उनके मनोनयन पर उन्हे विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा नगराध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह खाती, भगीरथ लाल चौधरी, इन्दर रावत, रेखा रावत, नीमा मठपाल, भावना भट्ट, आशा बिष्ट, अमिता लोहनी, निर्मला रावत, दीपा कोटिया, शिशुपाल सिंह रावत, गणेश रावत, जगमोहन सिंह बिष्ट, विपिन कांडपाल, पंकज रावत, प्रकाश थापा, शुभम उत्तम, वीरेन्द्र रावत, रामसिंह जलाल आदि भाजपाईयो ने बधाई देते हुये खुशी जाहिर की है।

### दीपा कोटिया बनी भाजपा महिला मोर्चा जिला सोशल मीडिया सह संयोजक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** भाजपा महिला मोर्चा की नैनीताल जिलाध्यक्ष कचंन उप्रैती के द्वारा दीपा कोटिया को नैनीताल जनपद का जिला सोशल मीडिया सह सयोंजक मनोनित किया गया है। उनके इस मनोनयन पर उन्हे विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा नगराध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह खाती, भगीरथ लाल चौधरी, इन्दर रावत, रेखा रावत, नीमा मठपाल, भावना भट्ट, आशा बिष्ट, अमिता लोहनी, निर्मला रावत, शिशुपाल सिंह रावत, गणेश रावत, जगमोहन सिंह बिष्ट, विपिन कांडपाल, अजयपाल, प्रकाश थापा, शुभम उत्तम, वीरेन्द्र रावत, रामसिंह जलाल, पंकज रावत,आशा बिष्ट, संजय बिष्ट आदि भाजपाईयो ने बधाई देते हुये खुशी जाहिर की है।

### रोबोटिक एंड स्टेम लैब का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** इनर व्हील क्लब ऑफ रामनगर ने रोबोटिक एंड स्टेम लैब का उद्घाटन किया। चेयरपर्सन डॉ. सुरुचि सेक्सेना के द्वारा कराया गया। जिसका ग्रेट मिशन स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. नलनी श्रीवास्तव और सदस्य इनर व्हील क्लब के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। रोबोटिक लैब में कक्षा 8-10 के बच्चों ने आईटी रोबोट, 3डी एनीमेशन, ऐप निर्माण जैसी सुविधा मिलेगी जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। लैब में विभिन प्रोजेक्ट ड्रोन, कृत्रिम व्हीलचेयर, रोबोट जेसे मॉडल आदि है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सीजीआर पीयूषी अग्रवाल, सचिव अंजलि जिंदल, आईएसओ चारुल, संपादक सुमिति मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष मीना, पीपी अनुप्रीत, संगीता जिंदल आदि मौजूद रही।

### स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** शकुंतला शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर खटीमा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धर्मपाल एवं विद्यालय की आचार्या विजय दक्षिणी तथा विद्यालय परिवार की उपस्थिति में हुआ। तृतीय दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस इकाई के भैया-बहनों द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष राकेश राना, सरस्वती शिशु मंदिर खटीमा के प्रधानाचार्य देव सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. भगत सिंह बोरा एवं अन्य आचार्य बंधु एवं दीदी द्वारा भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता की गई। इस अवसर पर शिविर में भैया-बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन- कीर्तन एवं देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष द्वारा भैया-बहनों को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व एवं पर्यावरण स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया।

### आंधी-तूफान से गेहूं की फसल तबाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। तूफान के कारण कई गांवों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर लेट गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्रभावित किसानों ने सरकार से नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है। ग्राम छोई, कमोल, गैबुआ, पिरूमदारा, कानिया ढेला सहित कई गांवों में देर रात तेज आंधी और तूफान चला। तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई और कई जगह पूरी तरह बर्बाद हो गई। फसल के इस नुकसान से किसानों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।






















# प्राप्त धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग करें विभाग

## विकास भवन में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**


**नैनीताल।** जिले के भीमताल स्थित विकास भवन सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष समाप्ति पर विभागों के द्वारा बेहतर प्रगति पर खुशी जाहिर करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार विकास कार्यों को निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी रयाल ने कहा की निर्धारित समय पर विकास कार्यों को पूर्ण कर शत प्रतिशत धनराशि का बेहतर उपयोग करना एक बेहतर परंपरा है। कहा कि सभी विभाग आगे भी इस परंपरा को कायम रखें जिससे जिला विकास की ओर अग्रसर होने के साथ ही जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जो विभाग ए श्रेणी में हैं वित्तीय वर्ष



समाप्ति तक वह ए श्रेणी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंतिम 15 दिन रह गए हैं इस हेतु अधिकारी तत्परता से कार्य करें। जनपद किसी भी योजना में पीछे ना रहे यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी रयाल ने कहा कि वर्तमान तक जिला योजना अंतर्गत 99 प्रतिशत धनराशि विभागों द्वारा व्यय कर ली गई है पूर्व में 31 मार्च तक धनराशि व्यय करने की परंपरा को तोड़कर विभागों के द्वारा जो कार्य किया गया वह सराहनीय है, बोले भविष्य में भी विभाग इसी प्लानिंग के तहत कार्य करें। उन्होंने विभागों में अवशेष धनराशि को भी बुधवार तक पूर्ण व्यय करने के निर्देश दिए।कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 की जिला योजना की संरचना तैयार होनी है इस हेतु सभी विभाग अभी से जिला योजना के प्रस्ताव तैयार कर लें। प्रत्येक विभाग जन उपयोगी व वचनबद्ध कार्यों को प्राथमिकता दें। प्रत्येक क्षेत्र में जिले का विकास हो इस हेतु विभाग ऐसे प्रस्ताव तैयार करें। जिलाधिकारी रयाल ने पेयजल एवं सिंचाई विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल की किल्लत बढ़ सकती है, इस हेतु जल शक्ति से संबंधित विभागों के सभी खंड अभी से तैयारी कर लें, जहां-जहां पेयजल की किल्लत की संभावना है, उन स्थानों में वैकल्पिक व्यवस्थाएं टैंकरों के माध्यम से पेयजल वितरण की व्यस्था सुनिश्चित करें और लीकेज को ठीक किया जाय सभी व्यवस्था को ठीक से सुनिश्चित किया जाए, पूर्व से ही विभाग कार्य योजना तैयार करते हुए पेयजल वितरण प्रणाली को दुरुस्त रखें। जिलाधिकारी रयाल ने पेयजल एवं सिंचाई विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल की किल्लत बढ़ सकती है, इस हेतु जल शक्ति से संबंधित विभागों के सभी खंड अभी से तैयारी कर लें, जहां-जहां पेयजल की किल्लत की संभावना है, उन स्थानों में वैकल्पिक व्यवस्थाएं टैंकरों के माध्यम से पेयजल वितरण की व्यस्था सुनिश्चित करें और लीकेज को ठीक किया जाय सभी व्यवस्था को ठीक से सुनिश्चित किया जाए, पूर्व से ही विभाग कार्य योजना तैयार करते हुए पेयजल वितरण प्रणाली को दुरुस्त रखें। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को खरीफ की बुवाई के लिए समुचित सिंचाई की अभी से तैयारी कर लेने के निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ अरविंद कुमार पाण्डे, सीएमओ डा. हरीश पंत, अर्थसंख्याधिकारी डा. मुकेश सिंह नेगी तथा एपीडी चंद्रा फर्त्याल सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### दयाल रावत की मौत से गांव में शोक

**नैनीताल।** मुरादाबाद में सड़क दुर्घटना में नैनीताल बैंक के रीजनल मैनेजर दयाल रावत की मौत की खबर से पूरा गांव गमगीन और शोकाकुल है। बता दें कि नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के सरियाताल ज्योलीकोट में अति साधारण कृषक स्वर्गीय कुंवर सिंह के पुत्र दयाल रावत ने



अपनी मेहनत लगन से नैनीताल बैंक में रीजनल मैनेजर तक का सफर तय किया। बीते रविवार को गांव में एक नामकरण संस्कार में पहुंचे थे वहीं सोमवार को अचानक उनकी मौत की खबर से हर कोई स्तबध है। स्व. रावत की बिरादरी के कई परिवार गांव में ही निवास करते हैं। स्व. रावत के भतीजे ग्राम प्रधान हरगोविंद सिंह रावत ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर देर रात्रि तक पैतृक गांव सरियाताल पहुंचेगा, मंगलवार (आज) को चित्रशिला घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक के परिवार में पत्नी समेत दो पुत्र और एक पुत्री हैं।

# विश्वविद्यालयों में जल्द होंगी कर्मचारियों की नियुक्तियां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु उच्च शिक्षा सचिव डा. रंजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों के साथ शासकीय अधिकारियों व समस्त विश्वविद्यालय की कुलसचिवों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक संचालित हुई। बैठक का हवाला देते हुए महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला एवं महामंत्री प्रशांत मेहता ने बताया कि संगठन के 11 सूत्रीय मांग पत्र पर उच्च शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में हुई वार्ता सकारात्मक



रही, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए एवं रिक्त पदों के सापेक्ष किसी भी वैकल्पिक नियुक्ति पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया गया। सचिव द्वारा नियमित नियुक्तियों को शीर्ष प्राथमिकता में करने का निर्देश दिया गया। विश्वविद्यालय में स्टफिंग पैटर्न की मांग पर सभी विश्वविद्यालय से अतिशीघ्र स्टफिंग पैटर्न के प्रस्ताव मुहैया कराने के निर्देश दिए गए वहीं कार्मिक सेवानियमावली के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत समस्त विश्वविद्यालय में हेतु एक कॉमन सेवानियमावली बनाई जाने का भी निर्णय लिया गया और विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव शासन को मुहैया कराने के निर्देश समस्त कुलसचिव को दिए गए। वार्ता में सभी विश्वविद्यालयों में समान पद-समान व्यवस्था के अनुसार प्रयोगशाला सहायक समेत पुस्तकालय सहायक सहित सभी पदों के प्रस्ताव मुहैया कराने के निर्देश दिए गए और ऐसे विभाग जिन में एक भी उपलबध नहीं हैं उनमें पदों के प्रस्ताव देने के भी निर्देश जारी किए गए, वहीं राजकीय विश्वविद्यालय में कुलसचिव संवर्ग के अधिकारियों को उत्तर प्रदेश की तर्ज पर वेतनमान दिए जाने पर भी शासन द्वारा सकारात्मक रुख अपनाया गया। अल्मोड़ा विश्वविद्यालय में गोल्डन कार्ड स्वास्थ्य योजना लागू करने हेतु बैठक में कुलसचिव को स्पष्ट निर्देश दिए गए। राज्य कर्मचारियों के हितार्थ जारी शासनादेशों को विश्वविद्यालय में लागू करने हेतु समस्त विश्वविद्यालय की कुलसचिवों को संबंधित शासनादशों को उपलबध कराने के निर्देश दिए गए और वहीं 10, 16 व 26 वर्षो की सेवा पर प्रोन्नत वेतनमान हेतु कार्मिक विभाग को आवश्यक सूचना तत्काल मुहैया कराने हेतु कुलसचिवों को निर्देश दिए गए वहीं राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम लागू किए जाने के संबंध में शासन स्तर पर प्रक्रिया संचालित होने की जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय में उपनल कर्मचारियों की समान कार्य-समान वेतन के अनुसार व्यवस्था लागू करने हेतु शासकीय निर्णय के अनुरूप कार्रवाई का निर्देश बैठक में दिया गया। समस्त विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को समयबद्ध प्रशिक्षण देने हेतु भी बैठक में सचिव द्वारा निर्देश दिए गए। बैठक में मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी से संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत नैनवाल और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी से महासंघ के संगठन मंत्री जोत सिंह भंडारी शामिल हुए। बैठक के शासन के सकारात्मक निर्णयों के साथ महासंघ के पदाधिकारियों ने जल्द ही समस्त विश्वविद्यालयों में इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु समस्त विश्वविद्यालयों का दौरा करने की भी जानकारी दी गई।

### हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को दी एक दिन की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में आईपीएस अधिकारी नीरू गर्ग और अरुण जोशी की प्रतिनियुक्ति पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को मामले पर जवाब पेश करने के लिए 18 मार्च तक का समय दिया है। 2005 बैच की नीरू गर्ग को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस में उप महानिरीक्षक और 2006 बैच के अरुण जोशी को बीएसएफ में डीआईजी पद पर तैनात करने का आदेश 5 मार्च 2026 को गृह मंत्रालय ने दिया था। इसके बाद उत्तराखंड सरकार ने 6 मार्च 2026 को इन अधिकारियों को कार्यमुक्त कर दिया, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से यह भी पूछा कि कितने पद डेपुटेशन पर भेजे जा सकते हैं, और कितने स्थायी हैं।

## लैंगिक समता पर राष्ट्रीय सेमिनार



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने 'ज्ञानोत्पादन एवं उसके उपभोग में लैंगिक समता और समावेशन' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन बुरांश सभागार, हर्मिटेज में किया। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. चन्द्रकला रावत ने स्वागत करते हुए कहा कि ज्ञानोत्पादन एक सतत प्रक्रिया है, जो अनुसंधान, अनुभव और अध्ययन से नया ज्ञान उत्पन्न करती है। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रो. नीता बोरा शर्मा ने भारतीय संविधान में समता और समानता के प्रावधानों का उल्लेख किया, जबकि मुख्य वक्ता प्रो. भीमा मनराल ने जेंडर इक्विटी और समावेशन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने डिजिटल साक्षरता के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में प्रो. हरिप्रिया पाठक ने धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन सृष्टि गंगवार ने किया।

# सुंदरकांड से वातावरण भक्तिमय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से नगर के मल्लीताल स्थित गोवर्धन हाल में सुंदरकांड का विशेष आयोजन किया गया जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। बता दें हल्द्वानी से आई रमेश पलडिया एवं भजन पार्टी के मुख्य स्वरों में अलग-अलग स्वर के साथ सुंदरकांड की विशिष्ट अभिव्यक्ति में नगर के भक्तजनों ने ने भाग लिया। इससे पूर्व सुंदरकांड का शुभारंभ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता गुप्ता कार्यक्रम की संयोजक रोमा लोहनी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान रमेश पलडिया द्वारा सांवरी सूरत पर मेरा दिल दीवाना हो गया..., जय हो जय हो तुमहारी जय हो..., जय हो तुमहारी हे बजरंग बली..., तुमहारी जय हो नीम करोली महाराज.




..आदि कई भजनों को गाकर भक्तजनों को रिझाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में लेक लेक सिटी वेलफयर के साथियों द्वारा राम दरबार की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। सुंदरकांड में क्लब की नव नियुकत अध्यक्ष कविता त्रिपाठी व सचिव डा. प्रगति जैन समेत कार्यक्रम संयोजक रमा लोहनी, दीपा पांडे, दया कुंवर, रमा भट्ट, अनुराधा भट्ट, जया वर्मा, हेमा भट्ट, रानी शाह, आभा शाह, विनीता पांडे, ज्योति ढौडियाल, तुसी शाह, रेखा पंत, नीरू शाह, मधुमिता, कविता गंगोला, दीपिका बिनवाल, संगीता श्रीवास्तव, डा. पल्लवी, वंदना जोशी, सरस्वती शिराला, डा. पल्लवी, अमिता शेरवानी, मानसी गर्ग, जूही अग्रवाल, आशा पांडे तथा रेखा त्रिवेदी उपस्थित थी।

# कई घरों की छत उड़ी, भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार की रात में हुई जमकर ओलावृष्टि, बारिश के दौरान आए तेज तूफान से दर्जनों पेड़ गिरने से पूरे शहर की बिजली सप्लाई ठप हो गयी। दूसरी ओर समाचार भेजे जाने तक नगर की बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी है। तूफान की वजह से नगर के कई क्षेत्रों के घरों की छते भी उड़ गयी। बता दें रविवार रात 10 बजे से शहर में आंधी तूफान और ओलावृष्टि क्षेत्रों में सप्लाई बंद हो गई। बिजली सप्लाई न मिलने का असर पानी पर भी पड़ा। शहर के साथ ही नैनीताल के समीपवर्ती धारी, भीमताल और ओखलकांडा का भी यही हाल रहा। दूसरी ओर नैनीताल- हल्द्वानी रोड में



बल्दियाखान के पास सड़क में पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हो गया। इस दौरान बड़े वाहन भवाली होते हुए नैनीताल को पहुंचे जबकि छोटे वाहन इसी मार्ग से पहुंचे। पेड़ हटाने के बाद इस मार्ग पर ही यातायात सुचारु हो गया था। इसके साथ ही लाइट न होने से सुबह बच्चों को स्कूल भेजने मे भी परेशानी हुई। स्थानीय निवासी हेमा देवी ने बताया कि हल्की सी बारिश होने पर भी शहर में बिजली गुल हो जाती है स बीती रात बारिश व तूफान में रात अंधेरे में काटनी पड़ी। विद्युत विभाग के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि शहर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर पेड़ टूटने टहनी गिरने और बिजली के पोल गिरने से विद्युत सप्लाई बंद है। लगातार विद्युत लाइन जोड़ने का कार्य किया जा रहा है कहा कि जल्द ही शहर में विद्युत सप्लाई कर दी जाएगी।

### दमकल विभाग ने आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा है। विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विशेषकर जंगलों के किनारे रहने वालों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि घरों में ड्रम और अन्य स्थानों पर पानी भरकर रखें, ताकि आग लगने पर प्राथमिक स्तर पर काबू पाया जा सके। सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों में अग्निशामक यंत्र अनिवार्य होने की बात उन्होंने कही। साथ ही, वाहनों में भी फायर एक्सटिंग्यूशर रखने की सलाह दी, ताकि किसी दुर्घटना के दौरान आग को फैलने से रोका जा सके।

# कूड़ा निस्तारण की तय होगी रणनीति

## नैनीताल नगर पालिका की बोर्ड बैठक में टोल पार्किंग पर भी हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक सोमवार को पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल की अध्यक्षता तथा पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के संचालकत्व में आयोजित हुई। बैठक में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि बैठक में कूड़े का टेंडर निरस्तीकरण के मामले पर विस्तार से चर्चा के बाद मामले में तय किया गया कि कूड़े के निस्तारण के लिए आगे की रणनीति तय की जाएगी और तब तक पालिका की ओर से ही कूड़े का निस्तारण कराया जाएगा। कूड़े के वाहनों के बारे में अभी पालिका अपने



मद और बैंक की सहायता से कुछ गाड़ी खरीदने पर विचार कर रही है अगर सरकार की ओर से गाड़ियां दी जाती है तो ठीक है अन्यथा अन्य उपाय पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टोल पार्किंग को लेकर उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पालिका की ओर से स्वयं ही यह कार्य किया जा रहा है जिसमें लीकेज और अन्य कार्यों में भी दिक्कतें हो रही हैं। शुल्क कम करने की बात पर उन्होंने कहा कि इसके लिए विधिक राय ली जाएगी लेकिन शुल्क कम हो पाना काफी मुश्किल होगा। बैठक में सभासद मुकेश जोशी ने कहा कि शहर में कूड़ा कलेकशन की व्यवस्था दिन प्रतिदिन चरमराती जा रही है जिसके चलते कंपनी को नकार दिया गया है साथ ही सभी सदस्यों की राय थी कि पार्किंग या टोल जितने भी कार्य है उन्हें टेंडर के माध्यम से कराया जाए ताकि नगर पालिका को अतिरिक्त आय हो। बैठक में सभासद भगवत रावत, गीता उप्रेती, गजाला कमाल, ललिता दफौटी, जितेंद्र कुमार, शीतल कटियार, पूरन सिंह बिष्ट, रमेश प्रसाद, सपना बिष्ट, सुरेंद्र कुमार समेत मुख्य सफाई निरीक्षक अमित कुमार, जेई विपिन चंद्र पुरोहित, शिवराज सिंह नेगी व जफर अली रहे।

# नैनीताल के बलिया नाला पर वसीम ने किया शोध

## बलिया नाला जलग्रहण क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक परिणाम पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वैश्विक जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से हिमालय अत्यंत संवेदनशील है। यहां स्थित नदियां व प्राकृतिक जल स्रोत (धारे-नौलों) पर नकारात्मक प्रभाव दिखाई पड़ रहा है। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में प्रस्तुत डा. पूनम शाह गंगोला असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल विभाग राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के निर्देशन में वसीम अहमद ने अपने पीएचडी शोध प्रबंध विषय इंपैक्ट ऑफ क्लाइमेट चेंज ऑन वाटर रिसोर्सेस ए केस स्टडी ऑफ बलिया कैचमेंट डिस्ट्रिट नैनीताल उत्तराखंड ने अपनी शोध की अंतिम मौखिकी परीक्षा दी। इस दौरान उन्होंने बताया है कि बलिया नदी (बलिया नाला) जलग्रहण क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन



के नकारात्मक परिणाम दिखलाई पड़ रहे हैं जिसका प्रभाव यहां के स्थानीय जल संसाधन पर पड़ रहा हैं जिसकी वजह से जल स्रोत सूख रहे हैं तथा बलिया नदी और उसकी मुख्य सहायक नदियां कुरियागाड एवं नलेनागाड में जलस्तर घट रहा है। आर्द्रभूमियों जिन्हें स्थानीय रूप से सिमार एवं गजार खा जाता है सिकुड़ रही हैं। कहा कि क्षेत्र में लगभग 19 फीसदी जल स्रोत सूख चुके हैं तथा 24 फीसदी मौसमी हो चुके हैं। अध्ययन में पाया गया है कि तापमान बढ़ रहा है वर्षा का प्रतिरूप बदल रहा है वर्षा अतिवृष्टि के रूप में हो रही है तथा वर्षा के दिन घटे हैं। चरम मौसमी घटनाएं बढ़ रही है जिससे लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति व खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो रही है। जल संसाधन पर बढ़ते प्रभाव से कृषि, बागवानी व पशुपालन कम हो चुका हैं, वसीम अहमद ने अपने अध्ययन में चेताया है कि जल संसाधन प्रबंधन नहीं किया गया तो क्षेत्र में समस्याएं बढ़ जाएंगी। अत: एक समुदाय आधारित जल संरक्षण एवं प्रबंधन की आवश्यकता है, जिसमें परंपरागत ज्ञान और आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर जल स्रोत को पुनर्जीवित करने व रिचार्ज जोनों को चिन्हित कर उनका संरक्षण किया जाए। उन्होंने जलवायु अनुकूलन पर भी जोर दिया है। बाह्य परीक्षक प्रो. प्रवीन कुमार पाठक (जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली) ने अध्ययन को महत्वपूर्ण और उपयोगी बताते हुए कहा कि आज जल संसाधन को बचाने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने अध्ययन को और सूक्ष्म और तकनीकी रूप से आगे बढ़ाने की संभावनाओं को भी बताया। इस दौरान प्रो. आरसी जोशी, डा. पूनम शाह गंगोला, डा. मनीषा त्रिपाठी, डा. मोहन लाल, डा. पीसी चन्याल, डा. विनीता, डा. देवेंद्र, डा. दीपक शोध छात्र एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी के साथ ही प्रो. ललित तिवारी ने वसीम अहमद को पीएचडी की मौखिकी परीक्षा शांतिपूर्ण होने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

# विस चुनाव के बहिष्कार की धमकी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल ब्लॉक में खुर्पाताल, गहलना और जमीरा के ग्रामीणों की ओर से कई वर्षो से सात किलोमीटर मोटर मार्ग की मांग अभी तक पूरी नहीं हो पायी है जिसकी वजह से ग्रामीणों में रोष है।

ग्राम प्रधान कीर्ति आर्या ने कहा कि मामले को लेकर पूर्व के विधायकों व सांसदों को मोटर मार्ग के लिए कई बार पत्र भी भेजे गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कई विधायक व सांसद आए और चले गए लेकिन इस रोड के लिए किसी ने सुनवाई नहीं की। इस क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के द्वारा सर्वे कर पिलर भी गाड़े जा चुके हैं फिर भी सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। ग्रामवासियों के कई प्रयासों की बावजूद भी हर जगह से निराशा हाथ लगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि 2027 से पहले मोटर मार्ग नहीं बना तो वे



2027 का विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे, वहीं लोगों के सुख और दुख में आने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य ने भारी बारिश के बाद भी 7 किलोमीटर पैदल चलकर सिल्मोडिया गांव पहुँचकर ग्राम वासियों का विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। आर्य ने मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने फोन में वार्ता कर बताया कि नैनीताल डीएफओ ने जमीरा और गहलना मोटर मार्ग के लिए दो फाइलें देहरादून नोडल अधिकारी को भेज दी गई है। जल्दी ही देहरादून वार्ता कर केंद्र को फाइल भेजी जाएगी केंद्र की संस्तुति के बाद मोटर मार्ग का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा जिससे कि ग्रामीणों को दिक्कतो का सामना ना करना पड़े। इसके साथी ही मुख्यमंत्री और सांसद को मोटर मार्ग के लिए ग्रामीणों ने हेमचंद आर्य को ज्ञापन सौपा। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 30 मार्च को

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम सोमवार को जारी कर दिया गया। एसोसिएशन के मुखय चुनाव अधिकारी व वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश चंदोला ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए बार की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाना है जिसके लिए जिला बार संघ के चुनाव प्रस्तावित किए गए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार जिला बार संघ चुनाव के लिए 23 व 24 मार्च को सुबह 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक नामांकन प्रपत्रों की बिक्री की जाएगी इसके बाद 25 व 27 मार्च को नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे वहीं 28 मार्च को अपराह्न 1 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। इसी दिन नामांकन पत्रों की जांच के साथ मतदाता सूची का प्रकाशन भी किया जाएगा। चंदोला के मुताबिक 30 मार्च को मतदान कराया जाएगा तथा उसी दिन मतगणना के बाद शाम तक चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। सहायक चुनाव अधिकारी प्रमोद बहुगुणा, शंकर चौहान व मुकेश चंद्रा ने बताया कि सदस्यता शुल्क एवं अन्य देयकों के भुगतान की अंतिम तिथि 19 मार्च निर्धारित की गई है। इसके पश्चात 28 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### गैस लेने के लिए लगी रही लोगों की कतारें

**नैनीताल।** नैनीताल में घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए ग्राहकों ने सोमवार को सुबह से ही लंबी कतार लगाना शुरू कर दिया। हालत यह थी कि सिलेंडर की गाड़ी आने से पहले ही गैस लेने के लिए उमड़ी लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। बता दें रविवार को अवकाश के बाद सोमवार को नैनीताल में जिला अस्पताल बीडी पांडे के समीप गोलघर समेत बारापत्थर समेत बिड़ला मार्ग, तल्लीताल धर्मशाला व धामपुर बैंड आदि में गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों ने सुबह से ही करतार लगाना शुरू कर दिया है। इंडेन गैस की मैनेजर अंकिता पांडे ने बताया कि शहर में वितरित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों में गैस वितरित की जा रही है, लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। इधर कॉमर्शियल गैस नहीं मिलने से बाजार से चाय, काफी तथा डोसा आदि गायब हो गया है। नैनीताल में जहां कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने से व्यवसाईयों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है तो वहीं रेस्टोरेंट में चाय, काफी के साथ ही डोसा व चाइनीज फूड भी गायब हो गए हैं। नैनीताल में होटलों में कोमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने से रेस्टोरेंट, ढाबे और फड़ संचालकों का कारोबार अस्त व्यस्त हो रहा है।

### जूट मार्क इंडिया योजना कार्यशाला सम्पन्न

**नैनीताल।** जूट मार्क इंडिया योजना के तहत होटल रिजेनटा में जूट उद्योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय और राष्ट्रीय जूट बोर्ड के सहयोग से हुआ। मुख्य अतिथि कुसुम कंडवाल, अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग, उत्तराखंड ने जूट उत्पादों के पर्यावरणीय फायदे, महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं से जूट उत्पादों को अपनाने की अपील की, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। विशिष्ट अतिथि किशन सिंह घुघत्याल, निदेशक, राष्ट्रीय जूट बोर्ड ने जूट मार्क इंडिया योजना की अहमियत को बताया और जूट की बढ़ती मांग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों, उद्यमियों और विशेषज्ञों की भी उपस्थिति रही। इवेंट का सफल संचालन डा. कंचन नेगी ने किया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने जूट उद्योग को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

### हत्यारोपी की फांसी की सजा निरस्त

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 2014 में अपनी मां, बड़े भाई और गर्भवती भाभी की तलवार से हत्या करने के आरोपी संजय सिंह को दी गई फांसी की सजा को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने मामले को पुन: सुनने के आदेश दिए हैं और आरोपी का मानसिक परीक्षण कराने का निर्देश दिया। टिहरी गढ़वाल के गुमाल गांव निवासी संजय सिंह ने 13 दिसंबर 2014 को मामूली विवाद के चलते अपनी मां, बड़े भाई और गर्भवती भाभी की निर्मम हत्या कर दी थी। इस मामले में निचली अदालत ने अगस्त 2021 में उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। आरोपी ने इस सजा को हाईकोर्ट में चुनौती दी, जहां न्यायमित्र ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ है और वह अपने कृत्य के परिणाम नहीं समझता। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट ने सजा को निरस्त कर दिया और मामले की पुन: सुनवाई के आदेश दिए।

### वनों को आग से बचाने को लेकर चर्चा

**नैनीताल।** अखिल भारतीय महिला परिषद की भवाली शाखा की बैठक खष्टी बिष्ट की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले समय में जंगलों को आग से कैसे बचाया जाए विषय पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि वन विभाग से वन दरोगा सूरज सिंह बिष्ट व विशिष्ट अतिथि वन रक्षक भुवन चंद्र ने भी चर्चा में भाग लिया। बिष्ट ने विस्तार से जंगल में लगने वाली आग से नुकसान के बारे में बताया। तथा बताया कि कैसे हम जंगलों को बचा सकते हैं इसके बारे में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में परिषद व गायत्री महिला समूह की महिलाओं को यह भी बताया गया कि जो भी समूह की महिलाएं हमारे साथ मिलकर अच्छा काम करेगी, उन्हें विभाग द्वारा सममानित किया जाएगा। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने पर महिलाओं ने उनका आभार प्रकट किया। संचालन बीना पांडे ने किया। इस अवसर पर तुलसी बिष्ट, प्राची सुयाल, अंजू चौधरी, ऋतु आर्य, सुमन, गीता बिष्ट, कमला आर्य, निशा बिष्ट, नंदी देवी, सुनीता देवी, बीना पांडे, सविता देवी, कमला, जीवंती आर्या आदि थे।

# आर्यना सबालेंका-जैनिक सिनर ने जीता इंडियन वेल्स

## सबालेंका ने फाइनल में कजाख खिलाड़ी पर 3-6, 6-3, 7-6, (8-6) से जीत हासिल की



**कैलिफोर्निया, वार्ता।** एक पपी लेना, सगाई करना, चैंपियनशिप पॉइंट बचाना और लंबे समय से इंतजार किए जा रहे इंडियन वेल्स का खिताब जीतना - यह एक ऐसा हफ्ता रहा जिसे दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका पूरी जिंदगी याद रखेंगी। सबालेंका ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में एलेना रायबाकिना के हाथों मिली हार के बुरे अनुभवों को पीछे छोड़ते हुए, कजाख खिलाड़ी पर 3-6 6-3 7-6 (8-6) से जीत हासिल की। कैलिफोर्निया की चिलचिलाती धूप में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को अपनी पूरी ताकत लगाने पर मजबूर कर दिया, जब तक कि सबालेंका ने टाई-ब्रेक में बाजी नहीं मार ली, जिसमें एक जोरदार बैकहैंड विनर के साथ चैंपियनशिप पॉइंट बचाना भी शामिल था।

सर्विस विनर के साथ जीत पक्की करने के बाद, सबालेंका ने अपना सिर बर्फ से भरे कूलर में डुबोकर जीत का जश्न मनाया। बेलारूस की सबालेंका ने कहा कि क्या हफ्ता रहा। एक पपी मिला, सगाई हुई और एक खिताब जीता। मैं इसे निश्चित रूप से अपनी पूरी जदिंगी याद रखूंगी। यह सचमुच टेनिस का स्वर्ग है और मुझे यहांआकर हमेशा खुशी होती है।

## जीत के साथ जानिक सिनर ने फेडरर व जोकोविच की बराबरी की

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** इंडियन वेल्स फाइनल में दानिल मेदवेदेव पर जीत के साथ हार्ड-कोर्ट ट्रॉफियों का पूरा सेट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद जानिक सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने कैलिफोर्निया की तेज गर्मी में, दो घंटे से कुछ कम समय तक चले मैच में, शानदार वापसी करने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव को 7-6 (8-6), 7-6 (7-4) से हराया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सिनर ने दोनों हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम जीते हैं - 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 में यूएस ओपन में जीत हासिल की है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर सभी छह मास्टर्स 1,000 खिताब भी जीते हैं - मियामी, टोरंटो, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस में मिली जीत के साथ इंडियन वेल्स का खिताब भी अपने नाम किया है - और साथ ही सीजन के आखिर में होने वाले एटीपी फाइनल्स भी जीते हैं। यह उपलब्धि केवल नोवाक जोको. विच और रोजर फेडरर ने ही हासिल की है। सिनर ने कहा,ष्मुझे पता था कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे मैंने अभी तक नहीं जीता है, इसलिए मैं इसकी तैयारी सबसे अच्छे तरीके से करना चाहता था, जितना हो सके पेशेवर तरीके से। सिनर ने कहा कि अब यह उपलब्धि हासिल करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अब मेरे पास आराम करने के लिए कुछ दिन हैं, यहांऔर मियामी के बीच ज्यादा समय नहीं है। मियामी में भी यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है, लेकिन हम वहांभी अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने की को. शिश करेंगे। आंद्रे अगासी ने अपने करियर में हार्ड कोर्ट पर खेले गए पांचों मास्टर्स 1,000 इवेंट जीते, साथ ही दोनों मेजर और एटीपी फाइनल्स भी जीते। सिनर, जिनका ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब बचाने का सफर जनवरी में एक रोमांचक पांच-सेट वाले सेमी-फाइनल में जोकोविच के हाथों समाप्त हो गया था, ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को भी बेहतर किया है।



### संक्षिप्त खेला समाचार

## पीटी उषा ने एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस की मांग की

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा ने एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खेलों के भविष्य में एथलीटों की तैयारी, भलाई और विकास को सभी फैसले लेने के सेंटर में रखना चाहिए। इंडिया हैबिटेट सेंटर में एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन बोलते हुए, उषा ने कहा कि पिछले एक दशक में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, साइंटिफिक ट्रेनिंग और इंस्टीट्यूशनल सपोर्ट के साथ भारत का स्पोर्टिंग इकोसिस्टम बेहतर हुआ है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय खेलों की असली ताकत जमीनी लेवल पर, गांवों, कस्बों और स्कूलों में है, जहां युवा टैलेंट उभरता रहता है। उषा ने कहा कि एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस को भारतीय खेलों के भविष्य को गाइड करना चाहिए।

## हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के पूल आज घोषित होंगे

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर में दो हफ्तों की जोरदार और रोमांचक हॉकी के बाद-जिसमें कम से कम 14 टीमों ने इस प्रतिष्ठित इवेंट में अपनी जगह पक्की की-आने वाले वर्ल्ड कप की राह में अगला बड़ा पड़ाव बस आने ही वाला है। दरअसल, आधिकारिक ड्रॉ सेरेमनी-जिसमें सभी 32 क्वालिफाई की हुई टीमों को ग्रुप स्टेज के लिए अपने विरोधी टीमों के बारे में पता चलेगा-कल, 17 मार्च को दोपहर 3 बजे एम्स्टर्डम, नीदरलैंड्स के मशहूर वैगेनर स्टेडियम में होनी है। यह उन दो जगहों में से एक है जहांवर्ल्ड कप होगा( दूसरी जगह वेव्रे, बेल्जियम में एकदम नया बेलफियस हॉकी एरिना है।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल 2026 का फाइनल होस्ट करने के लिए मंजूरी मिली

● **कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर द्वारा नियुक्त एक कमेटी ने स्टेडियम परिसर का बारीकी से जायजा लिया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल 2026 होस्ट करने की मंजूरी मिल गई है। सोमवार को सरकार द्वारा नियुक्त एक एक्सपर्ट कमेटी ने इस स्टेडियम को इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी।

इसका सीधा मतलब यह है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम - जहां28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच सीजन का पहला मैच होना है - वहा एक प्लेऑफ मैच और फाइनल भी खेला जाएगा।

यह परंपरा रही है कि मौजूदा चैंपियन टीम ही टाइटल मैच होस्ट करती है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी- परमेश्वर द्वारा नियुक्त एक कमेटी ने शुक्रवार को स्टेडियम परिसर का बारीकी से जायजा लिया। दिन भर चले इस ऑडिट में स्टेडियम की बनावट से जुड़े नियमों के पालन की कई जांचें की गईं, साथ ही स्टेडियम के आस-पास भीड़ को कंट्रोल करने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया गया। सोमवार को, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अधिकारियों, आरसीबी के आला अधिकारियों और जी- महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों के बीच हुई एक बैठक के बाद, आखिरी मंजूरी दे दी गई। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरस. ीबी के पांच घरेलू मैच खेले जाएंगे, जबकि दो अन्य मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में खेले जाएंगे।

यह फ्रेंचाइजी और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच पहले से हुए एक समझौते के तहत तय किया गया है। आरसीबी ने केएससीए के साथ मिलकर डिजिटल क्यूआर कोड वाले टिकट जारी करने का वादा किया है। यह स्टेडियम के आस-पास भीड़भाड़ की समस्या से निपटने के लिए उठाए गए कई कदमों में से एक है। उन्होंने बिना किसी परेशानी के सफर सुनिश्चित करने के लिए बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के साथ भी साझेदारी की है। मैच के दिनों में मेट्रो सेवाएंरात 1 बजे तक जारी रहेंगी, जबकि टिकट से जुड़ी औपचारिकताओं पर अभी काम चल रहा है। पूरी संभावना है कि जिन लोगों के पास मैच के टिकट होंगे, वे मुफ्त में सफर कर पाएंगे।

बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन भीड़भाड़ रोकने के लिए सभी रूटों पर ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने की भी सोच रहा है। जहांतक ढांचागत उपायों की बात है, केएससीए ने चिन्नास्वामी के चारों ओर छह नए गेट बनाकर एंट्री पॉइंट्स की संख्या बढ़ा दी है, साथ ही मौजूदा एंट्री गेट्स को भी चौड़ा किया है।

# अरुंधति रेड्डी फरवरी के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ नामित



● **अरंधति रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा आठ विकेट लेने वाली खिलाड़ी रही**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय गें. दबाज अरुंधति रेड्डी को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 सीरीज में सबसे ज्यादा आठ विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने यह टी-20 सीरीज 2-1 के अंतर से जीती। उन्होंने तीन मैचों में 22 रन देकर चार विकेट, 30 रन देकर दो विकेट और 35 रन देकर दो विकेट लिए, और 10-87 की औसत तथा 7-25 की इकॉनमी रेट के साथ सीरीज खत्म की। पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान, इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शैल्कविक को पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, जबकि श्रीलंका की बैटर हर्षिता समरविक्रमा, पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना और भारत की सीम गेंदबाज अरुंधति रेड्डी महिलाओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं। साहिबजादा ने पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड 383 का कुल स्कोर बनाकर दूसरे बैटर्स को पीछे छोड़ दिया, जबकि विल जैक्स और शैल्कविक भी बेहत. रीन प्रदर्शन करने वालों में शामिल थे।

# सोढी चोट के चलते सीरीज से बाहर



● **ईश सोढी को शनिवार को एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान बॉलिंग करते समय चोट लग गई थी**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के लेग-स्पिनर ईश सोढी अंगूठे की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। सोढी को शनिवार, 14 मार्च को बे ओवल में एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान गेंदबाजी करते समय यह चोट लगी थी। स्कैन से पुष्टि हुई कि सोढी का अंगूठा टूट गया है, जिसके कारण उन्हें सीरीज से बाहर होना पड़ा। उन्हें कम से कम चार हफ्ते के आराम की जरूरत होगी। वह पहले टी-20 मैच में नहीं खेले थे, न्यूजीलैंड की सात विकेट की हार में स्पिन गेंदबाजी के लिए मिचेल सैंटनर ने कोल मैककॉन्ची के साथ जोड़ी बनाई थी। न्यूजीलैंड ने सोढी की जगह किसी और खिलाड़ी को टीम में न बुलाने का फैसला किया है। लॉकी फर्ग्यूसन, जो दूसरे और तीसरे मैच में खेलने वाले थे, टीम के साथ जुड़ गए हैं, इसलिए मेजबान टीम को लगता है कि उनके पास पर्याप्त विकल्प मौजूद हैं।

सीरीज के बाद के मैचों में शामिल होने वाले अन्य खिलाड़ी हैं: कैटेन क्लार्क (मैच 4, 5), विकेटकीपर डेन क्लीवर (मैच 4-5) और जेडन लेनोक्स (मैच 4-5)( वहीं, सैंटनर की गैरमौजूदगी में टॉम लैथम आखिरी दो मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे। कोच रॉब वाल्टर ने कहा, ष्ईश न्यूजीलैंड के लिए खेलने को लेकर बहुत जुनूनी हैं और हम जानते हैं कि (2026 टी-20) वर्ल्ड कप कैंपेन के बाद वह अपने घरेलू फैंस के सामने खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। टी-20 फॉर्मेट में उन्हें बहुत ज्यादा अनुभव है, इसलिए सीरीज के बाकी मैचों में उनकी कमी बहुत खलेगी। पुरुषों के टी-20 में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज सोढी ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के तीन मैचों में हिस्सा लिया था( उन्होंने दो बार गें. दबाजी की, लेकिन दोनों ही बार उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। न्यूजीलैंड अपनी पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मैच मंगलवार, 17 मार्च को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा। न्यूजीलैंड की अपडेटेड टीम: मिशेल सेंटनर (कप्तान) (मैच 1-3), कैटेन क्लार्क (मैच 4, 5), जोश, डेन(विकेटकीपर, मैच 4-5), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर) (मैच 1-3), लॉकी फर्ग्यूसन (मैच 2-3), जैक फोक्स, बेवन जैकब्स, काइल जैमीसन, निक केली, टॉम लैथम (विकेटकीपर, मैच 4, 5 के लिए कप्तान), जेडन लेनोक्स (मैच 4-5), कोल मैककॉन्ची, जिमी नीशम, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ।

# वाशी-वरुण ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन से मुलाकात की



**चेन्नई, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे मुख्य स्पिनर वॉशिगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती ने सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम-के- स्टालिन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस स्पिन जोड़ी को भविष्य में और भी कई मैच जिताने वाले प्रदर्शन और गर्व के पल हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। इस स्पिन जोड़ी ने मुख्यमंत्री स्टालिन के आवास पर उनसे मुलाकात की, शिष्टाचार भेंट की और अपने क्रिकेट सफर के बारे में उनसे बातचीत की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी मौजूद थे। बाद में एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यंमंत्री स्टालिन ने लिखा कि तमिलनाडु से हमारी स्पिन जोड़ी, वॉशिगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती के साथ यादगार पल। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके सफर के बारे में उनके साथ एक शानदार बातचीत हुई, जो उनकी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास से बना है। आपको भविष्य में और भी कई मैच जिताने वाले प्रदर्शन और गर्व के पलों के लिए शुभकामनाएं!

# भारतीय खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की जरूरत : शाह

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की अपील करते हुए, आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने रविवार को स्टेकहोल्डर्स से 2030-2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की, और फेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर जोर दिया। शाह इंडिया हैबिटेट सेंटर में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। कॉन्क्लेव को दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) ने होस्ट किया था। शाह ने कहा कि जब हम अभी के कॉम्पिटिशन पर फोकस करते हैं, तो हमें भविष्य के साइकिल के लिए भी तैयारी करनी चाहिए - 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स, 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक्स और 2036 ओलंपिक्स। अगर भारत अपनी ग्लोबल स्पोर्टिंग पहचान मजबूत करना चाहता है, तो इन इवेंट्स की प्लानिंग काफी पहले शुरू कर देनी चाहिए। भारतीय क्रिकेट की हालिया सफलता पर बात करते हुए, शाह ने 2019-2026 के समय को खेल के लिए एक सुनहरा दौर बताया। उन्होंने कहा कि 2019 से 2026 तक का समय भारतीय क्रिकेट के लिए एक सुनहरा दौर रहा है। हमने अंडर19 टूर्नामेंट से लेकर बड़े आईसीसी कॉम्पिटिशन तक, सभी फॉर्मेट और एज ग्रुप में सफलता हासिल की है। उन्होंने भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत को भी एक ऐतिहासिक पल बताया और इस ऐतिहासिक उपलब्धि को डॉक्यूमेंट करने का क्रेडिट स्पोर्ट्स मीडिया को दिया।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : 750 / 4-स0-स्वा0अनु0 / 2026 दिनांक 16 / 03 / 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद, रामनगर की सीमान्तर्गत स्थित समस्त वार्डो में विचरण करनें वाले अनुमानित 1500 निराश्रित श्वान पशुओं को पकड़कर, उनकी नसबन्दी (Sterilization), एंटी रैबीज टीकाकरण, उपचार, आपरेशन उपरान्त देखमाल एवं स्वस्थ्य होनें के पश्चात् उसी क्षेत्र में पुनः छोड़नें के कार्य हेतु नियमों के अनुसार योग्य, अनुभवी एवं पंजीकृत संस्थाओं/फर्मो से दिनांक 16-03-2026 को अपराह्न 3बजे से दिनांक 27-03-2026 को अपराह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है। नियत तिथि व समय पर प्राप्त होने वाली निविदाओं की तकनीकी निविदाएं दिनांक 27-03-2026 को अपरा 3 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी, इससे सम्बन्धित विस्तृत जानकारी तथा नियम, शर्तें/निर्देशों के अनुसार तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा Website- http://www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन अपलोड की जा सकी है।

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगरपालिका परिषद, रामनगर की सीमान्तर्गत स्थित समस्त वार्डो में विचरण करनें वाले अनुमानित 1500 निराश्रित श्वान पशुओं को पकड़कर, उनकी नसबन्दी (Sterilization), एंटी रैबीज टीकाकरण, उपचार, आपरेशन उपरान्त देखमाल एवं स्वस्थ्य होनें के पश्चात् उसी क्षेत्र में पुनः छोड़नें का कार्य। | 50,000=00 | 2500+450=2950 | एक वर्ष |

(आलोक उनियाल)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद,रामनगर।

(मो0अकरम)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद,रामनगर।

## कार्यालय जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर।

पंत्राक: 3594 / सम्पत्ति-जि0पं0ऊ0सिं0न0/2025-26 दिनांक: 16.03.2026

**नीलामी संशोधित निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 11.03.2026 के समाचार पत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 से तीन वर्ष हेतु कृषि भूखण्डों की निविदा प्रकाशित की गयी थी, जिसमें निविदा दिनाँक 19.03.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे से कृषि भूखण्डों की निविदायें उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष जिला पंचायत के सभागार में खोली जानी थी, जबकि दिनांक 19.03.2206 को चेटी चन्द का अवकाश होने के कारण उक्त निविदा दिनाँक 20.03.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे से खोली जायेगी। शेष शर्त यथावत् रहेंगी।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, उधम सिंह नगर।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर (चम्पावत)

स्वच्छ टनकपुर (स्वच्छता ही सेवा) सुन्दर टनकपुर

Email-eo.nppt@yahoo.in

पत्रांक:- 1356 विविध / 2026-27 दिनांक: 16-3-2026

**अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

सर्वसाधारण एवं इच्छुक फर्मो / व्यक्तियों को सूचनार्थ अवगत कराना है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर द्वारा प्रशासन द्वारा निर्धारित माँ पूर्णागिरी मेला अवधि हेतु पालिका के मुख्य स्थानों क्रमशः पिथौरागढ चुंगी, पीलीभीत चुंगी, रेलवे स्टेशन रोड तथा शारदा घाट में सांस्कृतिक कलाकृति / एपेण कला में स्वागत गेट बनाये जाने हेतु कोटेशन 22-3-2026 को अपराहन 12.00 बजे तक पालिका के टेण्डर बॉक्स में आमन्त्रित किये जाते हैं। जो उसी दिन निविदा समिति के सदस्यों द्वारा अपराहन 3.00 बजे खोली जायेगी। इच्छुक फर्म/व्यक्ति उपरोक्त स्थानों पर सांस्कृतिक कलाकृति /एपेण कला में स्वागत गेट बनाये जाने हेतु अपनी दरें कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**कोटेशन की शर्ते**

1- कोटेशन दाता को कोटेशन स्वीकृत होने के उपरान्त रू0 5,000.00 की जमानत राशि तथा रू0 100.00 के स्टाम्प पर पालिका के पक्ष में अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
2- स्वीकृत कोटेशनदाता द्वारा पालिका द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही स्वागत गेट कार्यादेश दिये जाने के एक सप्ताह के अन्दर स्थापित किये जाने अनिवार्य होगे।
3- स्वागत गेटों में लगने वाले फ्लैक्सी पालिका द्वारा निर्धारित किये जाने के उपरान्त उसी के अनुरूप लगवाये जाने अनिवार्य होगें।
4- माँ पूर्णागिरी मेला अवधि तक स्वागत गेटों के अनुरक्षण का दायित्व स्वयं ठेकेदार का होगा।
5- स्वागत गेटों पर लगने वाली फ्लैक्सी सांस्कृतिक कलाकृति/एपेण कला पर लगवाई जानी अनिवार्य होगी।
6- कोटेशन दाता को कोटेशन के साथ आयकर एवं जी0एस0टी0 में पंजीकरण की प्रति संलग्न करनी अनिवार्य होगी।

अधिकासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद टनकपुर

## कार्यालय भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर रूद्रपुर, ऊधमसिंहनगर

पत्रांक: 3684/भू0खनि0वि0 / अ0भ0नी0-विज्ञप्तिप्र0 / 2025-26 दिनांक: 16 मार्च, 2026

**भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर, रूद्रपुर**

दिनांक 13.03.2026 को विभागीय दल द्वारा जनपद उधमसिंह नगर के तहसील काशीपुर क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन की रोकथाम हेतु कतिपय स्थलों का मौका निरीक्षण किया गया। मौका निरीक्षण के समय ग्राम गांधीनगर में भिन्न-भिन्न स्थानों में अवैध रूप से ढेरियों में उपखनिज भण्डारित पाया गया। इस प्रकार अवैध रूप से भण्डारित पाये गये उपखनिज को नियमावली के प्राविधानानुसार खुली नीलामी के माध्यम से निस्तारित किया जाना है।

नीलामी में प्रतिभाग किये जाने हेतु इच्छुक व्यक्तियों /संस्थाओं द्वारा समस्त वांछित अभिलेख दिनांक 23.03.2026 को सायं 5 बजे से पूर्व तक जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। इस अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। वांछित अभिलेख एवं नीलामी की शर्तो एवं प्रतिबन्धों की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस पर भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर, रूद्रपुर के कक्ष सं0 115 में अवलोकित / प्राप्त किये जा सकते हैं।

(मनीष कुमार)
खान अधिकारी, उधमसिंह नगर

CMYK



# गुडवर्क : मंगलौर पुलिस ने दबोचा एक कार लुटेरा

## हरियाणा से दोस्तों के साथ आया था घूमने, नशा पूरा करने को लूट डाली कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली पुलिस ने कार लूट की एक सनसनीखेज घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और लूटी गई नेक्सोन कार बरामद कर ली। आरोपी हरियाणा से अपने दोस्तों के साथ हरिद्वार घूमने आया था और नशे व शौक पूरे करने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार 14 मार्च की शाम डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि तीन अज्ञात युवकों ने मंगलौर क्षेत्र के नगला ऐमाद निवासी रोहित कुमार की नेक्सोन कार लूट ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित की निशानदेही पर आरोपियों व वाहन की तलाश शुरू कर दी। भागते समय लुटेरों ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे कार का आगे का टायर फट गया। तेज गति से आगे न बढ़ पाने पर आरोपी लिब्बरहेड़ी फ्लाईओवर के पास कार छोड़कर खेतों की ओर भाग निकले। पुलिस ने मौके से लूटी




गई कार कब्जे में लेकर मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीमों का गठन कर लगातार चेकिंग अभियान चलाया गया। डिजिटल साक्ष्यों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर मुख्य आरोपी की पहचान कर उसे मंगलौर

> ❖शराब पीने के दौरान विवाद होने पर छोड़कर चले गए थे दोस्त, टशन में कर दी वारदात

क्षेत्र से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हरियाणा से अपने दोस्तों के साथ हरिद्वार घूमने आया था। यहां शराब पीने के दौरान दोस्तों से विवाद हो गया और वे उसे छोड़कर वापस चले गए। दोस्तों को दिखाने के लिए कि उसके पास भी गाड़ी है, उसने रुड़की से किराये पर कार बुक की और योजनाबद्ध तरीके से चालक को धक्का देकर कार लूट ली।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई नेक्सोन कार और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम: प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज गैरोला, उपनिरीक्षक प्रवीण विष्ट, उपनिरीक्षक हेमदत्त भारद्वाज, हेड कांस्टेबल अमित शर्मा, कांस्टेबल अरविन्द, कांस्टेबल सुधीर, कांस्टेबल विनोद व कांस्टेबल नरेश।

# नाबालिग पुत्र के वाहन चलाने पर पिता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने नाबालिग के वाहन चलाने पर पिता का चालान होने पर न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक द्वारा उप निरीक्षक आनंद मेहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर वारंटियों की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 01 वारंटी अशोक कुमार पुत्र रणधीर सिंह निवासी मकान नंबर 372 /1 गांधीनगर रुड़की थाना कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार को सोत मोहल्ला रुड़की से गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि वारंटी के नाबालिक पुत्र का वाहन चलाते समय रुड़की पुलिस द्वारा मोटर वाहन अधिनियम में चालान काटा गया जिसमें न्यायालय द्वारा नाबालिक के पिता का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक आनंद मेहरा, कांस्टेबल गोविंद आदि शामिल रहे।

# गैस की किल्लत को देखते हुए खाद्य पूर्ति विभाग अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर में गैस की किल्लत को देखते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

सोमवार को अधिकारियों को सूचना मिली कि लंढोरा रोड पर एक ट्रक से गैस सिलेंडर बेचे जा रहे हैं, जो कि पूरी तरह से नियमों के खिलाफ है। मौके पर पहुंचे आरओ मदन सिंह रावत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बिक्री पर रोक लगाई और डिलीवरी कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि डिलीवरी घर पर या एजेंसी से ही की जाएगी, सड़क पर नहीं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे ऑनलाइन बुकिंग करें या एजेंसी पर जाकर अपनी बुकिंग कराएं, ताकि उन्हें परेशानीयों का सामना न करना पड़े।

# आपस में झगड़ा कर रहे तीन लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर आपस में गाली गलौज व मारपीट झगड़ा कर रहे तीन लोगों का शांति भंग में चालान किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम लिब्बरहेडी के झगड़े को लेकर कुछ व्यक्ति झगडा कर एक दूसरे पर मारपीट पर उतारू थे इनको काफी समझाने का प्रयास किया गया परंतु आमदा फसाद रहे तथा मारपीट व झगड़ा पर उतारू हो रहे। मौके पर शान्ति भंग होने के अंदेशे से अन्य कोई चारा न देख निम्न 03 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस के जुर्म से अवगत कराते हुए हिरासत में लिया। अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई। नाम पता आरोपित-नदीम पुत्र इलियास निवासी लिब्बरहेडी मंगलौर, भूरा उर्फ इसराईल पुत्र इलियास निवासी उपरोक्त तथा जाहिद पुत्र ताहिर निवासी ग्राम लिब्बरहेडी मंगलौर। पुलिस टीम में उ0नि0 मनोज कठैत, कानि0 पप्पू कश्यप, कानि0 जफर, हो0गा0 मैनपाल आदि शामिल रहे।

# अवैध सीवर कनेक्शन रखने वालों पर चलेगा विजिलेंस का चाबुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में एडीबी के सीवर अवैध कनेक्शन पर उत्तराखंड जल संस्थान गंगा कड़ी कार्यवाही करने जा रहा है। अवैध सीवर कनेक्शन की जांच के लिए देहरादून से विजिलेंस कारवाई करेगी।

गौरतलाब है कि जल संस्थान में शासन द्वारा विजिलेंस गठित कर दी गई है रुड़की शहर में लगातार हों रहे निर्माण कमर्शियल कॉम्प्लेक्स प्रतिष्ठानों का निमार्ण युद्ध स्तर पर चल रहा है जिनके सीवर कनेक्शन भी किए जाने मैंडेटरी है आर बड़े प्रतिष्ठानों को नियमानुसार एटीपी एसटीपी पीसीबी के पैरामीटर अनुसार जरूरी है परंतु कुछ प्रतिष्ठान नियमों का पालन ना कर अवैध सीवर हेतु टीम का गठन भी कर लिया गया है जो अवैध कनेक्शंस की जांच कर नोटीस ओर जुर्माने की कारवाई करेगी। आज टीम ने सिविल लाइंस और हरिद्वार रोड़ पर दो बड़े कॉम्प्लेक्स की माप की है और नॉटिस की तैयारी की जा रही है मलकपुर



चुंगी पर एक कॉम्प्लेक्स की रिपोर्ट तयार कर एचआरडीए को भी रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी उक्त कॉम्प्लेक्स द्वारा खुले आम रोड़ पर गंदा पानी बहाया जा रहा है जिसकी शिकायत लोगो द्वारा उपखंड अधिकारी जुनैद गौड से की गई थी। रुड़की नगर अनेक सरकारी गैर सरकारी बड़े कार्याल्य है जिनमे सीवर संचालन अनुरक्षण शाखा गंगा विभाग द्वारा किया जाता है रुड़की नगर में घेरलू अघेरलु कनेक्शंस की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम मोहल्लावार जांच करेगी और अवैध कनेक्शंस पाए जाने पर नोटिस और जुर्माने की कारवाई की जाएगी। वर्तमान में रुड़की नगर का विस्तार हो रहा है और जगह जगह सीवर कनेक्शन बढ़ रहे है जिसके लिए अधीसाशी अभियंता ने बैठक ली थी और अवैध कनेक्शनधारकों के खिलाफ कड़ी कारवाई के निर्देश दिए गए थे।

उपखंड अधिकारी जुनैद गौड ने बताया नियमानुसार नगर निगम क्षेत्र में खुले में मल छोड़ना वर्जित है एस प्रकार के कॉम्प्लेक्स और प्रतिष्ठानों का ब्योरा जुटाया जा रहा है एवम इनकी रिपोर्ट हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण को भी प्रेषित की जाएगी। मलकपुर चुंगी पर एक मार्केट कॉम्प्लेक्स की माप कर ली गई है नोटिस बनाया जा रहा है उक्त कॉम्प्लेक्स द्वारा नियमों का पालन ना कर खुले में गंदा पानी छोड़ा जा रहा है इसकी रिपोर्ट एचआरडीए को भी प्रेषित की जा रही हैं।

# लक्सर पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्रतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया सूचना मिली थी की दो व्यक्ति आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं सूचना पर तुरंत ही पुलिस को भेजा गया पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को काफी समझाने का प्रयास किया वह नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सोनू पुत्र लियाकत ग्राम भीक्कमपुर जीतपुर थाना लक्सर अनीस अहमद खान पुत्र लाल्ला हसन निवासी नगर पंचायत सुल्तानपुर कोतवाली लक्सर बताएं उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक आशीष भट्ट कांस्टेबल कपिल देव होमगार्ड नीटू सिंह शामिल रहे।

# विश्व इंजीनियर दिवस पर दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) में कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), रुड़की लोकल, सेंटर, आई. आई. आई. टी. परिसर, रुड़की में आयोजित कार्यक्रम में सेंटर के अध्यक्ष श्री अखिलेश वर्मा द्वारा सभी कॉर्पोरेट सदस्य और विशेषज्ञ, दर्शकों का स्वागत कर बताया गया कि 'विश्व इंजीनियरिंग दिवस' के अवसर पर उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अनुसंधान, नवाचार और प्रायोगिक प्रशिक्षण के माध्यम से ही भविष्य के इंजीनियरों को वैश्विक एयरोस्पेस उद्योग की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सकता है। इस अवसर पर



इंडोप्लैनेटएक्स स्पेस वॉल्ट एंड रिसर्च प्रा. लि. के सीईओ एवं संस्थापक श्री अंकित कुमार ने "ड्रोन और रॉकेट तकनीक में उद्योग-केंद्रित आवश्यकताएँ: एक आई ओपनर" विषय पर व्याख्यान मे कहा कि आज एयरोस्पेस, ड्रोन और अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है, लेकिन उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं और पारंपरिक इंजीनियरिंग शिक्षा के बीच अभी भी एक बड़ा अंतर मौजूद है। उन्होंने कहा कि आधुनिक उद्योगों को ऐसे इंजीनियरों की आवश्यकता है जिनके पास केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि सिस्टम इंटीग्रेशन, एवियोनिक्स, प्रोपल्शन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीकों की व्यावहारिक समझ भी हो। इस कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट ऑफ इंजिनियर्स इंडिया के कार्यकारी सदस्य, सी.बी.आर.आई. के फैकल्टी, स्टाफ, राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की के वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे। अंत में केन्द्र के मानद सचिव डॉ. सोजू द्वारा सभी श्रोताओं को धन्यवाद अर्पित किया गया।

# मूलराज इंटर कॉलेज में परीक्षाएं समाप्ति की ओर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मूलराज इंटर कॉलेज में 21 फरवरी से आरंभ हुई उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है हालांकि इस दौरान कई बार उड़ान दास्तों ने अपनी धमक से परीक्षा केंद्र को दहलाया लेकिन इन दास्तों के खोजी निरीक्षकों की पैनी निगाहे भी परीक्षा केंद्र से एक पुर्जा भी तलाश न कर सकी हारकर इन दास्तों ने अपना रुख बदलकर संवेदनशील परीक्षा केंद्र की ओर कर लिया। जानकारी के अनुसार केंद्र व्यवस्थापिका श्रीमती पुष्पा रानी ने कहा कि हमारे केंद्र पर बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रही है हमारे विद्यार्थी भी अनुशासन पूर्वक परीक्षाएं दे रहे हैं और परीक्षा से जुड़ी सभी टीम अपना सहयोग प्रदान कर रही है। कस्टोडियन ताजीम अली ने कहा कि प्रश्न पत्र की अलमारी कैमरे की निगरानी में है प्रश्न पत्रों के लिफाफे कुल पांच तालों में बंद किये जा रहे हैं सभी लिफाफे सुरक्षित है मेरे द्वारा भी पूरी सतर्कता और सावधानी बरती जा रही है किसी अनहोनी की कोई आशंका नहीं है कैमरा हर जगह नहीं हो सकता लेकिन मेरी निगाहें हर जगह मौजूद है। परीक्षा प्रभारी महिमा चौहान ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों की परीक्षा से पूर्व तलाशी ली जा रही है अभी तक कोई अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई परीक्षा कार्य पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जा रहा है।

सहायक परीक्षा प्रभारी गण गुरप्रीत कौर और अंबिका दत्त ने बताया कि हम सभी के सहयोग से परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जुटे हुए हैं इसके लिए सभी का हार्दिक धन्यवाद। परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी देने वाले शिक्षकों में संदीप कुमार नेहा जैन दिनेश कुमार रीना कुमारी एकता सिंह तरु गोयल अंजलि संगीता देवराड़ी रेनू अंजू शाह अरविंद सैनी ज्योति सैनी नीरज सैनी सुमन स्वाति चौहान मंजू देवी नीलिमा सिंह आंचल पुंडीर साजिदा नरगिस शशि जैन आदि शामिल रही।

# कलियर में विकास कार्यों में देरी पर विधायक ने लिखा सीएम को पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह पिरान कलियर में विकास कार्यों में हो रही देरी को लेकर विधायक हाजी फुरकान अहमद ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले भी विधायक ने दरगाह प्रबंधन पर विकास परियोजनाओं की फाइलें रोकने का आरोप लगाया था। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर अब उन्होंने मामले को पत्र भेजकर मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया है।

विधायक फुरकान अहमद ने अपने पत्र में कहा कि विश्व प्रसिद्ध साबिर पाक दरगाह पिरान कलियर में देश-विदेश से बड़ी संख्या में जायरीन आते हैं लेकिन उन्हें मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि दरगाह क्षेत्र की कई सड़कें जर्जर हालत में हैं और परिसर में जल निकासी की समस्या भी बनी हुई है। साथ ही कई भवनों की स्थिति भी जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है। विधायक ने पत्र में कहा कि दरगाह में आवश्यक विकास कार्यों को दरगाह पिरान कलियर की जमा धनराशि से कराने का प्रस्ताव दिया गया था। इस संबंध में ग्रामीण निर्माण विभाग से कार्यों का निरीक्षण भी कराया गया और कई बार दरगाह प्रशासन से धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया लेकिन अब तक उक्त कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे विकास कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में पूर्व में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भी पत्र भेजा गया था लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी हरिद्वार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विधायक ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद दरगाह क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों को जल्द स्वीकृति मिल सकेगी।

# टैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लंढौरा। मंगलौर मार्ग पर ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए रुड़की के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लंढौरा निवासी 20 वर्षीय नासिर सोमवार दोपहर को बाइक से घर जा रहा था। इसी दरमियान मंगलौर मार्ग पर पशु चिकित्सालय के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया। घायल युवक को सेवा 108 से रुड़की के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल का कहना है कि अगर इस संबंध में तहरीर मिलती है तो छानबीन की जाएगी।

# इकलौते बेटे की तलाश में दर-दर भटक रहा बुजुर्ग दंपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र के गिद्दा वाली गांव से एक साल पहले लापता हुए 18 वर्षीय युवक मांगेराम शर्मा का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। अपने इकलौते बेटे के गम में दर-दर भटक रहे हैं पुलिस के भी चक्कर काट रहे हैं लेकिन एक साल से युवक का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि मांगेराम शर्मा 3 फरवरी 2025 को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था पिता प्रमोद शर्मा और माता सुनीता शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे को तलाशने के लिए लक्सर खानपुर, हरिद्वार और देहरादून तक की खाक छानी, लेकिन हर जगह से उन्हें निराशा ही हाथ लगीपरिजनों की भावुक अपीलभारी मन और डबडबाई आंखों से प्रमोद शर्मा ने बताया कि मांगेराम उनका इकलौता पुत्र है। एक साल का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई ठोस जानकारी न मिलने के कारण परिवार अब पूरी तरह टूट चुका है।

# गंगनहर पुलिस ने किया असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़

## 06 अवैध तमंचे, अधबनी पिस्टल व राइफल सहित हथियार बनाने के उपकरण बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने एसएसपी के नेतृत्व में एक फैक्टरी पर छापा मारकर अवैध असला बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है पुलिस ने मौके से 6 तमंचे एक अधबना एक राइफल व बनाने के उपकरण बरामद किया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं पुलिस उपाधीक्षक रुड़की के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दिनांक 15.03.2026 को सुनहरा सलेमपुर रोड स्थित जे०पी०एस० टोटल सोल्यूशन वर्कशॉप में छापेमारी कर अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए आरोपी जावेद को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका पुश्तैनी काम खराद (मशीन वर्क) का है। इसी का फायदा उठाते हुए वह



अपनी वर्कशॉप में मशीनों के माध्यम से डाई (फॉर्मा) बनाने की आड़ में अवैध तमंचे व पिस्टल तैयार कर रहा था। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है, साथ ही अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। नाम पता आरोपित-जावेद पुत्र ताहिर अहमद निवासी शक्ति मोहल्ला, रुड़की थाना ख सिविल लाइन्स, जिला हरिद्वार। बरामदगी-06 अवैध तमंचे, 01 अधबनी पिस्टल, 01 अधबनी .22 बोर राइफल, नाल में प्रयुक्त

> ❖पुश्तैनी खराद ( मशीन वर्क ) का है आरोपी का काम, अपने हुनर का उठाया फायदा गंभीर हालत में कराया गया था अस्पताल में भर्ती।

होने वाला, 22 बोर पाईप (लम्बाई 12 इंच), पीतल का पाईप 30 बोर (17 इंच) 12 बोर नाल में प्रयोग होने वाला पाईप (20.6 इंच), लोहे की बॉडी में प्रयुक्त होने वाला ऊपरी खांचा,01 मैगजीन .22 बोर8. 38 खोखा कारतूस 22 बोर, 06 जिन्दा कारतूस 22 बोर10. 01 जिन्दा कारतूस 32 बोर, 03 खोखा कारतूस 32 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया है।

# देर रात दो स्थानों पर आग की घटनाएं, फायर यूनिट की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में देर रात दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। फायर स्टेशन रुड़की की टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्परता से आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। दोनों घटनाओं में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि एक घर में घरेलू सामान व कुछ नगदी जलने की सूचना है।

जानकारी के अनुसार पहली घटना रात करीब 20:24 बजे की है। फायर स्टेशन रुड़की को सूचना मिली कि गणेशपुर क्षेत्र के प्रभूलाल बाग, कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में श्रीमती यशोदा देवी पत्नी जगदंबा प्रसाद के घर में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग को पूरी तरह बुझा दिया और आग को आसपास फैलने से भी रोक दिया। इस घटना में घर का कुछ घरेलू सामान और थोड़ी नगदी जल गई, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अग्निशमन कार्य पूरा होने के बाद घटना की जानकारी कंट्रोल रूम रुड़की को दे दी गई।

दूसरी घटना रात 23:40 बजे की है। आग लगने की सूचना पर फायर यूनिट बेलड़ा स्थित राइटर्स गर्ल्स पीजी कॉलेज के पास, केआर कॉलेज के निकट पहुंची। जांच में पता चला कि विद्युत लाइन में फॉल्ट आने के कारण वायरिंग में शॉर्ट सर्किट हो गया था, जिससे तार जल गए। मौके पर कोतवाली सिविल लाइन की पुलिस भी मौजूद रही। निरीक्षण के बाद स्थिति सामान्य पाई गई और घटना की सूचना कंट्रोल रूम रुड़की को दे दी गई। घटनास्थल पर पहुंची फायर टीम में लीडिंग फायरमैन विपिन सैनी, चालक विपिन सिंह तोमर, फायरमैन हरिश्चंद्र राणा और शंकर कुमार शामिल रहे। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से दोनों स्थानों पर आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और संभावित बड़ा हादसा टल गया।

CMYK

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 17 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# और कितनी किल्लत

होर्मुज जलमार्ग पार करके एक भारतीय जहाज 'शिवालिक' 16 मार्च, सोमवार, को 'मुंडा पोर्ट' (गुजरात) पर पहुंचेगा। एक और जहाज 'नंदा देवी' 17 मार्च, मंगलवार, को 'कांडला बंदरगाह' (गुजरात) पर पहुंच सकता है। दोनों घरेलू गैस एलपीजी से लदे हुए हैं। दोनों जहाजों में 1.08 लाख मीट्रिक टन एलपीजी बताई गई है। यह भारत में मात्र एक दिन की गैस है। हमारी मासिक खपत 30 लाख टन है। एलपीजी के 11 अन्य जहाज भी होर्मुज पार करके भारत आने की उम्मीद में हैं। उनमें 4,15,000 टन एलपीजी बताई जा रही है। कच्चे तेल के 8 जहाज और एलएनजी के 3 जहाज भी प्रतीक्षारत हैं कि कब ईरान इजाजत देगा और वे भारत की तरफ प्रस्थान करेंगे। होर्मुज को लेकर भारत-ईरान का कोई नया करार नहीं हुआ है। भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। भारत 2019 तक ईरान से कच्चा तेल आयात करता था। उसकी आपूर्ति में परिवहन और बीमा निःशुल्क होते थे। 'रुपए' की मुद्रा में तेल की आपूर्ति होती थी और ईरान के करीब 60,000 करोड़ रुपए भारतीय बैंकों में जमा थे। अमरीका ने ईरान पर पाबंदियां थोपीं, तो भारत पर भी दबाव बनाया गया कि वह ईरान से तेल न खरीदे। हमने अमरीका का आदेश मान लिया और ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया। उसी तरह रूस के तेल को काफी कम किया गया। अब संकट के दौर में ईरान और रूस दोनों को 'पुरानी दोस्ती' की दुहाई दी जा रही है। वे दोस्ती निभा भी रहे हैं। आभार ईरान और रूस! अब सरकार बार-बार दावे कर रही है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, तो कुछ सवाल मौजू लगते हैं। जिनके घरों में पाइपलाइन से पीएनजी सप्लाई की जाती है, उन्हें एलपीजी कनेक्शन से वंचित क्यों किया जा रहा है? ऐसे कनेक्शन 1।62 करोड़ हैं। देश की आबादी में चुटकी भर संख्या! बीती 13 मार्च को 88।8 लाख बुकिंग कराई गई, जबकि एक दिन की औसत बुकिंग 55 लाख रही है। क्या पूरी 'दहशतपूर्ण बुकिंग' है? राजधानी दिल्ली में ही होटल, रेस्तरां और ढाबों में इंडक्शन चूल्हों और डीजल की भट्टियों पर खाना क्यों बनने लगा है? सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के जरिए वैकल्पिक ईंधन की इजाजत क्यों दी है? लोगों ने घरों की छतों पर चूल्हा रख कर लकड़ी और कोयले पर खाना पकाना क्यों शुरू कर दिया है? जहरीले प्रदूषण को आमंत्रण और पर्यावरण का छिलना शुरू! एक पेशेवर सवाल यह है कि यदि एलपीजी का कोई संकट नहीं है, तो गैस डीलरों ने फोन क्यों बंद कर रखे हैं? हॉकर के फोन भी बंद हैं, क्यों? प्रधानमंत्री मोदी आजकल चुनावी जनसभाओं में व्यस्त हैं। वह बार-बार देश का आह्वान कर रहे हैं कि अफवाहों में मत आएं और अफवाहें फैलाएं भी नहीं। देश करीब 12 साल पहले कांग्रेस और विपक्ष को खारिज कर चुका है। लगातार तीन बार संसदीय जनादेश भाजपा-एनडीए को मिला है।

## उप्र में ऐसा क्यों नहीं किया जाता



जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है, उप्र में ऐसा क्यों नहीं किया जाता, प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी, जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया, चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है, पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है।

**-अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था





**योगेश कुमार गोयल**

मध्य-पूर्व में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़े संघर्ष ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिला दिया है कि आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था की नसों में बहने वाली ऊर्जा कितनी असुरक्षित है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और समुद्री आवागमन के ठप होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में गहरा व्यवधान पैदा हुआ है, जिसका सबसे तीखा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर दिखाई दे रहा है। भारत में रसोई गैस अर्थात एलपीजी का संकट संसद से लेकर सड़क तक चर्चा का विषय बन गया है। देश के अनेक शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं, कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत के कारण होटल-रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं और कालाबाजारी के समाचार निरंतर सामने आ रहे हैं। यह स्थिति केवल अस्थाई आपूर्ति बाधा का मामला नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला गंभीर संकेत है। वैश्विक ऊर्जा मानचित्र में होर्मुज जलडमरूमध्य की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह लगभग 21 मील चौड़ा समुद्री मार्ग दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा 'चोकपॉइंट' माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे बड़े ऊर्जा निर्यातक देश अपने तेल और गैस के विशाल भंडार को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। ऐसे में जब इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव बढ़ता है तो पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था अस्थिर हो जाती है। वर्तमान संघर्ष ने भी यही किया है। ईरान द्वारा होर्मुज क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों को सीमित करने और जहाजों पर संभावित हमलों की चेतावनी ने कई टैंकरों को रोक दिया है, जिससे एलपीजी और एलएनजी के जहाज समुद्र में फंस गए हैं और आयात पर निर्भर देशों को बड़ा झटका लगा है।

भारत के लिए यह संकट इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि देश की ऊर्जा संरचना में एलपीजी की भूमिका पिछले एक दशक में अत्यधिक बढ़ गई है। भारत आज हर वर्ष लगभग 3 करोड़ टन से अधिक एलपीजी का उपभोग करता है लेकिन घरेलू उत्पादन इस मांग का आधा हिस्सा भी पूरा नहीं कर पाता। शेष आवश्यकता खाड़ी देशों से आयात करके पूरी की जाती है। अनुमान है कि भारत में आने वाली एलपीजी का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यही कारण है कि जैसे ही इस मार्ग में व्यवधान आया, उसका सबसे पहला और सबसे तेज असर भारत की रसोई पर दिखाई देने लगा। यह एक कठोर सच्चाई है कि भारतीय परिवारों की ऊर्जा सुरक्षा काफी हद तक एक संकरे समुद्री मार्ग पर निर्भर है। इसी संकट के दौरान पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता अपेक्षाकृत सामान्य बनी हुई है। पैट्रोल पंपों पर न तो लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं और न ही कीमतों में अचानक उछाल आया है। इसका कारण यह है कि भारत ने पिछले वर्षों में कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर अपेक्षाकृत अधिक लचीला ढांचा विकसित किया है। आज भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात करता है और रूस, अमेरिका तथा अफ्रीका के कई देशों से आने वाला तेल ऐसे मार्गों से भारत पहुंचता है, जो होर्मुज पर निर्भर नहीं हैं। इसके अतिरिक्त भारत के पास रणनीतिक पैट्रोलियम भंडार भी मौजूद हैं, जिनमें आपातकालीन परिस्थितियों के लिए लाखों बैरल कच्चा तेल संग्रहीत किया जाता है। इन भंडारों और विविध आपूर्ति स्रोतों के कारण पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता तुरंत प्रभावित नहीं होती। इसके विपरीत एलपीजी के मामले में स्थिति बिल्कुल अलग है। एलपीजी को तरल रूप में सुरक्षित रखने के लिए अत्यधिक दबाव और विशेष टैंकों की आवश्यकता होती है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर इसका भंडारण करना महंगा और तकनीकी रूप से जटिल होता है। यही कारण है कि भारत के पास एलपीजी का कोई बड़ा साम. रिक भंडार नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में एलपीजी का जो सीमित भंडार है, वह मुश्किल से दो-तीन दिन की खपत के बराबर ही है। परिणामस्वरूप जैसे ही आयात में थोड़ी भी बाधा आती है, उसका असर तुरंत बाजार और घरेलू उपभोक्ताओं पर दिखाई देने लगता है। यही वह संरचनात्मक कमजोरी है, जिसने मौजूदा संकट को गहरा बना दिया है। इस संकट का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पिछले दशक में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों तक रसोई गैस पहुंचाई गई है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2014 में जहां देश में एलपीजी कनैक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, वहीं आज यह बढ़कर 33 करोड़ से अधिक हो चुकी है। यह सामाजिक दृष्टि से अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन है किंतु इसका अर्थ यह भी है कि भारत की घरेलू ऊर्जा व्यवस्था अब एलपीजी के निरंतर प्रवाह पर पहले से कहीं अधिक निर्भर हो गई है। जब इस प्रवाह में व्यवधान आता है तो उसका प्रभाव करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन पर पड़ता है। संकट का असर केवल घरेलू रसोई तक सीमित नहीं है। उद्योग, होटल, रेस्टोरेंट, छोटे व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां भी बड़े पैमाने पर एलपीजी और प्राकृतिक गैस पर निर्भर हैं। जब आपूर्ति सीमित होती है तो सबसे पहले इन्हीं क्षेत्रों की गैस आपूर्ति घटाई जाती है ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा सके। परिणामस्वरूप औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है, छोटे कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है और कई स्थानों पर रोजगार प्रभावित होते हैं। स्टील और धातु उद्योगों से लेकर ढाबों और छोटे भोजनालयों तक, अनेक क्षेत्र इस संकट की मार झेल रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कुछ आपातकालीन कदम उठाए हैं। रिफाइनरियों को निर्देश दिया गया है कि वे कच्चे तेल के प्रसंस्करण के दौरान एलपीजी की रिकवरी को अधिकतम करें। कुछ पैट्रोकेमिकल उत्पादों को अस्थाई रूप से रसोई गैस उत्पादन की दिशा में मोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिका और पश्चिम अफीका जैसे क्षेत्रों से अतिरिक्त एलपीजी कार्गो मंगाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर अस्थाई नियंत्रण लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय भी इसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि ए सभी कदम तात्कालिक राहत प्रदान कर सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक समाधान के लिए इससे कहीं अधिक व्यापक नीति की आवश्यकता है। दरअसल यह संकट केवल एक युद्ध का परिणाम नहीं है बल्कि यह भारत की ऊर्जा नीति के उस खालीपन की ओर संकेत करता है, जिस पर लंबे समय से पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एसिडिटी से पाना चाहते हैं छुटकारा, तो ये अपनाएं टिप्स

**नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है। जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं। हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें। फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इसको पी लें। इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा।**

इस फेस्टिव सीजन में लोगों के घरों में तरह तरह के तले भुने व्यंजन बनते हैं। जिसको खाने से ना सिर्फ बदहजमी बल्कि पेट में गैस बनने की परेशानी भी शुरू हो जाती है। पेट दर्द होने के कारण त्योहार का सारा मजा किरकिरा हो जाता है। ऐसे में अगर इस फेस्टिव सीजन आप भी एसिडिटी की समस्या से खुद को बचाए रखना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। तैलीय और मसालेदार खाना, नींद की कमी और असमय भोजन आदि के कारण भी गैस व पेट में जलन की समस्या हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आप इन ड्रिंक्स का सेवन कर सकते हैं।



**जीरा पानी**

आपको बता दें जीरा में फाइबर की मात्रा पाई जाती है। जो आपके पाचन को दुरुस्त रखने में सहायक होती है। जीरा पानी के सेवन से आप एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं। जीरा पानी बनाने के लिए एक पैन में पानी और जीरा डालकर इसको उबाल लें। इसके बाद इसे छान लें और हल्का गुनगुना रहने पर इसको पी लें।

**नींबू और शहद का ड्रिंक**

नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है। जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं। हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें। फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इसको पी लें। इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा।

**सौंफ का पानी**

पाचन तंत्र के लिए सौंफ बेहद फायदेमंद मानी जाती है। वहीं सौंफ का पानी पीने से गैस और पेट में जलन की समस्या दूर हो सकती है। सौंफ का पानी पीने के लिए सबसे पहले पानी में सौंफ को उबाल लें। फिर गुनगुने पानी का सेवन कर लें। इसके अलावा रात भर के लिए सौंफ को पानी में भिगोकर भी रख सकते हैं और अगले दिन सुबह उस पानी को पी लें।

**हींग का पानी**

हींग खाने का स्वाद और सुगंध बढ़ाने के साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। हींग का पानी गैस की समस्या से राहत दिलाने में मदद करता है। इसके लिए एक गिलास गुनगुना पानी में आधा चम्मच हींग पाउडर मिलाएं। इस ड्रिंक का सेवन करने से एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं।

**अदरक का पानी**

बता दें कि अदरक में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इस ड्रिंक को बनाने के लिए अदरक को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर इन टुकड़ों को पानी में उबाल लें। जब यह गुनगुना हो तो इस पानी का सेवन करें। इससे पेट की जलन और गैस से राहत मिलेगी।

# कैसी दिखती है रोमांस वाली दोस्ती, बिना ड्रामा किए इसे बनाएं कामयाब

फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप तब शुरू होता है, जब दो दोस्त, जिन्हें साथ में घूमना या समय गुजारना पसंद होता है, अपनी दोस्ती को नए स्तर पर लेकर जाने का फैसला करते हैं। नए स्तर पर लोग एक-दूसरे के साथ शारीरिक रूप से जुड़ते हैं। श्फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिपश में आमतौर पर लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के सेक्स, किस और कडलिंग कर सकते हैं।

दोस्ती में रोमांस अब अजीब नहीं लगता। वास्तव में, यह एक लोकप्रिय चलन बन गया है। बहुत से लोग दोस्ती को रोमांस के साथ मिलाने के विचार का आनंद ले रहे हैं, जिसे हम फ्रेंड्स विद बेनेफिट्स कहते हैं। यह सेटअप उन लोगों के लिए नया सामान्य बन गया है, जो रिश्ते में होने की जिम्मेदारियों या प्रतिबद्धताओं के बिना डेटिंग के मजे और उत्साह का आनंद लेना चाहते हैं। दोस्ती में रोमांस अब अजीब नहीं लगता। वास्तव में, यह एक लोकप्रिय चलन बन गया है। बहुत से लोग दोस्ती को रोमांस के साथ मिलाने के विचार का आनंद ले रहे हैं, जिसे हम फ्रेंड्स विद बेनेफिट्स कहते हैं। यह सेटअप उन लोगों के लिए नया सामान्य बन गया है, जो रिश्ते में होने की जिम्मेदारियों या प्रतिबद्धताओं के बिना डेटिंग के मजे और उत्साह का आनंद लेना चाहते हैं।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कैसा दिखता है?**

फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप तब शुरू होता है, जब दो दोस्त, जिन्हें साथ में घूमना या समय गुजारना पसंद होता है, अपनी दोस्ती को नए स्तर पर लेकर जाने का फैसला करते हैं। नए स्तर पर लोग एक-दूसरे के साथ शारीरिक रूप से जुड़ते हैं। फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप में आमतौर पर लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के सेक्स, किस और कडलिंग कर सकते हैं। बिना प्रतिबद्धताओं के इस रिश्ते में दोनों लोग किसी और को डेट कर सकते हैं। ऐसे रिश्ते हमेशा के लिए नहीं चलते हैं, शारीरिक जुड़ाव खत्म करने के बाद लोग वापस दोस्त बन जाते हैं या फिर एक-दूसरे के साथ सारे कांटेक्ट खत्म कर देते हैं। हालांकि, फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप हर किसी के लिए नहीं है, क्योंकि अगर दोनों में से एक व्यक्ति की भी फीलिंग में बदलाव होता है तो दोस्ती भी खराब हो जाती है।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता आपके लिए सही है?**

अगर आप बिना किसी प्रतिबद्धता के शारीरिक रिश्ते की तलाश कर रहे हैं तो फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप आपके लिए ठीक है। एक्सपर्ट के अनुसार, यह रिश्ता उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है जिनके पास प्रतिबद्ध रिश्ते के लिए समय, ऊर्जा या इच्छा नहीं है लेकिन फिर भी वे किसी के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहते हैं। इसके अलावा अगर आप किसी रिश्ते में आकर अपनी आजादी या जरूरतों को त्यागना नहीं चाहते हैं तो आपके लिए फेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कारगर हो सकता है। एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर आप किसी रिश्ते की जटिलताओं से बचना चाहते हैं तो यह व्यवस्था आपके लिए कारगर हो सकती है। एक्सपर्ट ने बताया कि अगर दो दोस्त एक दूसरे की ओर खुद को आकर्षित पाते हैं उनके लिए फेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कारगर है।



**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स बनना**

**अच्छा विचार कब नहीं है?**

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर किसी को भावनात्मक रूप से जुड़ जाने की आदत है तो उनके लिए फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सहज बनाए रखने में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा अगर कोई अपेक्षाएं विक. सित करने लगता है और अगर ये पूरी नहीं होती तो उस व्यक्ति की भावनाएं आहत हो सकती है। प्यार की उम्मीद करने वाले लोगों के लिए यह रिश्ते नहीं बने हैं।

**कैसे फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सफल बनाएं?**

एक्सपर्ट ने फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सफल बनाने के कुछ टिप्स साझा किए। उन्होंने बताया कि इन रिश्तों को सफल बनाने के लिए संवाद महत्वपूर्ण है। रिश्ते को परिभाषित करना और सीमाओं पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है ताकि कोई गलतफहमी न हो। एक्सपर्ट ने कहा कि ऐसे रिश्तों में ईमानदारी जरूरी है। दूसरे व्यक्ति के साथ-साथ खुद के साथ भी ईमानदार होना बहुत जरूरी है। आप क्या चाहते हैं और क्या नहीं और रिश्ते में कैसा महसूस कर रहे हैं, अपनी भावनाओं के प्रति ईमानदार रहे हैं और कुछ भी गलत महसूस होने पर पार्टनर से बात करें।

एक्सपर्ट ने लोगों को सीमाएं स्थापित करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आप कितनी बार मिलेंगे, कौन सी गतिविधियां अनुमत हैं और कौन सी वर्जित हैं, आप अन्य लोगों से मिलेंगे या नहीं और अपने डेटिंग जीवन के बारे में क्या साझा करेंगे या नहीं, आप कौन से गर्भनिरोधक का उपयोग करेंगे और आप अपनी व्यवस्था के बारे में दूसरों को क्या बताएंगे या नहीं, जैसी चीजों के बारे में आधार नियम स्थापित करना सहायक हो सकता है।

# होर्मुज संकट पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

## बढ़ते सैन्य तनाव से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया



■ यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है: लिन जियान

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें।

ईरान और इजरायल-अमे. रिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों।

उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल और गैस की आपूर्ति होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल के हवाई हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कदम के तौर पर इस जलमार्ग को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। इसके कारण तेल की वैश्विक आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा सकता है। चीन ने यह भी बताया कि इस महीने के अंत में प्रस्तावित डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। ट्रम्प ने संकेत दिया था कि अगर चीन होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रखने के प्रयासों में सहयोग नहीं करता है तो उनकी बीजिंग यात्रा टाली जा सकती है। हालांकि चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच संपर्क बना हुआ है और शीर्ष नेताओं के बीच कूटनीतिक बातचीत द्विपक्षीय संबंधों में अहम भूमिका निभाती है। चीन ईरान का करीबी साझेदार माना जाता है और वह ईरान से बड़ी मात्रा में तेल खरीदता है। अक्सर चीन को ईरानी तेल अपेक्षाकृत सस्ते दामों पर मिलता है। चीन ने अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों की आलोचना भी की है। साथ ही अमेरिकी हवाई हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खामेनेई की मौत को लेकर भी चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ऐसे में होर्मुज संकट के बीच चीन की भूमिका को वैश्विक राजनीति में बेहद अहम माना जा रहा है।

## ईरान में अमेरिका-इजरायल के हमले, 5 लोगों की मौत, 7 घायल

**तेहरान।** ईरान के मार्कजी प्रांत में अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ये हमले अलग-अलग स्थानों पर किए गए। पहले हमले में मार्कजी प्रांत के अराक शहर के आसपास स्थित एक रिहायशी इलाके को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। दूसरे हमले में मार्कजी प्रांत के महल्लत शहर में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया गया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हमले के दौरान शहीद खोमैनी बालक विद्यालय को भी निशाना बनाया गया, जिससे स्कूल भवन को काफी नुकसान पहुंचा।



हिमाचल प्रदेश। कुल्लू जिले की सोलांग घाटी में बर्फबारी के दौरान जाम में फंसे वाहन।

## खाड़ी में जहाज पर हमले के बाद 20 थाई क्रू स्वदेश लौटे, तीन अब भी लापता

**बैंकॉक।** होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले का शिक. ार थाईलैंड के मालवाहक जहाज के चालक दल के 20 सदस्य सोमवार को थाईलैंड पहुंच गए, जबकि तीन अब भी लापता हैं। थाई-पंजीकृत जहाज 'मयूरी नारी' की स्वामित्व वाली कंपनी 'प्रेशियस शिपिंग पब्लिक कंपनी लिमिटेड' ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि चालक दल के स्वागत के लिए कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर मौजूद थे और उनकी वापसी में आसानी के लिए संबंधित अधिकारियों से गहरा तालमेल बिठाया गया। कंपनी ने इस बात की भी पुष्टि की कि इस समय उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता उन तीन चालक दल के सदस्यों का पता लगाने की हैं, जो अब भी लापता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्मेनिया ने 550 से अधिक भारतीयों को ईरान से निकालने में मदद की

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया ने ईरान में फंसे 550 से अधिक भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में भारत की मदद की है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सहयोग के लिए आर्मेनिया सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी की सुविधा प्रदान करने के लिए आर्मेनिया की सरकार और लोगों को धन्यवाद।

### रूसी वायु रक्षा ने मार गिराए 145 यूक्रेनी ड्रोन: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रंणालियों ने रात भर में देश के विभिन्न क्षेत्रों में यूक्रेन के 145 ड्रोन मार गिराए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछली रात के दौरान ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने विमान-प्रकार के 145 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में मॉस्को क्षेत्र के ऊपर 53 ड्रोन रोके और नष्ट किए, जिनमें मॉस्को की ओर उड़ रहे 46 ड्रोन भी शामिल थे।

### अफगान: सीमा पार से हुए हमलों में दो की मौत, पांच घायल

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में रविवार रात सीमा पार से किए गए हमलों में दो लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मुस्तगफर गुरबाज ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तोपखाने ने रविवार रात गुरबाज और जाजी मैदान जिलों के कुछ इलाकों को निशाना बनाया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग जख्मी हो गए।

# ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प

## सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला, बढ़ती महंगाई बनी बड़ी चुनौती



■ ट्रम्प ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया
■ ट्रम्प को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर ऐसे समय में घिरे हुए नजर आ रहे हैं, जब इस सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला है। विश्लेषकों का मानना है कि हाल के इतिहास में शायद ही कोई अमेरिकी राष्ट्रपति इतने कम सार्वजनिक समर्थन के साथ किसी बड़े युद्ध में उतरा हो।

उपलब्ध सर्वेक्षणों में कहीं भी ऐसा संकेत नहीं मिलता कि ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर अमेरिकी जनता का बहुमत ट्रम्प के साथ खड़ा है। इसके उलट, कई जनमत सर्वेक्षणों में साफ तौर पर इस युद्ध के खिलाफ राय सामने आई है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि आम तौर पर युद्ध जैसे-जैसे लंबा खिंचता है, जनता का समर्थन और घटता जाता है, जिससे ट्रम्प के सामने आगे और बड़ी राजनीतिक मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया। उन्होंने फारस की खाड़ी में सैन्य जमावड़े को ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाने और बातचीत के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति के रूप में पेश किया था।

लेकिन बहुत कम समय में यह कूटनीतिक दबाव सीधे सैन्य कार्रवाई में बदल गया। कहा जा रहा है कि ट्रम्प तेज, चौंकाने वाले और नाटकीय अंदाज में सैन्य कार्रवाई को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उन्होंने युद्ध से पहले व्यापक जनसमर्थन जुटाने की कोशिश नहीं की। यह भी माना जा रहा है कि ट्रम्प को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला। हालांकि वह कदम भी अमेरिकी जनता के बीच बहुत लोकप्रिय नहीं था। इसके बावजूद ट्रम्प प्रशासन ने ईरान के मामले में सार्वजनिक राय की अनदेखी की और अब उसी का राजनीतिक असर उन्हें झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी युद्ध के समर्थन का सवाल केवल इस पर निर्भर नहीं करता कि लड़ाई कैसे चल रही है, बल्कि इस पर भी निर्भर करता है कि जनता उस युद्ध का उद्देश्य क्या समझती है। राजनीतिक वैज्ञानिक ब्रूस जेंटलसन का तर्क है कि अमेरिकी जनता उन युद्धों का ज्यादा समर्थन करती है, जिनका उद्देश्य किसी आक्रामक शक्ति पर लगाम लगाना हो। इसके विपरीत, जब युद्ध का मकसद किसी दूसरे देश की राजनीतिक व्यवस्था बदलना या सत्ता परिवर्तन करना होता है, तो समर्थन काफी कमजोर पड़ जाता है।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के 'झूठ' फैलाने के लिए मीडिया पर साधा निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया है और कुछ मीडिया संस्थानों पर ईरान युद्ध को लेकर झूठी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेता. वनी दी है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि ईरान झूठी सूचनाएं फैलाने में माहिर है और वह एआई का उपयोग कर भ्रामक सामग्री तैयार कर रहा है, जिसे कुछ मीडिया संस्थान प्रसारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान सैन्य रूप से कमजोर है, लेकिन जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन के जरिए गलत सूचनाएं फैलाने में कुशल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थान गलत रिपोर्टिंग कर रहे हैं और अमे. रिकी प्रसारण माध्यमों का उपयोग देश के खिलाफ प्रचार के लिए कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ऐसी संस्थाओं के खिलाफ देशद्रोह जैसे आरोपों में कार्रवाई की जानी चाहिए। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान द्वारा जारी किए जा रहे कई वीडियो और तस्वीरें एआई से तैयार की गई हैं, जिनमें समुद्र में जहाजों पर हमले या आग लगने जैसे दृश्य दिखाए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन अमेरिकी ईंधन आपूर्ति विमानों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई थीं, वे सभी अब भी सेवा में हैं और उनमें से एक विमान जल्द ही फिर से उड़ान भरेगा। ट्रम्प ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थानों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत के क्षतिग्रस्त होने की झूठी खबरें प्रसारित कीं, जबकि उस पर कोई हमला नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि ईरान और कुछ मीडिया संस्थान मिलकर झूठी कहानियां गढ़ रहे हैं और इन्हें प्रसारित कर रहे हैं।

## ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर की उच्चतम न्यायालय की आलोचना

■ टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच सोमवार को विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाने के उनके फैसले को पलटने को लेकर उच्चतम न्यायालय की कड़ी आलोचना की। गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने टैरिफ लगाने के ट्रम्प के निर्णय को असंवैधानिक करार देते हुए उसे पलट दिया गया था और इससे प्रभावित होने वाले देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर दिए जाएंगे। ट्रम्प ने कहा है कि उन्हें किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है।

उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था। उन्होंने कहा कि न्यायालय को पता था कि वह अमेरिका के लिए इसे कितनी शिद्दत से चाहते थे। इसके बजाय न्यायालय ने संभावित रूप से उन देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर देने का फैसला किया, जो दशकों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने इन देशों को बहुत खुश कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि न्यायालय ने भी बताया है, मुझे किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है और मैंने ऐसा करना शुरू भी कर दिया है। ईरान के साथ चल रहे तीखे टकराव के बीच सोमवार को टैरिफ पर अमे. रिकी राष्ट्रपति का यह पोस्ट एक बड़ी कानूनी हार के बाद अपनी सत्ता और अधिकार को फिर से स्थापित करने का एक प्रयास प्रतीत होता है। हाल के सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने दावा किया था कि उन्हें वैकल्पिक रूपों में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि ये चाहते हैं कि अमेरिका उन सैकड़ों अरबों डॉलर को वापस करे, जो उन लोगों को दिए जाने हैं जिन्होंने अमेरिकी जनता का 'अपमान' किया है। इसे एक और वजह के तौर पर देखा जाना चाहिए कि अमेरिका इतनी बड़ी गिरावट का सामना क्यों कर रहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन, अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि हमने अमेरिका को फिर से महान बनाया है और बहुत जल्द, यह पहले से कहीं जयादा महान होगा! ट्रम्प ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका को बेवजह 'लूटा' है, जो अब एक हथियारबंद और अन्यायपूर्ण राजनीतिक संगठन से जडादा कुछ नहीं रह गया है। दुख की बात यह है कि वे और भी बुरे होते जाएंगे।

# गाजा में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनियों की मौत

■ मरने वालों में बच्चे और गर्भवती महिला भी शामिल, हमले से पहले नहीं जारी की कोई चेतावनी

**काहिरा।** गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में रविवार को कम से कम 12 फलस्तीनियों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे, एक गर्भवती महिला और आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं।

यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने दी। केंद्रीय गाजा के नुसेरत शरणार्थी शिविर में रविवार सुबह एक घर पर हुए हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के अनुसार मृतकों में लगभग 30 वर्ष की उम्र का दंपति और उनका 10 वर्षीय बेटा शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि महिला जुड़वां बच्चों की गर्भवती थी। चौथा मृतक 15 वर्षीय पड़ोसी था, जिसे नुसेरत के अल-अवदा अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय निवासी महमूद अल-मुहतासेब ने बताया कि वे सो रहे थे, तभी मिसाइल के हमले से तेज धमाका हुआ। उनके अनुसार हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। रविवार दोपहर एक अन्य हमले में केंद्रीय गाजा के जवैदा शहर के प्रवेश द्वार पर सलाह अल-दीन मार्ग पर चल रहे एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया। हमास के नियंत्रण वाले आंतरिक मंत्रालय के अनुसार इस हमले में आठ पुलिसकर्मी मारे गए, जिनमें केंद्रीय गाजा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कर्नल इयाद अब यूसुफ भी शामिल थे। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल ने भी इस हमले में आठ लोगों की मौत और 14 अन्य के घायल होने की पुष्टि की। इन दोनों हमलों पर इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। युद्धविराम के बावजूद गाजा में हिंसा की घटनाएं जारी हैं। अक्टूबर में लागू युद्धविराम के बाद भी लगभग रोजाना इजरायली गोल. ीबारी या हवाई हमले की घटनाएं सामने आती रही हैं।

# होर्मुज संकट से नाटो में दरार उजागर हुई

## डोनाल्ड ट्रम्प पर चौतरफा दबाव पड़ रहा, मदद नहीं मिलने पर सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

■ हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रम्प को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है




**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है।

एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रम्प को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रम्प ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है। एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रम्प ने कहा, श्यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा। ट्रम्प ने कहा कि हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमरिकी ठिकानों और इजरायल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इजरायल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की को. शिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है।

# ईरान में 15 दिन बाद भी सत्ता नहीं बदली

## एक्सपर्ट बोले: ट्रम्प अकेले जंग नहीं रोक सकते, तेहरान के पास अभी भी खेल पलटने की ताकत



■ अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा

**वाशिंगटन।** दो हफ्ते तक ईरान के खिलाफ युद्ध चलने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही जीत का ऐलान कर सकते हैं। हालांकि आखिरी परिणाम इस बात पर भी निर्भर करेगा कि ईरान आगे क्या करता है। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नौसेना का बड़ा हिस्सा नष्ट कर दिया गया है।

उसकी कई मिसाइलें खत्म हो चुकी हैं और उसके कई टॉप लीडर्स मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद ट्रम्प के वे बड़े राजनीतिक मकसद अब तक पूरे नहीं हुए हैं जिनकी उन्होंने कई बार बात की थी। ईरान में अभी भी पुराना शासन ही कायम है। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में तेल के समुद्री रास्ते को बाधित करके वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मचा दी है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरान में अभी भी खेल पलटने की ताकत है। यह स्थिति ट्रम्प के लिए मुश्किल पैदा करती है, क्योंकि उनकी अपनी ही पार्टी के लोग अब उनसे युद्ध खत्म करके अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं। इसी साल नवंबर में अमेरिका में मिडटर्म चुनाव होने वाले हैं। युद्ध का असर अमेरिका के अंदर भी दिखने लगा है। अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद पेट्रोल की कीमतों में लगभग 25 फीसदी तक बढ़ोतरी हो चुकी है। किसानों के लिए खाद महंगी हो गई है और अमेरिकी सैनिकों की मौत का आंकड़ा भी बढ़कर 13 पहुंच गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ डेलावेयर के डोवर एयर फोर्स बेस पर एक सैनिक के पार्थिव शरीर को सलामी देते हुए। सैनिक सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरान के हमले में मारा गया था। ईरान ने यह भी दिखाया है कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करने की क्षमता रखता है। इस वजह से यह साफ नहीं है कि अमेरिका अगर अकेले युद्ध रोक भी दे, तो क्या तेल की कीमतों में तुरंत कमी आएगी। ईरानी हमलों ने फारस की खाड़ी के उन देशों के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है जो लंबे समय से अमे. रिका के सहयोगी रहे हैं और जहां अमे. रिकी सैन्य ठिकाने भी मौजूद हैं। इसके बावजूद ट्रम्प लगातार यह दावा कर रहे हैं कि युद्ध पर उनका पूरा कंट्रोल है। उन्होंने शुक्रवार को फाक्स न्यूज रेडियो से कहा कि युद्ध तब खत्म होगा जब उन्हें लगेगा कि अब इसे खत्म करने का समय आ गया है। एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि युद्ध में जीत हासिल करना और किसी देश के खतरे को लंबे समय तक खत्म करना दो अलग-अलग बातें हैं।

# जंग के बीच यूएई में 19 भारतीय गिरफ्तार



■ फेक न्यूज फैलाने का आरोप, मौत की अफवाह के बीच काफी पीते दिखे नेतन्याहू

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल-ईरान जंग के बीच यूएई ने 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। इनमें 19 भारतीय शामिल हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक इन पर सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप है।

यूएई के अटार्नी जनरल डा. हमद सैफ अल शम्स ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म की निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई, ताकि झूठी खबरों से फैलने वाली अफवाह और अशांति को रोका जा सके। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी मौत की अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे यरुशलम के एक रेस्टोरेंट में काफी पीते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे मजाक में कहते हैं कि क्या आप मेरी उंगलियां गिनना चाहते हैं? दरअसल 13 मार्च के एक वीडियो में कुछ लोगों ने उनके हाथ में 6 उंगलियां दिखने की बात कही थी। इसके बाद कई यूजर्स ने उस वीडियो को एआई और डीपफेक बताकर उनकी मौत की अफवाह फैलानी शुरू कर दी थी।

